रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹77,620 10 ग्राम

₹90,980 01 किलो

सेंसेक्स 79,117.11 +1,961.32

डॉलर 84.462 -0.031

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 08, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 23 नवंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 288, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com




पेज-10 जसप्रीत बुमराह ने झटके 4 विकेट...

विधानसभा चुनाव 2024



08:00 **बजे सुबह** से पोस्टल बैलेटों की गिनती होगी

08:30 **बजे सुबह** से ईवीएम के वोटों की गिनती होगी

13 **राउंड** में होगी तोरपा में गिनती

**सबसे पहले** तोरपा विस सीट का चुनाव परिणाम आएगा

27 **राउंड** में चतरा में होगी गिनती

**सबसे अंत** में आएगा चतरा विधानसभा सीट का रिजल्ट

## चुनाव परिणाम को लेकर आईएनडीआईए और एनडीए दोनों खेमों में है भारी उत्साह

# झारखंड में किसकी सरकार, फैसला आज

## रुझान दिन में 9:30 बजे से आने लगेंगे

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में सभी 81 सीटों पर शनिवार की सुबह 08:00 बजे से मतगणना शुरू होगी। राज्य के 24 जिला मुख्यालयों में मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। शाम 05:00 बजे तक अंतिम चुनाव परिणाम आ जा सकता है। चुनाव परिणाम को लेकर आईएनडीआईए और एनडीए दोनों में भारी उत्साह है। दोनों दावा कर रहे हैं कि उनके गठबंधन की ही सरकार बनेगी। वैसे, विगत 20 नवंबर को आए एग्जिट पोल में चुनावी सर्वे करने वाले नौ संस्थानों में तीन ने आईएनडीआईए, तो छह ने एनडीए को बहुमत दिखाया है। वैसे, जीत किसी की भी गठबंधन की हो, लेकिन शुक्रवार की रात प्रत्याशियों के लिए कयामत की रात की तरह ही है।

इधर, राज्य के मुख्य चुनाव पदाधिकारी के अनुसार, चुनाव परिणाम का रुझान दिन में 9:30 बजे से आने लगेंगे। सबसे पहले तोरपा और सबसे आखिर में चतरा विधानसभा क्षेत्र का रिजल्ट आएगा। ज्ञात हो कि राज्य में दो चरणों में विगत 13 और 20 नवंबर को मतदान हुआ था। एनडीए और आईएनडीआईए के बीच 15 से 18 सीटों पर नजदीकी मुकाबला बताया जा रहा है। इन सीटों के परिणाम किसके पक्ष में आता है, इस पर निर्भर करेगा कि झारखंड की सत्ता किसे मिलेगी। एग्जिट पोल से मामला और उलझ गया है। चुनाव परिणाम आने के बाद ही तस्वीर साफ होगी। कुछ जानकारों का कहना है कि जयराम महतो की पार्टी के प्रदर्शन पर भी नजर रखना होगा।

जहां सत्ता में वापसी को लेकर आईएनडीआईए में उत्साह है, तो एनडीए को परिवर्तन को लेकर भारी उम्मीद है। और, इस कारण दोनों खेमों में भारी उत्साह है। दोनों को सत्ता में आने की उम्मीद है। इसके दो-तीन मुख्य कारण हैं। आईएनडीआईए खेमे को भरोसा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनाव के दो-तीन महीने पहले जनता को लुभाने के लिए जो योजनाएं शुरू की थीं, उसका लाभ चुनाव में मिला है। इनमें मंईयां सम्मान योजना, किसानों की कर्ज माफी, बिजली बिल माफ, दो सौ यूनिट मुफ्त बिजली आदि शामिल हैं। इन योजनाओं के कारण जनता ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व में भरोसा जताते हुए दोबारा समर्थन दिया है। सत्ता में वापसी को लेकर झामुमो सबसे अधिक उत्साहित है।

वहीं, एनडीए को भी सत्ता आने का पूरा भरोसा है। भाजपा को हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ एंटी इंक्यूबेंसी, पांच सालों की वादा खिलाफी, बांग्लादेशी घुसपैठ, रोजगार के सवाल पर युवाओं का आक्रोश, बालू की समस्या, भ्रष्टाचार और चुनाव घोषणा पत्र में जनता से किए गए कई वादों पर भरोसा है। भाजपा ने गोगो दीदी योजना, बेरोजगारी भत्ता, तीन लाख सरकारी पदों पर बहाली, 31 सौ रुपये क्विंटल धान की खरीद, एक रुपये में महिलाओं के नाम संपत्ति की रजिस्ट्री जैसी कई घोषणाएं की हैं। इन घोषणाओं पर जनता का समर्थन मिलने की भाजपा को पूरी उम्मीद है। जो भी हो, परिणाम आने के बाद ही पता चलेगा कि जनता ने किसके पक्ष में फैसला दिया है। इस चुनाव में झामुमो को कल्पना सोरेन के रूप में एक नया नेता मिल गया है। सबसे अधिक सुर्खियां कल्पना सोरेन ने बटोरी हैं। वहीं, यदि भाजपा सत्ता में आती है, तो इसका सारा श्रेय झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान व सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा की रणनीति व मेहनत को जाएगा। इन दोनों ने नेताओं ने झारखंड में भाजपा में जान डालने का काम किया और पार्टी को फ्रंटफुट पर ला दिया।



पंडरा मतगणना केंद्र

**हेमंत सोरेन** और **बाबूलाल मरांडी** पर रहेगी नजर





## चुनाव कार्य में लापरवाही पर कोडरमा में एसआई निलंबित

**कोडरमा।** कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के मतगणना केंद्र पॉलीटेक्निक कॉलेज में शुक्रवार को गेट पर ड्यूटी कर रहे सब इंस्पेक्टर (एसआई) शैलेंद्र सिंह को कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने निलंबित कर दिया। दरअसल, सभी अधिकारियों के साथ मीटिंग के बाद कोडरमा डीसी, एसपी एवं अन्य अधिकारियों की गाड़ी मतगणना केंद्र के पास जा रही थी, तो मुख्य द्वार के पास तैनात सब इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह ने किसी गाड़ी को नहीं रोका। सबसे आगे डीसी कोडरमा की गाड़ी थी और ठीक उसके पीछे एसपी की गाड़ी थी। जब देखा कि किसी तरह की कोई पूछताछ शैलेंद्र सिंह ने नहीं की, तो तुरंत एसपी अपने गाड़ी से उतरे और कहा कि इलेक्शन कमीशन का आदेश है कि गाड़ियों से पूछताछ करनी है, आपने क्यों नहीं किया।

## 05:00 बजे शाम तक आ जाएंगे सभी सीटों के चुनाव परिणाम : रवि कुमार

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के. रवि कुमार ने शुक्रवार को कहा कि विधानसभा चुनाव की मतगणना के लिए सभी 24 केंद्रों पर तैयारी पूरी कर ली गई है। मतगणना केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मतगणना शनिवार (23 नवंबर) की सुबह 08:00 बजे शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती शुरू होगी। सुबह 08:00 बजे तक आने वाले सभी पोस्टल बैलेटों को मतगणना में शामिल किया जाएगा। सुबह 08:30 बजे से ईवीएम के वोटों की भी गिनती शुरू कर दी जाएगी। दिन में 09:30 बजे से रुझान आने शुरू हो जाएंगे। अंतिम चुनाव परिणाम शाम 05:00 बजे के पहले तक आने की संभावना है। वैसे तैयारी शाम 04:00 बजे तक मतगणना की प्रक्रिया पूरी कर लेने की है। उन्होंने यह जानकारी शुक्रवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता में दी। के. रवि कुमार ने कहा कि मतगणना केंद्र के भीतर डीईओ (जिला निर्वाचन पदाधिकारी) और आरओ (निर्वाचन अधिकारी) के अलावा किसी को भी मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं है। मतगणना हॉल में किसी भी पुलिसकर्मी का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। पत्रकार मीडिया सेंटर तक मोबाइल ले जा सकेंगे। मतगणना हॉल के भीतर की तस्वीर सिर्फ एक बार कैमरे से अधिकारियों की देखरेख में लेने की अनुमति रहेगी।



**मतगणना** केंद्र के भीतर किसी भी पुलिसकर्मी के प्रवेश पर है प्रतिबंध

**केंद्र** के भीतर सिर्फ डीईओ और आरओ ले जा सकेंगे मोबाइल

उन्होंने कहा कि जिस विधानसभा क्षेत्र की मतगणना का राउंड जितना कम होगा, उसका परिणाम उतनी ही जल्दी आएगा। उन्होंने बताया कि शेष पेज 11 पर

### इस विस क्षेत्र में इतने राउंड में गिनती

| विस क्षेत्र | राउंड | विस क्षेत्र | राउंड |
|---|---|---|---|
| रांची | 19 | गिरिडीह | 21 |
| हटिया | 23 | डुमरी | 21 |
| कांके | 22 | गोमिया | 18 |
| तमाड़ | 19 | बेरमो | 18 |
| सिल्ली | 18 | बोकारो | 24 |
| खिजरी | 21 | चंदनकियारी | 15 |
| मांडर | 20 | सिंदरी | 20 |
| खूंटी | 15 | निरसा | 20 |
| तोरपा | 13 | धनबाद | 20 |
| राजमहल | 20 | झरिया | 17 |
| बोरियो | 20 | टुंडी | 19 |
| बरहेट | 20 | बाघमारा | 17 |
| लिट्टीपाड़ा | 14 | बहरागोड़ा | 19 |
| पाकुड़ | 20 | घाटशिला | 20 |
| महेशपुर | 16 | पोटका | 21 |
| शिकारीपाड़ा | 19 | जुगसलाई | 20 |
| दुमका | 21 | जमशेदपुर पूर्वी | 21 |
| जामा | 20 | जमशेदपुर पश्चिम | 22 |
| जरमुंडी | 22 | ईचागढ़ | 17 |
| नाला | 24 | सरायकेला | 15 |
| जामताड़ा | 19 | खरसांवा | 15 |
| मधुपुर | 23 | चाईबासा | 21 |
| सारठ | 18 | मझगांव | 20 |
| देवघर | 22 | जगन्नाथपुर | 17 |
| पोड़ैयाहाट | 24 | मनोहरपुर | 19 |
| गोड्डा | 25 | चक्रधरपुर | 17 |
| महागामा | 23 | सिसई | 19 |
| कोडरमा | 22 | गुमला | 18 |
| बरकट्ठा | 23 | विशुनपुर | 20 |
| बरही | 20 | सिमडेगा | 22 |
| मांडू | 22 | कोलेबिरा | 20 |
| हजारीबाग | 21 | लोहरदगा | 18 |
| बड़कागांव | 23 | मनिका | 21 |
| रामगढ़ | 21 | लातेहार | 23 |
| सिमरिया | 24 | पांकी | 19 |
| चतरा | 27 | डालटनगंज | 20 |
| धनबाद | 24 | बिश्रामपुर | 19 |
| बगोदर | 23 | छतरपुर | 19 |
| जमुआ | 23 | हुसैनाबाद | 19 |
| गांडेय | 21 | गढ़वा | 23 |
| | | भवनाथपुर | 23 |

## घाघरा में अपराधियों ने 3 गाड़ियों में लगाई आग

**घाघरा (गुमला)।** घाघरा थाना क्षेत्र में अपराधियों ने गुरुवार की मध्य को रात्रि को चपका और रनहे गांव में दो अलग-अलग घटनाओं को अंजाम देते हुए तीन गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। पहली घटना में चपका गांव में गुमला-एनएच के पास महेश साहू के घर के बाहर खड़ी ऑल्टो कार को अपराधियों ने पुआल से आग लगा दिया। रात करीब 12:30 बजे टायर ब्लास्ट की आवाज सुनकर महेश जागे और आग बुझाने की कोशिश की। दूसरी घटना रनहे गांव में हुई, जहां चंदन गुप्ता की बोलेरो और जगेश गोप के ट्रैक्टर को अपराधियों ने जला दिया। ये गाड़ियां जगेश के घर के बाहर खड़ी थीं।

# लातेहार में लाखों रुपये का डोडा बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार-डालटनगंज मुख्य मार्ग पर स्थित सदर थाना क्षेत्र के दुड़ंगी गांव के पास एक ट्रक से पुलिस ने 857 किलोग्राम अफीम का डोडा बरामद किया। घटना शुक्रवार की दोपहर की है। बरामद डोडा की कीमत लाखों में बताई जा रही है। इस संबंध में डीएसपी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि दुड़ंगी पेट्रोल पंप के पास एक ट्रक संदिग्ध अवस्था में खड़ा है। सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर ट्रक की छानबीन आरंभ की। हालांकि, पुलिस के आने के पहले ही ट्रक का चालक और खलासी वहां से फरार हो गया था। जब ट्रक की जांच की गई, तो उसमें कई बोरियां पाई गर्इं। इसमें ऊपर से बैगन भरे हुए थे। लेकिन, जब बैगन को हटाकर देखा गया, तो बोरियों में अफीम का डोडा भरा हुआ था। बरामद डोडा 857 किलोग्राम पाया गया। डीएसपी ने बताया कि पुलिस ने डोडा और ट्रक को जब्त कर लिया है। उन्होंने बताया कि ट्रक उत्तर प्रदेश का बताया जा रहा है। पुलिस फरार हुए चालक और खलासी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।




नशे के कारोबार पर पुलिस का प्रहार

## डालटनगंज में डेढ़ किलो अफीम बरामद, महिला सहित 3 गिरफ्तार

**डालटनगंज (पलामू)।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट गढ़वा ने डालटनगंज रेलवे स्टेशन से शुक्रवार की सुबह अफीम बरामद किया है। साथ ही, तीन आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया है, जिसमें एक महिला भी शामिल है। बरामद अफीम का वजन डेढ़ किलो है, जिसका मूल्य साढे सात लाख रुपये बताया जाता है। बताया गया कि बरामद अफीम को पंजाब के चंडीगढ़ ले जाना था। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के गोइंदी गांव निवासी ज्ञानती देवी (55), नागेंद्र पासवान (26) और वीरेंद्र साहू (40) के रूप में की गई है। बताया गया कि डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर एक महिला और दो पुरुषों को संदिग्ध हालत में शेष पेज 11 पर

## संविधान प्रस्तावना मामले में सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर 25 को होगा फैसला

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने संविधान की प्रस्तावना से 'समाजवाद' और 'पंथनिरपेक्ष' शब्दों को हटाने की मांग वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर 25 नवंबर को फैसला सुनाने का आदेश दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने 21 अक्टूबर को कहा था कि 'पंथनिरपेक्षता' और 'समाजवाद' संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा रहे हैं। कोर्ट पहले भी अपने कई फैसलों में इसे साफ कर चुका है। इन शब्दों की अलग-अलग व्याख्या हो सकती है। बेहतर होगा कि हम इन शब्दों को पश्चिम देशों के संदर्भ में ना देखकर भारतीय संदर्भ में देखें। यह याचिका भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी, अश्विनी उपाध्याय और बलराम सिंह की ओर से दायर की गई है। नौ फरवरी को सुनवाई के दौरान जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कहा था कि ऐसा नहीं है कि प्रस्तावना में संशोधन नहीं किया जा सकता है, लेकिन सवाल ये है कि क्या तारीख को बरकरार रखते हुए प्रस्तावना में संशोधन किया जा सकता है। जस्टिस दत्ता ने वकीलों से अकादमिक दृष्टिकोण से इस पर विचार करने को कहा।

▸ याचिका में 'समाजवाद' व 'पंथनिरपेक्ष' शब्द हटाने की मांग की गई है

याचिका में 42वें संविधान संशोधन के जरिये पंथनिरपेक्ष और समाजवाद शब्दों को जोड़ने की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि 42वें संविधान संशोधन के जरिये इन शब्दों को जोड़ना गैरकानूनी है। संविधान बनाने वालों ने कभी भी संविधान में समाजवादी या पंथनिरपेक्ष विचार को लाना नहीं चाहा। यहां तक कि डॉ बीआर अंबेडकर ने भी इन शब्दों को जोड़ने से इनकार कर दिया था।

इंडिया

# क्या राजनीति सेवा नहीं, लड़ाई है वर्चस्व और कमाई की?



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

उत्सवप्रेमी झारखंड में एक और उत्सव जुड़ गया है चुनाव आयोग के शब्दों में चुनाव महापर्व जिसका आज सबसे खास और अंतिम दिन है जिसके लिए बहुत लोगों ने पूरे पांच साल तक इंतजार किया और कल के असफल उम्मीदवारों को जनता की 'सेवा' करने के लिए पूर्ण बहुमत की सरकार बनी तो अगले पांच या खंडित जनादेश की सरकार बनी तो पता नहीं कितने दिनों तक वनवास की स्थिति में रहना होगा ? राजनीति यानी राज चलाने की नीति के आज मायने बदल गए हैं । कभी यह जनसेवा थी और लोग मिशन की तरह समर्पित भाव से बिना पदलोभ, लालच या आर्थिक लाभ के काम करते थे पर आजादी के बाद आजादी दिलाने के नाम पर जिस तरह वसूली हुई उससे सारे मापदंड धराशायी हो गए और आज पूरी बेशर्मी से कुछ लोग नेतागिरी कर रहे हैं जिस कारण अनेक योग्य और संभ्रांत लोग राजनीति में आने से हिचकते हैं जबकि दूसरी ओर अनाप-शनाप पैसा कमाने के बाद बहुत लोग किसी भी कीमत पर राजनीतिक पद खरीदने तक को तैयार रहते हैं जिससे आम जनता की वोट देने में रुचि घट रही है । झारखंड में बीते दिनों जिस तरह बड़े नेताओं और अधिकारियों की गिरफ्तारी हुई,नगद पैसे बरामद हुए और पद के दुरुपयोग के आरोप लगे या कुछ पर कोर्ट ने कार्रवाई की जिससे वे चुनाव लड़ने तक से प्रतिबंधित कर दिए गए इनमें राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप लग सकते हैं पर ये कोई नहीं कह सकता कि झारखंड में भ्रष्टाचार नहीं है या किसी आम आदमी का हर काम बिना पैसा खर्च किए हो रहा है ।गांवों से लेकर विकास के केंद्र प्रखंडों में हर योजना में बिचौलियों कि सक्रियता की खबरें जब आती हैं तो लोग इन्हीं चुने हुए जनप्रतिनिधियों या दबंग किस्म के लोगों के पास जाते हैं जिससे उनका काम आसान हो जाता है । ये बिचौलिए किसी न किसी पार्टी के कार्यकर्ता या समर्थक बताए जाते हैं जिसका मतलब साफ है कि इन्हें राजनीतिक संरक्षक मिला होता है । आज जब चुनाव परिणाम आएंगे तब विजयी उम्मीदवारों के बाद सबसे ज्यादा खुशी इन्हीं बिचौलियों की होगी जो खुशी से नाचते और कहीं कहीं फायरिंग तक करते देखे जा सकते हैं ।ऐसा भी नहीं है कि सारे कार्यकर्ता या नेता ऐसे ही हैं पर उनकी बढ़ती संख्या से इनकार भी नहीं किया जा सकता जिनकी बढ़ती भीड़ और अपने नेता के लिए कुछ भी कर गुजरने की मंशा भी इसीलिए होती है ताकि उनके कृपापात्र बनें और फिर सरकारी अफसरों का भयादोहन कर सकें । इस प्रकार की राजनीति आम नहीं हुई है पर बढ़ते भ्रष्टाचार का बड़ा कारण यही है ।इसीलिए लोग राजनीति में पावर, पैसा, वर्चस्व कमाने आते हैं । आज चाहे पंच, सरपंच से लेकर वार्ड सदस्य, एमएलए या एमपी का चुनाव हो, लोग चुनाव जीतने के लिए अंधाधुंध पैसा खर्च कर येन केन प्रकारेण साम, दाम, दण्ड, भेद की नीति से चुनाव लड़ते हैं। यह भी देखा गया है कि राजनीति में एक बार चुनाव जीत जाए तो आने वाली कई पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित हो जाता है। वैसे तो राजनीति का मूल उद्देश्य और भावना जनता की सेवा करना है और यही राजनीतिक धर्म भी है। राजनेता इसी बात को प्रचारित कर चुनाव जीतते है लेकिन चुनाव जीतने के बाद राजनेता वो उद्देश्य, भावना और धर्म को भूलकर पैसा, पावर और वर्चस्व कमाने में लग जाते हैं । जनता की भलाई की जगह स्वहित और अपने परिवारजनों की भलाई में लग जाते हैं। लगभग हर आने वाली सरकार पिछली सरकार के विकास कार्यों को बंद कर देती है और नाम व पैसा कमाने के लिए खुद की नई योजनाएं शुरू करती है। राजनीति में सत्ता की लड़ाई के लिए पार्टियां एक दूसरे पर कीचड़ उछालती है,



एक दूसरे को दोषारोपित करती है फिर भी चाहे पक्ष हो या विपक्ष । आज हमारे समाज में कमोबेश यही हो रहा है। चुनाव में जी जान लगाने वाले अनेक लोगों के लिए सिर्फ पैसा कमाना उद्देश्य नहीं होता कई बार बहुत अधिक पैसे को बचाने या सामाजिक पहचान के लिए चुनाव लड़े जाते हैं ताकि हारने पर भी वीआईपी का तमगा लगा रहे। बिना नेता बने किसी धनाढ्य आदमी को भी बॉडीगार्ड तो मिलेगा नहीं और न समाज में विशिष्ट आदमी समझा जाएगा इसीलिए बहुत से लोग कोषाध्यक्ष जैसे पद लेकर उनका कोष और अपना रुतबा मजबूत करते हैं । सबसे बड़ी बात उन्हें नेता हम आप बनाते हैं जो जाति,धर्म,क्षेत्र जैसे भावनात्मक मुद्दे उठाकर हमें मोहित कर देते हैं जबकि उनका एकमात्र उद्देश्य सत्ता प्राप्त करना होता है जिसके लिए वे ऐसे लोगों की तलाश में रहते हैं जो उनके लिए टूल यानी उपकरण की तरह काम करे । जब हम सही आदमी को चुनना शुरू कर देंगे तो राजनीति अपने आप स्वच्छ हो जाएगी और हमें मानकर चलना चाहिए कि राजनीति भी एक तरह का व्यवसाय है न कि सेवा जो बताया जाता है।

## छत्तीसगढ़ के सुकमा में मुठभेड़, 10 नक्सली ढेर

**एजेंसी**

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के भेज्जी थाना क्षेत्र अंतर्गत दंतेसपुरम, कोराजुगुड़ा, नागाराम के जंगल में डीआरजी और सीआरपीएफ के साथ शुक्रवार की सुबह कोंटा और किस्टाराम एरिया कमेटी के नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई, जिसमें जवानों ने 10 नक्सलियों को ढेर कर दिया। मौके से अब तक 10 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। साथ ही, तीन ऑटोमैटिक हथियार एके 47, इंसास, एसएलआर एवं अन्य हथियार, गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ स्थल से बरामद स्वचालित हथियारों को देखकर यह संभावना जताई जा रही है कि इस मुठभेड़ में नक्सलियों के बड़े नेता भी मारे गए हैं। विदित हो कि 1 जनवरी से 22 नवंबर तक 207 नक्सली मारे गए हैं। बस्तर आईजी सुंददराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि 10 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मुठभेड़ में शामिल सभी जवान सुरक्षित हैं। सर्च अभियान जारी है।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नक्सली मुठभेड़ में सुरक्षा बलों को मिली इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बस्तर क्षेत्र में विकास, शांति और नागरिकों की सुरक्षा उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बस्तर में शांति, विकास और प्रगति का दौर लौट चुका है, हम आगे भी इस दिशा में ठोस कदम उठाते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा बलों को उनके अदम्य साहस और समर्पण के लिए बधाई दी और कहा कि छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का सफाया निश्चित है।

## मोराबादी की चौपाल में चुनावी चर्चा

# भगवान बिरसा मार्गदर्शन करें नेताओं का


संतोष अग्रवाल, मोराबादी,रांची


**रांची।** राजधानी रांची के ऐतिहासिक मोराबादी मैदान में मॉर्निंग वॉक से लेकर देर शाम तक युवाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक की और आम आदमी से वरिष्ठ नौकरशाहों तक की बैठकें जमतीं हैं पर आज की चर्चा खास थी कि शनिवार को नेताओं का क्या होगा कौन माननीय बनेंगे और कौन भूतपूर्व ? विभिन्न पार्टियों के नेताओं ने टिकट का जुगाड़ किया, कुछ सफल रहे पर दूसरी पार्टियों में ज्वाइन करने में भी जिनको सफलता नहीं मिली वे लग गए अपनी ही पार्टी के उम्मीदवार को हराने में, यह स्वाभाविक भी है सत्तालोभ में! चलो इसके बाद भी चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। सभी पार्टी और उनके नेताओं की अकर्तव्यता के बाद भी जनता ने फिर एक बार अपना कर्तव्य निभाया,जलपान के पहले मतदान किया ,कुछ ने दोपहर के भोजन के पहले कर दिया और कुछ ने शाम की चाय के पहले कर दिया और आंकड़ा पहुंचा दिया करीब 70% तक । अब देखना है कौन सा पक्ष सत्ता प्राप्त करता है या नजदीक पहुंच जाता है, अगर दोनों पक्षों को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला तो फिर एक बार तोड़ातोड़ी,खींचतान का दौर शुरू हो जाएगा, दोनों ही पक्षों के द्वारा रिजॉर्ट्स की बुकिंग तो कर ही ली गई होगी! टूट कर सत्ता पक्ष जाने वाला नेता बताएंगे कि मजबूरी में उसने उस पार्टी से चुनाव लड़ा था लेकिन उसकी जड़ तो इसी पार्टी में है! यह सब हो सकता है लेकिन जो पक्ष मजबूत होगा, वह सरकार बना लेगा और जनता पर हुकूमत करेगा! मोराबादी के चौपाल के सदस्यों ने हुकूमत करने वाले पक्ष से एक ही अनुरोध किया है कि 24 साल तक आप लोगों ने लाखों करोड़ रुपए झारखंड पर खर्च किए लेकिन वह खर्च कहां हुआ पता नहीं चला , कारण न शिक्षा, न स्वास्थ्य ,न पर्यटन ,न उद्योग व्यापार कृषि की स्थिति सुधरी , न ही स्थिति सुधरी फुटपाथ वाले स्वरोजगारियों की । हां उनको हर सरकार ने लगातार उजाड़ा, ऑटो वालों को परेशान करते रहे, यहां तक कि श्रमिको के लिए भी कोई कार्य नहीं हुआ। लाखों आदिवासी भाई बहन रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में चले गए, अपनी जमीन और गांव को छोड़कर। राज्य में उद्योग और व्यापार नहीं बढ़ा और रोजगार और शिक्षा के लिए लाखों युवा मजबूरी में अपने अपने परिजनों से अलग होकर दूसरे राज्यों में चले गए। अब होली दिवाली छठ पर और मां-बाप की बीमारी पर आते हैं अपनी धरती पर। सुकून तो उनको यहां बहुत मिलता है लेकिन मजबूरी उनको फिर दूसरे राज्य में ही भेज देती है । उचित इलाज के लिए भी दूसरे राज्यों में जाना पड़ता है ।प्राकृतिक संपदा और सुंदरता से भरपूर,जहां पहाड़ हैं ,नदियां हैं झरने हैं फिर भी पर्यटन के लिए दूसरे राज्यों से पर्यटक नहीं आते हैं जब झारखंड राज्य के लोग पर्यटन के लिए भी दूसरे राज्यों में लाखों की संख्या में जाते हैं और वहां जाकर दिमाग में आता है कि अरे यह सब खूबसूरती तो हमारे राज्य में भी है,लेकिन इनको विकसित नहीं किया गया, कानून व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया और उस कारण नहीं आते हैं दूसरे राज्यों के पर्यटक यहां। एक कहावत है जो बीत गई सो बात गई । मोराबादी के चौपाल के सदस्यों ने आने वाली सरकार और विपक्ष से अनुरोध किया है कि अब 5 साल सिर्फ झारखंड के विकास के हों आम आदमी के उत्थान के हों, शिक्षा चिकित्सा के क्षेत्र के विकास के हों ,व्यापार उद्योग को बढ़ाने के हों ,पर्यटन स्थलों के विकास के हों, स्वरोजगारियों को ससम्मान रोजी-रोटी कमाने के हों, निर्माण कार्य के हों, सरकारी कार्यों में ईमानदारी के हों, जहां जनता छोटे-छोटे कामों के चक्कर में परेशान होने से बच सके । इन सब कामों के लिए आने वाली सरकार एक लंबी योजना बनाए और सिर्फ योजना ही नहीं बल्कि इसे कार्य रूप में प्रदर्शित करे । राज्य के विकास की चर्चा करते हुए भगवान बिरसा मुंडा को नमन किया गया क्योंकि झारखंड में रहने वाले हम सभी आपकी वीरता गाने वाले हैं, इसलिए झारखंड के नेताओं को उचित बुद्धि प्रदान करें जिससे वे हम झारखंडवासियों के बीच कोई दरार पैदा ना करें और राज्य के विकास में जुट जाएं!


झामुमो की स्टार प्रचारक व गांडेय विधानसभा प्रत्याशी कल्पना सोरेन फुर्सत के क्षण में अपने क्षेत्र में लोगों से मिलती हुई।

## नई सरकार के बारे में मिश्रित प्रतिक्रिया है वकीलों की


लक्ष्मी नारायण महतो


नरेश अग्रवाल


सिंपी कुमारी


एम अंसारी और मोहम्मद गुफरार


शिक्षक विनोद इंद्रगुरु

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** विधानसभा चुनाव 2024 का परिणाम आज आने वाला है। ईवीएम में बंद प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होना है। प्रत्याशी हो, किसी पार्टी के नेता हो या आम जनता सभी के दिल की धड़कनें बढ़ी हुई है। अब, जनता किसे स्वीकारती है किसे नकारती है। यह देखना सभी के लिए दिलचस्प होगा। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने कुछ वकीलों से बात की। लक्ष्मी नारायण महतो ने कहा कि जयराम महतो की पार्टी से पांच-छह विधायक जीत के आएंगे और एक नया समीकरण बनेगा। नरेश अग्रवाल ने कहा कि न इंडिया ने कुछ किया न एनडीए ने कुछ काम किया है। दोनों हवाबाजी करती है। एम अंसारी और मोहम्द गुफरान ने कहा कि 50-50 प्रतिशत दोनों की संभावना है। जबरदस्त कांटे की टक्कर होगी। सिंपी कुमारी ने कहा कि देश दुनिया में भारत का नाम रोशन करने वाले मोदी जी ही जीतेंगे। प्राइवेट अध्यापक विनोद कुमार इंद्रगुरू ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना चुनावी लाभ पाने का प्रयास था।

## दुमका और नाला में विशेष पर्यवेक्षक बहाल कर हो मतों की गिनती : भाजपा

**रांची।** भाजपा ने दुमका और नाला में विशेष पर्यवेक्षक बहाल कर मतगणना की मांग चुनाव आयोग से की है। चुनाव आयोग पहुंचे भाजपा विधि प्रकोष्ठ के संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि दुमका विधानसभा से झामुमो के प्रत्याशी बसंत सोरेन हैं, जो वर्तमान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भाई हैं। इस कारण प्रशासन के एक-एक लोग उनके इशारे पर कार्य कर रहे हैं। इस कारण इसकी संभावना बहुत ज्यादा है कि मतगणना के समय आरओ को दबाव देकर कुछ ना कुछ गड़बड़ी कराया जाए। इसके अलावा नाला विधानसभा से झामुमो के उम्मीदवार रवींद्र नाथ महतो हैं, जो वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष हैं, उनके क्षेत्र में भी एक-एक प्रशासन के अधिकारी, पदाधिकारी, कर्मचारी सब उनके इशारों पर चलते हैं तो इसकी भी पूरी संभावना है कि नाला विधानसभा में मतगणना के समय कुछ गड़बड़ी हो सकती है।


# सिल्ली का सबसे पहले और हटिया का सबसे बाद में आएगा परिणाम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पंडरा कृषि बाजार समिति परिसर में रांची जिले की मतगणना की तैयारी पूरी हो चुकी है। मतों की गिनती सात हॉल में 138 टेबल पर होगी। अधिकतम 23 और न्यूनतम 18 राउंड की गिनती की जाएगी। सभी विधानसभा सीटों के वोटों की अलग-अलग गिनती सुबह 8 बजे से शुरू हो जाएगी। सुबह नौ बजे से रुझान मिलने लगेंगे। सबसे कम राउंड वाले विधानसभा सीट का परिणाम पहले आएगा। इस तरह सिल्ली का परिणाम सबसे पहले आएगा। सिल्ली में 279 मतदान केंद्रों के वोटों की गिनती 16 टेबलों पर 18 राउंड में पूरी कर ली जाएगी। यहां आखिरी राउंड में सिर्फ सात टेबलों पर गिनती होगी। हटिया विधानसभा का परिणाम आने में सबसे अधिक समय लगेगा। यहां 496 मतदान केंद्रों पर पड़े वोटों की गिनती के लिए 22 टेबल लगाए गए हैं, जहां 23 राउंड में गिनती पूरी होगी।

तमाड़ विस क्षेत्र के 303 मतदान केंद्रों के मतों की गिनती के लिए 16 टेबल लगे हैं। इसकी 19 राउंड में गिनती पूरी होगी। इसी तरह खिजरी के 413 केंद्रों के लिए 20 टेबल लगेंगे और 21 राउंड में गिनती पूरी होगी।

रांची विधानसभा के 374 मतदान केंद्रों के लिए 20 टेबलों पर 19 राउंड में गिनती पूरी की जाएगी। कांके के 482 केंद्रों के लिए 22 टेबलों पर 22 राउंड में गिनती पूरी होगी। मांडर विधानसभा के 430 मतदान केंद्रों के लिए 22 टेबल लगाये जाएंगे, जहां 20 राउंड में गिनती पूरी होगी।






मतगणना कक्ष के अंदर ले जाना मना है:-
1. मोबाइल
2. अस्त्र-शस्त्र
3. ज्वलनशील वस्तु
4. तंबाकू
5. पान गुटखा
6. चाकू
7. कटर
8. खाना पैकेट
9. पानी बोतल

### कड़ी सुरक्षा के बीच होगी मतगणना

- रांची जिला के सातों विधानसभा चुनाव की मतगणना आज होगी।
- पंडरा स्थित मतगणना केंद्र में सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं।

**मतगणना केंद्र के अंदर ले जाना है मना**

मोबाइल, अस्त्र-शस्त्र, ज्वलनशील वस्तु, तंबाकू, पान-गुटखा,चाकू, कटर, खाना पैकेट, पानी बोतल मतगणना केंद्र के अंदर ले जाना मना है।

### मतगणना स्थल में इन्हें मोबाइल ले जाने की है छूट

मतगणना केंद्र के भीतर सिर्फ डीइओ और आरओ मोबाइल ले जा सकते हैं।

### उत्पात मचाया तो क्यूआरटी निपटेगी

पंडरा स्थित स्ट्रांग रूम और मतगणना केंद्र के आसपास तीन लेयर की सुरक्षा की गई है। यहां सीसीटीवी कैमरों के अलावा पांच सौ से अधिक जवानों को तैनात किया गया है। एक दर्जन डीएसपी और थानेदारों को अलग से प्रतिनियुक्त किया गया है। वहीं, क्यूआरटी को भी सुरक्षा में लगाया गया है। कोई भी व्यक्ति मतगणना के दौरान किसी तरह की उत्पात मचाता है या फिर मतगणना को प्रभावित करता है तो उससे क्यूआरटी निपटेगी।

### इनर मोस्ट कॉरिडोर पर तैनात रहेगा केंद्रीय बल

स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का एसओपी चुनाव आयोग ने तय किया गया है। तय एसओपी के तहत स्ट्रांग रूम के सबसे इनर मोस्ट कॉरिडोर की सुरक्षा की जिम्मेवारी केंद्रीय बलों के हवाले की गई है। इनर मोस्ट में उसी व्यक्ति को प्रवेश मिलेगा जो वहां के लिए अधिकृत होगा। वही मीडिल कॉरिडोर में झारखंड पुलिस की ईको कंपनी के हवाले है। आउटर कॉरिडोर की सुरक्षा की जिम्मेवारी जिला पुलिस के हवाले की गई है।

### 500 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी

इसके अलावा 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरे स्ट्रांग रूम के बाहर और भीतर लगाए गए हैं। साथ ही साथ स्ट्रांग रूम के बाहरी हिस्से में लगातार पुलिस को पेट्रोलिंग करने की हिदायत दी गई है। मतगणना स्थल पर प्रवेश करने के लिए हरेक पदाधिकारियों को तीनों जगहों पर अपना हस्ताक्षर करना होगा।

### कंट्रोल रूम से की जाएगी मॉनिटरिंग

पंडरा में कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। यहां सीसीटीवी कैमरों से लाइव फीड को देखकर मॉनिटर किया जाएगा। मतगणना की शुरूआत से लेकर जीत का सर्टिफिकेट जारी होने तक कंट्रोल रूम कार्यरत रहेगा।

## संताल से लेकर कोल्हान तक लहर, मिलेगा पूर्ण बहुमत : भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय शाह ने भाजपा के पूर्ण बहुमत से जीत का दावा किया है। अजय शाह ने कहा कि इंडिया गठबंधन 60 से अधिक सीट पर जीत का दावा कर रहा। लेकिन यह दावा दिन में सपने देखने जैसा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछले पांच वर्षों से जमीन पर हेमंत सरकार के खिलाफ संघर्ष किया है और परिवर्तन यात्रा के दौरान पार्टी को जनता का मूड स्पष्ट रूप से समझ में आ गया है। उनका दावा है कि झारखंड की जनता परिवर्तन के मूड में है और राज्य में भाजपा की लहर चल रही है, जो संताल से लेकर कोल्हान तक दिखाई दे रही है। अजय साह ने आगे कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने 51 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त हासिल की थी। उनके मुताबिक, लोकसभा चुनाव महज एक ट्रेलर था और पूरी फिल्म 23 नवंबर को झारखंड में रिलीज होगी, जब राज्य में ऐतिहासिक परिवर्तन होगा और भाजपा दो तिहाई बहुमत से ज्यादा संख्या के साथ सरकार बनाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड के युवाओं में हेमंत सरकार के खिलाफ आक्रोश है, और यह आक्रोश नतीजों में कई चौंकाने वाले परिणाम ला सकता है। साह का मानना है कि जनता के इस आक्रोश की वजह से हेमंत सोरेन समेत इंडिया गठबंधन के कई बड़े नेता अपनी सीटें गंवा सकते हैं और इंडी गठबंधन का अस्तित्व भी खतरे में पड़ सकता है।

भाजपा प्रवक्ता ने झामुमो और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि गठबंधन ने चुनाव के पहले चरण में ही अपनी हार स्वीकार कर ली थी। यही कारण है कि पहले चरण के बाद उनके नेताओं के उटपटांग बयान आने शुरू हो गए। उन्होंने झामुमो प्रवक्ताओं पर भी तंज कसते हुए कहा कि एक प्रवक्ता दूसरे प्रवक्ता के बयान को व्यक्तिगत बता रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने कांग्रेस-झामुमो पर आरोप लगाया कि उनका घोषणा पत्र चुनाव के ठीक एक दिन पहले जारी हुआ, जो इस बात का संकेत है कि उन्हें पहले से ही हार का अहसास था। भाजपा ने झामुमो और कांग्रेस को आत्ममंथन करने की सलाह दी कि जनता ने उनके पिछले पांच साल के कुशासन के खिलाफ परिवर्तन का फैसला क्यों लिया। साह ने कहा कि गठबंधन को चुनाव परिणामों का इंतजार किए बिना अपनी विफलताओं का विश्लेषण करना चाहिए।

## 81 सीटों के विस्तारकों के साथ भाजपा ने की बैठक

**रांची।** भाजपा ने मतगणना के पहले सभी विधानसभा के विस्तारक, प्रभारी व प्रवासी प्रभारियों के साथ बैठक की। सभी सीटों पर संभावित परिणाम की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह समेत अन्य नेता मौजूद थे। बैठक के दौरान विस्तारकों से विधानसभावार व बूथवार जानकारी ली गई। सहयोगी दलों को दी गई सीटों पर भी भाजपा ने अपने कार्यकताओं की भूमिका पर चर्चा की।

## झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस सादगी से मना



रांची। झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस शुक्रवार को मनाया गया। चुनाव आचार संहिता को लेकर इस वर्ष सादगी के साथ झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस मनाया गया। विधानसभा स्थित कॉन्फ्रेन्स हॉल में सभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर झारखंड विधानसभा के स्थापना काल को स्मरण किया गया। इस अवसर पर प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर ने झारखंड विधानसभा के पदाधिकारियों ,कर्मियों को शुभकामनाएं भी दी।

## इंडिया गठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी : राकेश

**रांची।** कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत तय है। 50 से ज्यादा सीटें लाकर इंडिया गठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। हमारी सात गारंटी पर जनता का भरोसा और विश्वास जगा है। इस पर ही जनता ने वोट किया है। मंईयां सम्मान योजना, 200 यूनिट फ्री बिजली और किसानों की 2 लाख ऋण माफी पर जनता ने वोट किया है। भाजपा के बंटोगे तो कटोगे नारा को झारखंड से खदेड़ दिया गया है। महागठबंधन जो वादा करता है, उन वादों को पूरा करता है।

### कांग्रेस ने नियुक्त किए तीन पर्यवेक्षक

**रांची ।** अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के अध्यक्ष ने शुक्रवार को झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद के परिदृश्य पर नजर रखने के लिए कांग्रेस के तीन नेताओं को झारखंड में पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया है। इनमें तारिक अनवर, मल्लू भट्टी विक्रमार्क और कृष्णा अल्लावुरु शामिल हैं।

## चुनाव आयोग ने ऐतिहासिक मतदान के लिए झारखंड के वोटर्स को किया सलाम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की बढ़ी हुई भागीदारी पर अत्यधिक संतोष व्यक्त किया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मतदान करने वाले मतदाताओं के साहस और दृढ़ संकल्प की प्रशंसा की, जिन्होंने धमकियों और बहिष्कार के आह्वान को दरकिनार करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपना विश्वास दोहराया। उन्होंने कई निर्वाचन क्षेत्रों में पुरुष मतदाताओं से आगे निकलकर महिला मतदाताओं की उत्साहपूर्ण



भागीदारी की भी सराहना की। झारखंड के मतदाताओं ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते समय मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार द्वारा की गई अपील का उत्साहपूर्वक जवाब दिया। आयोग ने मतदान अधिकारियों के समर्पण और दृढ़ता के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया। अधिकारियों ने घने जंगलों, ऊबड़-खाबड़ इलाकों और दूरदराज के इलाकों में जाकर यह सुनिश्चित किया कि हर मतदाता, चाहे वह कितना भी दूर क्यों न हो, मतदान केंद्रों तक अपना वोट डालने के लिए पहुँच सके। मुख्य निर्वाचन आयुक्त, राजीव कुमार के नेतृत्व में सावधानीपूर्वक योजना और मार्गदर्शन के माध्यम से अर्धसैनिक बलों और सुरक्षा बलों ने सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया, जिससे बूढ़ा पहाड़ और सारंडा जैसे उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में घटना मुक्त मतदान का मार्ग प्रशस्त हुआ। राज्य में स्थापित 29563 मतदान केंद्रों में से किसी में भी पुनर्मतदान नहीं हुआ। भारतीय वायु सेना, सीमा सुरक्षा बल और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के समन्वित प्रयासों से मतदान कर्मियों और सुरक्षा बलों को राज्य के सुदूर कोनों तक ले जाने और वापस लाने में सहायता मिली। लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान प्राप्त अनुभवों आधार पर प्लेटफॉर्म आधारित गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम, जिला स्तर, विधानसभा स्तर और प्रखंड स्तर पर चुनाव के लिए तैनात सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रदान किया गया।

## मतगणना कर्मियों को किया गया प्रशिक्षित



**रांची।** मतगणना के लिए रांची जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। पंडरा स्थित बज्र गृह में प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, एसएसपी, सिटी एसपी ने मतगणना में प्रतिनियुक्त सभी वरीय पदाधिकारी, कर्मी और सुरक्षा कर्मियों को मतगणना हॉल में प्रवेश पात्र व्यक्ति(मतगणना कर्मी, मतगणना अभिकर्ता) का प्रवेश, फ्रिस्किंग प्रक्रिया, सामग्री ले जाने की अनुमति, पार्किंग व्यवस्था, विजय जुलूस तथा मतगणना से संबंधित अन्य सभी बिंदुओं पर ब्रीफिंग करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# मतगणना को लेकर कुछ माननीय पूरे आश्वस्त तो कुछ बेचैन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मतदान के बाद 23 नवंबर का सबको बेसब्री से इंतजार था। आज झारखंड की सत्ता का सरताज कौन बनेगा इसका फैसला होगा। ईवीएम मशीनों में कैद जनता की आवाज किसके नाम से गूंजेगी इसका फैसला होगा। इसे लेकर राजनीतिक पार्टियों में और उम्मीदवारों में कैसी बैचैनी है, कौन बेफिक्र है और किसे फिक्र है, सरकार बनने के बाद पार्टियों का रोड मैप क्या है इस पर पार्टियों के उम्मीदवारों ने अपनी बातों को रखा।


दीपिका पाण्डेय सिंह


महुआ माजी


सीपी सिंह


स्टीफन मरांडी



**राजधानी में कुछ नहीं हुआ, राजधानी को राजधानी बनाना है : महुआ माजी**

रांची विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन से उम्मीदवार महुआ माजी ने कहा- रिजल्ट के लिए निश्चिंत हैं। साथ ही उन्होंने कहा राजधानी में अब तक कुछ भी नहीं हुआ बहुत कुछ करना है। राजधानी को राजधानी बनाना है।

**विकसित रांची और सुरक्षित रांची के थीम पर करेंगे काम : सीपी सिंह**

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए रांची विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मदीवार सीपी सिंह ने कहा- रांची विधानसभा क्षेत्र के मतदान के बाद खिजरी और सिल्ली में प्रचार प्रसार में व्यस्त रहे। कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रमों में वक्त गुजारा। उन्होंने कहा राजधानी में विकसित रांची और सुरक्षित रांची के थीम पर काम करेंगे।

**महागामा को जिला बनाने की कोशिश की जाएगी : दीपिका पाण्डेय सिंह**

कांग्रेस की महागामा से उम्मीदवार दीपिका पाण्डेय सिंह ने कहा कि थोडा फुरसत का वक्त मिला तो आराम कर रहे हैं। परिवार और कार्यकर्ताओं के साथ वक्त गुजर रहे हैं। चुनाव से जुड़ी चर्चाएं हो रही है। उन्होंने कहा कि महागामा में मीडियम व स्मॉल इंडस्ट्रीज लगाना है। महागमा को जिला बनाने का सपना है, जिसे पूरा करने की कोशिश करुंगी। टेक्नीकल एजुकेशन जैसी चीजों पर ध्यान दी जाएगी। साथ ही रिजल्ट को लेकर उन्होंने कहा भरोसा है जो भी होगा बेहतर होगा।

**बचे कार्यों को प्रगति की ओर लेकर जायेंगे : स्टीफन मरांडी**

महेशपुर से झामुमो उम्मीदवार स्टीफन मरांडी ने कहा जनता पर भरोसा है। बचे कार्यों को प्रगति की ओर लेकर जायेंगे और जनता का धन्यवाद करेंगे। उन्होंने कहा रिजल्ट और जनता पर भरोसा है।

# रांची की जगप्रीत ने बाल गीता का गुरमुखी में किया अनुवाद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची की जगप्रीत कौर ने बाल गीता का गुरमुखी में अनुवाद किया। जगप्रीत की स्कूली शिक्षा रांची के गुरुनानक स्कूल में हुई थी और वर्तमान में पुणे महाराष्ट्र में रह रही हैं। बाल गीता स्वस्ति योग के संस्थापक, डॉ विकास चौथे और डॉ श्वेतांबरी चौथे द्वारा अंग्रेजी में लिखी गई है। पुस्तक का दुबई में 10 नवंबर को प्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग व स्थिरता सम्मेलन में विमोचन किया गया। कार्यक्रम में गुरु नानक दरबार, दुबई के महाप्रबंधक डॉ एसपी सिंह ने भाग लिया। बाल गीता बच्चों के लिए भगवत गीता की शिक्षाओं का एक सरल व मनोरंजक संस्करण है, जिसमें दैनिक जीवन की परिस्थितियां व समस्याएं हैं, साथ ही उन चुनौतियों के उत्तर व समाधान है कि आपको उनसे कैसे निपटना चाहिए। यह पुस्तक बच्चों, शिक्षकों व अभिभावकों के लिए है। अमेजन व फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध है।जगप्रीत चाहती हैं कि हर बच्चा इस पुस्तक को पढ़े व अधिक मजबूत और साहसी बने। यह निश्चित रूप से एक बच्चे का भविष्य बदल देगा क्योंकि ये शिक्षाएं कभी भी स्कूल में नहीं दी जाती हैं। साथ ही जगप्रीत को दुबई सरकार द्वारा इको योग रिट्रीट्सः आधुनिक योगी के लिए सतत पर्यटन पर एक पेपर पेश करने के लिए आमंत्रित किया गया था, स्पोर्ट्स फॉर ऑल फेडरेशन, दुबई से एक विशेष निजी आमंत्रण प्रायोजक वीजा प्राप्त हुआ। यह पहला अंतर्राष्ट्रीय योग व स्थिरता सम्मेलन स्वस्ति योग केंद्र, यूएई स्पोर्ट्स फॉर ऑल फेडरेशन, दुबई, जनरल अथॉरिटी ऑफ स्पोर्ट्स और दुबई स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा सह-आयोजित किया गया था। इसमें सैयद अली अलाजिल, अहमद इब्राहिम और सुश्री नौफ मारवाई ने भाग लिया था। जगप्रीत को पद्मश्री पुरस्कार विजेता नौफ मारवाई द्वारा सम्मानित किया गया।


दुबई में हुई सम्मानित

## वीरेंद्र राम पर फैसला 26 नवंबर को

**रांची।** टेंडर कमीशन से प्राप्त बड़ी रकम का मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में आरोपी ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र कुमार राम, आरोपी पत्नी राज कुमारी एवं भाई आलोक रंजन की ओर से दाखिल डिस्चार्ज पिटीशन पर आदेश 26 नवंबर को आएगा। शुक्रवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में तीनों की याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। अदालत अपना आदेश 26 नवंबर को सुनाएगी। वीरेंद्र राम, राज कुमारी एवं आलोक रंजन ने मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुए 12 नवंबर को याचिका दाखिल की है। इसी मामले में आरोपी वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम की डिस्चार्ज याचिका अदालत ने 8 अक्तूबर को खारिज कर चुकी है।

# न्यूज बॉक्स

## फ्लाई ओवर के नीचे बने गड्ढे की मरम्मती शुरू



**रांची।** तिलता चौक के पास रिंग रोड के फ्लाई ओवर के नीचे गड्ढे थे, जिसके बारे में नवीन मेल ने खबर प्रकाशित की थी। एनएचएआई ने त्वरित कार्रवाई की और अब खराब सड़क को खोद कर फिर से बनाया जा रहा है। जीएम एकता कुमारी ने पहल की।

## गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा में कल सजेगा दीवान

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी में रविवार को शुकराना का दीवान दोपहर 3.30 बजे सजाया जाएगा। दीवान की शुरूआत श्री सुखमणी साहिबजी के सामूहिक पाठ से होगी। इसके बाद हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह शबद गायन करेंगे। श्री आनंद साहिबजी के पाठ, अरदास, हुकूमनामा और कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ शुकराना दीवान की समाप्ति संध्या छह बजे होगी। मौके पर सत्संग सभा की ओर से श्रद्धालुओं के लिए चाय-नाश्ते का लंगर भी चलाया जाएगा। 555वें प्रकाश पर्व के सफल समापन के लिए अरदास कर वाहेगुरु का शुक्रिया अदा किया जाएगा।

## बांग्लादेशी घुसपैठियों से पूछताछ पूरी, जेल भेजे गए



**रांची।** घुसपैठ मामले में गिरफ्तार दो बांग्लादेशी नागरिक समेत चार आरोपियों से पांच दिनों की पूछताछ बाद शुक्रवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया है। ईडी ने कोलकाता से गिरफ्तार दो बांग्लादेशी रानी मंडल और समीर चौधरी के साथ भारतीय नागरिक पिंटू हलधर एवं पिंकी बासु मुखर्जी से पूछताछ के लिए ईडी 18 नवंबर को अपने साथ ले गई थी। 22 नवंबर को ईडी रिमांड अवधि पूरी होने के बाद कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया। ईडी ने आगे और रिमांड की मांग नहीं की। ईडी ने 13 नवंबर को कोलकाता से चारों को गिरफ्तार किया था। ईडी ने रानी और समीर के नाम पर बने फर्जी पासपोर्ट समेत अन्य दस्तावेज भी बरामद किए हैं। दोनों नाम बदल कर भारत में रह रहे हैं। पूछताछ में दोनों ने खुद को बांग्लादेशी होने की बात स्वीकार की है।

## एनसीसी कैडेट को सेना में भविष्य की मिली जानकारी

**रांची।** योगदा सत्संग कॉलेज में शुक्रवार को एनसीसी दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर अमर नारायण ने सेना में भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं, कैप्टन एलके झा ने भारतीय सेना के इतिहास व एनसीसी के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। प्राचार्या डॉ प्रगति बख्शी ने कैडेट को देश व समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी से अवगत कराया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। उनके काव्य पाठ, सामूहिक नागपुरी नृत्य, असमिया नृत्य, नेपाली नृत्य, संबलपुरी नृत्य ने सबका मन मोह लिया। कैडेट रंजू कुमारी ने योग का प्रदर्शन किया गया। संचालन कैडेट रीतराज व कैडेट अभिजीत ने किया। कार्यक्रम में एएनओ डॉ अभिषेक पांडेय, डॉ अंजना वर्मा, डॉ रवींद्र कुमार, डॉ मृत्युंजय कुमार, डॉ प्रगति नंदा के अलावा 19 बटालियन के हवलदार ओम प्रकाश, हवलदार बीसी माटी सहित शिक्षक, कर्मी और एनसीसी कैडेट उपस्थित थे।

## छवि रंजन की जमानत याचिका पर आज भी सुनवाई

**रांची।** बरियातू रोड स्थित सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन सहित अन्य भू-खंडों की अवैध खरीद-बिक्री मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन की जमानत याचिका पर शनिवार को भी ईडी कोर्ट में सुनवाई जारी रहेगी। शुक्रवार को आंशिक सुनवाई के बाद अदालत ने शनिवार को भी सुनवाई जारी रखी है। बरियातू में सेना की जमीन के कागजात की हेराफेरी मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को 4 मई 2023 को पूछताछ के बाद ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। 10 दिन तक रिमांड पर लेकर पूछताछ के बाद से छवि रंजन न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में छवि रंजन ने पहले भी जमानत याचिका दायर की थी, जिसे ईडी कोर्ट और हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थी।

## गुरु नानक स्कूल में आयोजित इंटर स्कूल योगासन चैंपियनशिप संपन्न

**रांची।** गुरु नानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के तत्वावधान में सहोदया स्कूल कम्प्लेक्स द्वारा आयोजित इंटर स्कूल योगासन चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता अंडर 14, अंडर 17, अंडर 19, आयु वर्ग में बालक एवं बालिकाओं के लिए आयोजित की गई थी। इसमें ग्रुप इवेंट, इंडिविजुअल, आर्टिस्टिक और रिदमिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में रांची के 12 स्कूल शामिल हुए। इसमें गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल बुंडू, होली चाइल्ड स्कूल, मनन विद्या स्कूल, जीएंडएच हाई स्कूल , टेंडर हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शारदा ग्लोबल स्कूल, केराली स्कूल, सरला बिरला पब्लिक स्कूल, सुरेंद्रनाथ सेनेटरी स्कूल, सच्चिदानंद ज्ञान भारती मॉडल स्कूल व लोयोला कन्वेंट स्कूल ने भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्राचार्या डॉक्टर (कैप्टन) सुमित कौर ने किया। प्राचार्या ने बताया कि योगासन चैंपियनशिप का उद्देश्य योग और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और खेल भावना को प्रोत्साहित करना है। योग को हजारों साल पहले एक आध्यात्मिक अभ्यास के रूप में विकसित किया गया था। योग एक ऐसा अभ्यास है जो शरीर, श्वास और मन को जोड़ता है। समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए शारीरिक आसन, श्वास और ध्यान का अभ्यास अत्यावश्यक है।

# ओरमांझी में अपराधियों ने दो को मारी गोली, हालत गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिले के ओरमांझी में बाइक सवार अपराधियों ने जमीन करोबार से जुड़े 2 युवकों को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना शुक्रवार देर शाम को ओरमांझी के बिरसा मुंडा चिड़ियाघर के पास हुई। गोली से घायल युवकों का नाम आजाद अंसारी और जावेद अंसारी है। दोनों को स्थानीय लोगों ने नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है, वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची ओरमांझी थाना पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।




बिरसा मुंडा चिड़ियाघर के पास हुई घटना

गोली से घायल युवकों का नाम आजाद अंसारी और जावेद अंसारी है। दोनों को स्थानीय लोगों ने नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है

## जमीन कारोबार से जुड़े हैं दोनों युवक

जानकारी के मुताबिक, आजाद और जावेद रांची के एक बड़े जमीन कारोबारी के लिए काम करते हैं। ओरमांझी में जमीन कारोबारी का एक बड़ा प्रोजेक्ट चल रहा है। आजाद और जावेद उसी प्रोजेक्ट से लौट रहे थे, तभी बाइक सवार अपराधियों ने दोनों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। आजाद के पैर में और जावेद के पेट में गोली लगी है। पुलिस को बिरसा मुंडा चिड़ियाघर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से घटना में शामिल अपराधियों के सुराग हासिल हुए हैं। जिसके आधार पर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# शिहान सुनील किस्पोट्टा आदिवासी व अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष बने

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



वर्ल्ड कराटे फेडरेशन की भारतीय प्रतिनिधि संस्था कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ने देश भर में आदिवासी और अल्पसंख्यक कराटे खिलाड़ियों के विकास के लिए आदिवासी एवं अल्पसंख्यक कराटे विकास आयोग का गठन किया। इसमें झारखंड के शिहान सुनील किस्पोट्टा अध्यक्ष बने। दिल्ली में चल रहे ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप के दौरान कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष हांशी भरत शर्मा ने इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए सुनील किस्पोट्टा को पत्र प्रदान किया। हांशी भरत शर्मा ने कहा कि सुनील किस्पोट्टा पहले से इस क्षेत्र में खिलाड़ियों के विकाश के लिए काम कर रहे हैं। उनके कार्य प्रणाली को देखते हुए इस पद के लिए उन्हें चुना गया है ताकि देशभर के खिलाड़ियों का विकास किया जा सके।सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि इस पद के लिए देश भर में झारखंड से चुना जाना राज्य के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि है। राष्ट्रीय अध्यक्ष को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि अपने कर्तव्य का निर्वाह करते हुए खिलाड़ियों के विकास के लिए हम अच्छा काम करेंगे। इन्होंने कहा कि यह पद कैरियर के सही समय पर मिला है जो कि रामबाण का काम करेगा। वहीं युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक भी होगा। वर्तमान में शिहान सुनील किस्पोट्टा ईस्ट इंडिया कराटे एसोसिएशन के संयुक्त सचिव, सिकोकई कराटे इंटरनेशनल इंडिया के झारखंड राज्य प्रतिनिधि एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक हैं।

# एनयूएसआरएल में राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय विधि अध्ययन एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय (एनयूएसआरएल), रांची में राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण कानून के तहत तीन दिवसीय राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता की शुरूआत शुक्रवार को हुई। यह प्रतियोगिता विश्वविद्यालय के उपभोक्ता शोध एवं नीति विभाग की ओर से भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के सहयोग से आयोजित की गई है। प्रतियोगिता में देशभर के विधि विश्वविद्यालयों के प्रतिभागी और न्यायिक विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में एनएलयू, दिल्ली व एनएएलएसएआर, हैदराबाद के पूर्व कुलपति प्रो रणबीर सिंह मौजूद थे। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता छात्रों में आत्मविश्वास पैदा करने के लिए जरूरी है। उन्होंने मूट कोर्ट प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के कई फायदे भी गिनाए। विशिष्ट अतिथि राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, झारखंड के कार्यवाहक अध्यक्ष बसंत कुमार गोस्वामी ने कहा कि आज नई तकनीक के साथ कानून के छात्रों को कई तरह की आधुनिक सुविधाएं मिल रहीं हैं। उपभोक्ता

# एक्सआईएसएस में अंतर बी-स्कूल प्रतियोगिता मैक्सफेस्ट-3.0 का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस), रांची में मार्केटिंग मैनेजमेंट प्रोग्राम और मार्केटिंग क्लब मार्कबज की ओर से अंतर बी-स्कूल प्रतियोगिता मैक्सफेस्ट 3.0 का आयोजन शुक्रवार को किया गया। टीआईएसएस मुंबई, सेंट जेवियर्स कॉलेज, एमिटी यूनिवर्सिटी और एक्सआईएसएस के विद्यार्थियों ने प्रतिस्पर्धी कार्यक्रमों में भाग लिया। संस्थान के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर ने छात्रों के नेतृत्व वाली ऐसी पहलों को महत्वपूर्ण बताया। कहा कि यह उनके करियर में आगे बढ़ने में उनकी मदद करेगा। सहायक निदेशक डॉ प्रदीप केरकेट्टा ने अर्थव्यवस्था में मार्केटिंग की भूमिका पर बात की और छात्रों की रचनात्मकता और बातचीत करने के कौशल की प्रशंसा की। एक्सआईएसएस के डीन अकादमिक डॉ अमर ई तिग्गा ने छात्रों को उनके विजन को हकीकत में बदलने के लिए बधाई दी। मार्केटिंग मैनेजमेंट प्रोग्राम के प्रमुख डॉ भवानी प्रसाद महापात्रा ने बताया कि कैसे इस तरह के आयोजन नए कौशल हासिल करने के अवसर प्रदान करते हैं। मौके पर मार्केटिंग कॉन्क्लेव का भी आयोजन किया गया जिसमें उद्योग, शिक्षाविदों और छात्रों ने भाग लिया।

# संत जेवियर्स कॉलेज के विद्यार्थियों को मिला मछली पालन प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

संत जेवियर्स कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए मछली किसान प्रशिक्षण और अनुसंधान केंद्र (एफएफटीसी), शालीमार, रांची में शैक्षिक यात्रा सह एक्सपोजर विजिट शुक्रवार को आयोजित की गई। प्राणीशास्त्र विभाग के डॉ रितेश कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में छात्र दल ने यह दौरा किया। छात्रों ने मछली पालन गतिविधि से संबंधित मिट्टी और जल परीक्षण का व्यावहारिक क्षेत्र ज्ञान प्राप्त किया। एफएफटीसी के मुख्य प्रशिक्षक डॉ प्रशांत कुमार दीपक व मत्स्य प्रसार अधिकारी रणबिजय कुमार ने वर्तमान में मछली पालन के लिए लागू सभी नवीनतम तकनीकों और राज्य में नीली क्रांति को बढ़ावा देने में मत्स्य पालन निदेशालय, झारखंड की गतिविधियों के बारे में बहुमूल्य जानकारी दी।

एफएफटीसी के मत्स्य प्रसार अधिकारी शवन शीला हंस और मनुजश्री तिर्की ने केज कल्चर सेट अप, हैचरीज, बायोफ्लॉक यूनिट और पर्ल कल्चर यूनिट जैसी विभिन्न प्रदर्शन इकाइयों को फील्ड एक्सपोजर दिया। संत जेवियर्स कॉलेज के विभिन्न विज्ञान और कला स्ट्रीम के 50 से अधिक छात्रों ने मत्स्य पालन विभाग की ओर से हाल ही में शुरू की गई पर्ल कल्चर गतिविधि के बारे में भी सीखा। इस दौरान कॉलेज की प्राध्यापक डॉ रमिता और डॉ प्रियंका भी मौजूद रहीं।

## गांव की झलक खेतीबाड़ी



आ गया धान की कटाई का मौसम। बदल गए हैं अब गांव, सर के बजाय ऑटो से ढोए जाते हैं धान। रांची के नजदीक चान्हो प्रखंड के मसमानो गांव की तस्वीर।

## आज / कल




### डीपीएस में सीबीएसई रीजनल लेवल साइंस एग्जीबिशन का शुभारंभ

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चे अनुसंधान कार्यों को प्रदर्शित करते हैं : प्राचार्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सीबीएसई द्वारा डीपीएस में रीजनल लेवल साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के वैज्ञानिक नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में पटना रीजन में शामिल झारखण्ड राज्य के 32 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई। 22 और 23 नवंबर को आयोजित प्रदर्शनी में दो श्रेणियों में छात्रों के वैज्ञानिक प्रयासों को प्रदर्शित किया है। पहली श्रेणी में कक्षा छठीं से आठवीं तक के विद्यार्थी एवं दूसरी श्रेणी में कक्षा नवमी से ग्यारहवीं तक के विद्यार्थी शामिल हैं। प्रतिभागियों ने वैज्ञानिक जिज्ञासा की व्यापकता और गहराई को दर्शाते हुए विविध विषयों पर परियोजनाओं और मॉडलों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा थे।



उन्होंने युवा वैज्ञानिकों के सराहनीय प्रयासों को पहचानते हुए, कम उम्र से ही वैज्ञानिक मानसिकता विकसित करने के महत्व को रेखांकित किया। शैक्षणिक गतिविधियों में रचनात्मकता और स्वतंत्र सोच की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए, मुख्य अतिथि ने उत्कृष्टता के लिए छात्रों के समर्पण की सराहना की। उन्होंने छात्रों की प्रभावशाली उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए प्रस्तुत प्रदर्शनों की उच्च गुणवत्ता की विशेष रूप से सराहना की। मुख्य अतिथि के भाषण ने उपस्थित सभी उभरते वैज्ञानिकों और शिक्षकों के लिए प्रोत्साहन और प्रेरणा का संदेश मिला। डीपीएस के प्राचार्य डॉ आरके झा ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी एक ऐसा प्लेटफार्म होता है, जहां विज्ञान के नवाचार, उपकरण, और अनुसंधान कार्यों को प्रदर्शित किया जाता है। विज्ञान प्रदर्शनी विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रदर्शन का माध्यम होता है जो छात्रों को विज्ञान के प्रति उनकी रूचि को जाग्रत करता है। साथ ही, विज्ञान प्रदर्शनी छात्रों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नौकरी के अवसरों के प्रति जागरूक करता है और उन्हें अध्ययन के बाद के रोजगार के लिए तैयार करता है।

## मेगा प्लेसमेंट ड्राइव में 200 से अधिक विद्यार्थी हुए शामिल

**रांची।** अनुदीप फाउंडेशन ने 22 नवंबर 2024 को रांची के मारवाड़ी कॉलेज के विवेकानंद सभागार में एक बेहद सफल मेगा जॉब ड्राइव का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों की अग्रणी कंपनियों से जोड़ना था। यह आयोजन अनुदीप फाउंडेशन के मारवाड़ी कॉलेज के छात्रों को प्रशिक्षण और कौशल विकास प्रदान करने के निरंतर प्रयास का हिस्सा था, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे कार्यबल के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं। इस जॉब ड्राइव में, ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों का उपयोग किया गया, जिसमें निम्बस, आयुदा, विप्रो, कॉन्सेंट्रिक, पिरामल फाउंडेशन, एपियन इन्फोटेक (ऑफलाइन), टेक महिंद्रा, स्टार हेल्थ, विस्ट्रॉन और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स सहित प्रमुख कंपनियों ने भाग लिया। (ऑनलाइन)। 200 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जिनमें से 50 छात्रों को मौके पर ही चुना गया और अतिरिक्त 100 से अधिक छात्रों शॉर्टलिस्ट किया गया। जिसकी सूची कॉलेज द्वारा एक से दो हफ्ते में जारी कर दी जायेगी।

# मंगसीर बदी महोत्सव के दूसरे दिन निकली दादीजी की भव्य शोभायात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री राणीसती मन्दिर कमेटी ने श्री राणीसती मन्दिर प्रांगण में मंगसीर बदी नवमी महोत्सव 2081 धूमधाम से मनाया जा रहा है। शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से दादीजी की भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण को निकली गई, जिसमें श्री राणीसती मन्दिर विद्यालय के 125 बच्चे दादीजी की पताकाएं लिए हुए, महिलाएं एवं पुरुष कलश 75, कावर 21, दादीजी के निशान 71,दादीजी के 21 त्रिशूल लिए हुए चल रहे थे। दादी जी पालकी में विराजमान थी।इनके पीछे पंच प्यारे एवं अंत में दादीजी स्वयं रथ पर विराजमान थी। दादीजी की भव्य शोभा यात्रा मंदिर परिसर से होते हुए रातु रोड, हरमू रोड, गाड़ी खाना चौक, कार्टसराय रोड,जेजे रोड, जैन मंदिर होते हुए शहीद चौक, सुभाष चौक से गांधी चौक, नॉर्थ मार्केट रोड होकर कमला कांत रोड़ होते हुए मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा को जगह-जगह पर समाज की धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं ने भव्य स्वागत किया। वहीं दादी भक्तों ने आरती कर दादी जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। शोभायात्रा में श्री राणी सती मंदिर स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। शहर वासियों ने इसकीबहुत ही सराहना की। शोभा यात्रा में श्री श्याम परिवार एवं नवमी कीर्तन मंडल द्वारा दादीजी के मधुर भजनों की गंगा प्रवाहित की गई।



शनिवार को प्रातः 7 बजे से अखण्ड ज्योत रतन जालान सपत्नीक द्वारा प्रज्वलित की जाएगी तदपश्चात 501 महिलाओं द्वारा मंगला पाठ श्री सुशील नारसरिया,श्री श्याम अग्रवाल की देखरेख में किया जाएगा।

शोभा यात्रा को सफल बनाने में मंदिर कमेटी के न्यासी रतन जालान, भानु जालान,अध्यक्ष सतीश तुलस्यान,मंत्री गजानंद अग्रवाल, चन्द्र कांत झुनझुनवाला, श्याम अग्रवाल,कमल खेतावत, प्रदीप नारसरिया, लोकेश जालान, आशुतोष खेतान,प्रकाश पोद्दार, तरुण सर्राफ, शोभित तुलस्यान,सुमित महलका, पवन लोहिया एवं अन्य दादी भक्तों ने अपना योगदान देकर सफल बनाया।

## मांडर विधानसभा क्षेत्र में किसके सिर पर सजेगा ताज

# सबका एक ही सवाल कौन जीतेगा सन्नी टोप्पो या शिल्पी नेहा तिर्की

### मतगणना के एक दिन पहले चौक चौराहों पर होती रही चर्चा


सन्नी टोप्पो


शिल्पी नेहा तिर्की

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
मांडर विधानसभा क्षेत्र में किसके सर में सजेगा ताज? कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की या भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो के सर पर सजेगा ताज? शनिवार को मतगणना के शुरू होने के बाद देर शाम तक रिजल्ट की घोषणा हो जाएगी। मांडर विधानसभा क्षेत्र में सबकी निगाहें टीवी पर टिकी रहेगी। पल-पल की जानकारी के लिए लोग अभी से तैयारी में जुट गए हैं। कई लोगों ने शर्त रखी है। किसी ने कहा कि मैं तो कहता हूं शिल्पी नेहा तिर्की जीतेगी तीन का शर्त लगाता हूं मंजूर है तो बोलिए। भाजपा समर्थक भी सन्नी टोप्पो पर दाव लगाने के लिए तैयार। शर्त लगाने वालों की कमी नहीं लेकिन कहीं मिठाईयों की शर्त लगी है तो कहीं खस्सी के मटन की। किसी ने हजारों रूपए की शर्त लगाई तो कई लाखों के शर्त लगाने को तैयार है। कोई किसी से कम नहीं। मांडर विधानसभा क्षेत्र के सभी पांचों प्रखंडों क्रमशः बेडो. लापुंग चान्हो मांडर और इटकी में लोग जानना चाहते हैं कि कौन जीतेगा मांडर विधानसभा क्षेत्र का चुनाव। होटल से लेकर पान दुकान तक, चौक चौराहों से लेकर गांव के गली मोहल्लों तक सिर्फ एक ही चर्चा कौन जीतेगा चुनाव सन्नी टोप्पो या शिल्पी नेहा तिर्की? गांव के ग्रामीण पत्रकारों की ओर आशा भरी निगाहों से देखते हैं कहते हैं भैया आप तो चारों ओर घूमते हैं बताइए न कौन जीतेगा ? कांग्रेस वाला चाहते हैं कि उनके पक्ष में भविष्यवाणी हो ।

भाजपा वाले भी चाहते हैं कि सन्नी टोप्पो को जीतता हुआ भविष्यवाणी हो जाए। अभी जब रिजल्ट नजदीक है तब भारत आदिवासी पार्टी के प्रत्याशी जागरे उरांव के समर्थक भी स्वीकार करने लगे हैं कि जागरे तो नए प्रत्याशी हैं इसलिए उनका जीतना असंभव सा है। लेकिन उन्हें भी आदिवासियों का वोट मिला है। कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की के समर्थकों में भी काफी उत्साह है। उनके समर्थकों का कहना है कि मांडर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी आंकड़ा कांग्रेस के पक्ष में ही है। कांग्रेस के कार्यकर्ता एक बात कहना नहीं भूलते कि एआईएमआईएम का इस बार कैंडिडेट नहीं है उनका 18-19 हजार वोट तो कांग्रेस को ही मिला है। कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ता स्वीकार करते हैं कि सन्नी टोप्पो से कड़ा मुकाबला है। इस बार यदि कांग्रेस जीतेगा भी तो कम मार्जिन से जीतेगा। वहीं भाजपा के कार्यकताओं में से कुछ ने दावेदारी की कि इस बार सन्नी नहीं तो कभी नहीं। भाजपा के कार्यकताओं का मानना है कि सारे समीकरण सन्नी टोप्पो के पक्ष में है। उनके समर्थन में सम्राट गिरोह के सुप्रीमो जयनाथ साहु मुख्य धारा में उतरकर सन्नी टोप्पो को वोट देने की अपील करते दिखे। देवगांव के राजकमल गोप और बड़काकुरा के जितेन्द्र नायक ने भी सन्नी टोप्पो के पक्ष में खुलकर उतरे और भाजपा प्रत्याशी को जिताने में अपनी शक्ति झोंक दी। बताया जा रहा है कि शिवसेना के राज्य प्रमुख दीपक सिंह, जदयू के बिगा मिंज तथा आजसू के प्रखंड अध्यक्ष नवदीप कुमार महतो ने भी सन्नी टोप्पो के लिए खूब मेहनत की है। अब देखना होगा कि किसकी मेहनत कितनी रंग लाई है। जनता ने क्या तय किया है। सन्नी टोप्पो या शिल्पी नेहा तिर्की ! आखिर कौन मारेगा बाजी। शनिवार को रिजल्ट की घोषणा होते ही एक पक्ष में खुशी की लहर होगी वहीं दूसरा पक्ष निराशा के अंधकार में डुबा नजर आएगा। आखिर जीतेगा तो एक ही उम्मीदवार । कौन होगा भाग्यशाली सभी को इंतजार है।

## जनजातीय गौरव पखवड़ा मना, लोगों ने कलाकारों के प्रदर्शन को सराहा



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल खलारी में सीबीएसई द्वारा जारी निर्देश के अनुसार जनजातीय गौरव पखवाड़ा का आयोजन किया गया। प्रथम दिन कक्षा आठ के विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। अतिथियों व स्कूल परिवार के लोगों ने आदिवासी जनजाति से जुड़े व्यंजन जैसे मडुवा रोटी, धुसका, आलू झोर, चावल आटा लड्डू , छिलका रोटी, पिट्ठा आदि का आनंद लिया।

दूसरे दिन कक्षा छह और आठ के विद्यार्थियों ने अलग-अलग जनजातीय कलाओं का प्रदर्शन किया। जिसमें सोहराई, मधुबनी, वर्ली, गोंड आदि कलाओं से जुड़े चित्र एवं वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया। तीसरे दिन कक्षा चार के विद्यार्थियों ने धरती आबा बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया। जिसमे भगवान बिरसा मुंडा के जीवनी का चित्रण किया गया। चौथे दिन कक्षा सात के विद्यार्थियों ने बिरसा मुंडा और सिद्धू-कान्हू के जीवन पर नाटक प्रस्तुत किया। जिसमें हूल आंदोलन और उलगुलान आंदोलन को दशार्या गया। पांचवें दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड के सभी जनजातीय भाषाओं पर सामूहिक गान एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिसे कक्षा पांच से आठ के विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया। इसमें शिक्षिकाओं ने भी अपनी सहभागिता देते हुए पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया जिसमें संथाली, पाइका, खड़िया, सादरी, मुंडारी, कुडुख और हो नृत्य और गान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सुबी सिंह ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका आरती तिर्की, नार्बरता टोप्पो, अलका राही, रोजी मगदली टोप्पो, मुकेशकुमार सिंह, जान डुंगडुंग, आगस्टीन टोप्पो की सराहनीय भूमिका रही। प्राचार्या सिस्टर जयन्ती ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद किया तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावा सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

## खूंटी में दामाद ने कुदाल से काटकर की ससुर की हत्या, गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
थाना क्षेत्र के पोसेया गांव में गुरुवार की दोपहर एक युवक ने घरेलू विवाद में अपने ससुर की कुदाल से काटकर हत्या कर दी। मृतक 75 वर्षीय सतीश नाग मुरहू थाना क्षेत्र के सीटी लोहाडीह गांव का निवासी था। पुलिस ने हत्या के आरोपी रमाय पाहन को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संबंध में परिजनों ने मुरहू थाना में रमाय पाहन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। घटना के संबंध में मृतक के पुत्र सेबेयन नाग ने बताया कि उसके पिता सतीश नाग बुधवार को अपनी बेटी के घर पोसेया जाने की बात कहकर निकला था। गुरुवार को उनकी बहन अन्य लोगों के साथ मिलकर धान काटने के लिए खेत गई थी। उस समय घर में सतीश नाग और उनका दामाद रमाय पाहन घर में थे। उसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हुई होगी और रमाय नाग ने सतीश की पिटाई कर घायल कर दिया। इसके बाद घर से घसीटकर बाहर निकाला और कुदाल से काटकर हत्या कर दी। सेबेयन नाग ने बताया कि जब गुरुवार की दोपहर खेत से उनकी बहन घर लौटी तब घर के आंगन




में खून से लथपथ अपने पिता का शव देखा। इसके बाद वह घर में गई और अपने सोते हुए पति से घटना के संबंध में बातचीत की तो रमाय नाग ने हत्या करने की बात स्वीकार की। बेटी ने अपने मायके में घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन पोसेया गांव पहुंचे और आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं हत्या के आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। घरेलू विवाद में वृद्ध की हत्या हुई है। आरोपी रमाय नाग को गिरफ्तार कर लिया गया है और हत्या में प्रयुक्त कुदाल भी पुलिस ने जब्त कर ली है। पुलिस हत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

## गौरव दिवस के रूप में मनाई गई बिरसा मुंडा की जयंती

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
तोरपा स्थित बीकेबी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा के जयंती गौरव दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वनवासी कल्याण केंद्र के झारखंड के प्रांत श्रद्धा जागरण प्रमुख मुसाफिर विश्वकर्मा, विद्यालय के प्राचार्य लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक सहित अन्य शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।
मौके पर मुसाफिर विश्वकर्मा ने बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमें भगवान बिरसा मुंडा की शहादत से प्रेरणा लेनी चाहिए। साथ ही वीर रस से ओत-प्रोत गीत गाकर बच्चों में उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व बाल संसद के पदाधिकारियों ने पुष्प अर्पित कर बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी।



## विधिक सेवा के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण शुरू

**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) की ओर से शुक्रवार को बच्चों के मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं योजना के लिए नवगठित कानूनी सेवा यूनिट सदस्यों के लिए दो दिनी प्रक्षिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय, अपर न्यायायुक्त-3 आनंद प्रकाश, अपर न्यायायुक्त -7 विशाल श्रीवास्तव, अपर न्यायायुक्त-4 व पोक्सो जज आसिफ इकबाल एवं अन्य न्यायिक अधिकारी मौजूद थे।

## खूंटी में अधिकारियों और कर्मचारियों को दिया गया मतगणना का प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
लॉयला इंटर कॉलेज खूंटी में शुक्रवार को प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। विधानसभा निर्वाचन-2024 के तहत खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्रों में हुए मतदान के पश्चात 23 नवम्बर को होने वाली मतगणना को लेकर विभिन्न कार्यों के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मियों को गहन प्रशिक्षण दिया गया।
मास्टर ट्रेनर ने मतगणना प्रक्रिया से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं और अन्य कार्यों की जानकारी दी। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना को लेकर जारी सभी एसओपी के संबंध में भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मियों को होने वाली मतगणना के दिन ससमय मतगणना केंद्र पर उपस्थित होने और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी एसओपी का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरे उत्तरदायित्व और ईमानदारी पूर्वक मतगणना कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया।

## पासवा प्रतिनिधिमंडल ने रवि कुमार से मिलकर दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में पासवा के प्रतिनिधिमंडल मुख्य चुनाव पदाधिकारी के. रवि कुमार से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें बधाई दी एवं अप्रिशिएऐसन लेटर के माध्यम से पूरी टीम को शुभकामनाएं दी।
श्री दुबे ने कहा कि झारखंड निर्वाचन आयोग को हाल ही में संपन्न हुए चुनाव को सफलतापूर्वक और सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित करने के लिए उन्होंने मुख्य चुनाव पदाधिकारी एवं झारखंड निर्वाचन आयोग को बधाई दी। इतने बड़े पैमाने पर चुनाव का आयोजन बिना किसी बाधा के सम्पन्न कराना झारखंड निर्वाचन आयोग के समर्पण और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रतिनिधिमंडल में कुमुद रंजन, विशाल सिंह, अमित कुमार, जाबिर राजा, खालिद राजा, मेंहुल दूबे शामिल रहे।



## कार्यकर्ताओं के साथ मतगणना की रणनीति तैयार करते दिखे राजेश

**नामकुम।** खिजरी से महागठबंधन प्रत्याशी राजेश कच्छप शुक्रवार को दिनभर कार्यकर्ताओं के साथ रहे। उन्होंने बताया कि सुबह पांच बजे ही कार्यकर्ता आवास पर पहुंचे, जहां देर शाम तक उनके साथ बैठक कर मतगणना की रणनीति तैयार की गई। सभी लोगों को बूथ पर तैनात रहने की जिम्मेवारी दे दी गई है और मतगणना के दौरान चौकस रहने को कहा है। विधायक ने बताया कि कार्यकर्ता ही उनके परिवार हैं, उन्होंने पांच वर्ष साथ निभाया है। वे भी उनके सुख-दुख में साथ रहेंगे।

## सीसीएल में जनरल लॉ एवरी वन शूड नो कार्यक्रम का आयोजन

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड में मानव संसाधन विकास विभाग के प्रकाश कक्ष में मानव संसाधन विकास एवं विधि विभाग के द्वारा संयुक्त प्रयास से जनरल लॉ एवरीवन शूड नो विषय पर दो दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। इसमें सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के मुख्यालय एवं क्षेत्र से आए पैंतीस अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुरूआत में रमाकांत पांडे, महाप्रबंधक, मानव संसाधन विभाग ने सभी प्रभागियों का स्वागत करते हुए इस कार्यक्रम के महत्ता पर प्रकाश डाला। जोबीवीपी, महाप्रबंधक विधि ने कार्यक्रम के मॉड्यूल से प्रभागियों को अवगत कराया। इस कार्यक्रम में कांस्टीट्यूशनल लॉ, कॉरपोरेट लॉ, लैंड लॉ, इन्वायरोएंटल लॉ, लेबर लॉ, क्रिमिनल लॉ, सिविल लॉ पर सिविल कोर्ट एवं उच्च न्यायालय के विधि विशेषज्ञों एवं कंपनी के कुशल प्रशिक्षक द्वारा कुल सात सत्र संचालित किए जाएंगे जिसमें सामान्य विधिक ज्ञान प्रतिभागियों के जागरूकता के लिए प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में महाप्रबंधक स्तर के दो अधिकारी नवीन कुमार झा, सीसीएमसी और मित्रजित चौधरी, इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग विभाग ने भी उपस्थित हो कर विधि के विभिन्न विषयों पर परिचर्चा करते हुए कार्यक्रम के सफल संचालन में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाया।

## एनएसएस स्वयंसेवकों किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
डोरंडा कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान में योगदान देनेवाले स्वयंसेवकों को शुक्रवार को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा ने की। उन्होंने कहा, स्वच्छता ही सेवा भाव सभी के अंदर हमेशा होनी चाहिए। स्वच्छता के लिए तत्पर रहने से हमारे आसपास का वातावरण स्वच्छ बनेगा।
मौके पर रांची विवि के एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि स्वच्छता हमारे दैनिक जीवन का प्रमुख हिस्सा होना चाहिए और हमें स्वच्छ भारत अभियान में अपना बहुमूल्य योगदान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अगर सभी स्वच्छता को आत्मसात करेंगे, तो पूरा देश स्वच्छ दिखेगा।
सम्मान कार्यक्रम में पूर्व में विभिन्न प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम नायाब फरीदी, द्वितीय आरजू कुमारी, तृतीय नाहिद सबा रहीं। भाषण में प्रथम ऋषभ कुमार, द्वितीय आकाश कुमार, तृतीय रौनक कुमार रहे। निबंध में प्रथम इंशा कायनात, द्वितीय खुशबू कुमारी व तृतीय मोहम्मद राशिद रहे। स्लोगन में प्रथम अनिशा कुमारी, द्वितीय निशि खलखो और तृतीय संकल्प कुमार रहे। संचालन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कंचन मुंडा व खुशबू कुमारी ने किया।

## बंगाल की पारंपरिक नाव की जीवंत विरासत पर व्याख्यान

**रांची।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के क्षेत्रीय केंद्र रांची की ओर से शुक्रवार को ऑनलाइन माध्यम से बंगाल की पारंपरिक नाव : जीवंत विरासत शीर्षक पर आधारित एक व्याख्यान का आयोजन किया। यह व्याख्यान ब्रिटेन के एक्सेटर विश्वविद्यालय में मानविकी, कला और सामाजिक विज्ञान विभाग के डॉ स्वरूप भट्टाचार्य द्वारा दिया गया।

# इस बार पड़ेगी भयानक ठंड : मौसम वैज्ञानिक

**रांची।** झारखंड में राजनीतिक गर्मी भले बढ़ रही है लेकिन मौसम दिनों दिन ठंडी होती जा रही है । राज्य के कई जिलों का मौसम अभी सुहाना है। हजारीबाग और रांची शहर के मौसम की चर्चा हर किसी की बीच होती है। इन दिनों बंगाल की खाड़ी में उठ रहे तूफान का असर झारखंड में बहुत ज्यदा तो नहीं लेकिन मौसन वैज्ञानिक के अनुसार हल्का फुल्का असर जरुर दिखेगा।

### 24 नवंबर से आंशिक बदल छाने के आसार

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया रांची सहित पूरे राज्य में 24 नवंबर से लेकर कुछ दिनों तक आंशिक बादल देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि बंगाल की खाड़ी में बन रहे तूफान का असर झारखंड में नहीं दिखेगा लेकिन आंसिक बदल छाए रहेंगे। तूफान के कारण ठंडी हवाएं भी चलेगी नतीजन झारखंड में भी सर्द हवाएं चलेगी जिससे तापमान गिरेगा। उन्होंने बताया शहरी जगहों की तुलना में राजधानी की खुली जगहों पर ज्यादा ठंड रहेगी।

### कांके में रहती है अधिक ठंड

सर्दियां आते ही राजधानी स्थित कांके क्षेत्र में तापमान घट जाती है और ठंड में बढ़ोत्तरी हो जाती है। इसके पीछे कई कारण हैं। पहला- कांके क्षेत्र का पूरा इलाका खुला है और साथ ही कुछ ही दूरी पर पतरातू डैम भी है। मौके पर अभिषेक आनंद ने कहा कि आए दिन पेड़ों की कटाई और प्राकृतिक से छेड़छाड़ के कारण मौसम पहले की तुलना में असंतुलित हो गया है। जिसका असर हर मौसम में देखने को मिलता है। गर्मियों में काफी ज्यादा गर्मी, बरसात में काफी ज्यादा बारिश तो ठंड में काफी ज्यादा ठंड लगता है।



## न्यूज | बॉक्स

### रामवि बुकबुका में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर




**खलारी।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय बुकबुका में सीसीएल, सीएसआर योजना के तहत सेंट्रल हास्पिटल डकरा एनके क्षेत्र की मेडिकल टीम के द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सेंट्रल हास्पिटल के चिकित्सक डाक्टर श्वेता सुमन ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के अलावा आसपास के ग्रामीणों का स्वास्थ जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया। जांच के उपरांत सभी को निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमरलाल सतनामी ने कहा कि शिविर लगने से बच्चे एवं ग्रामीण काफी उत्साहित थे। सभी ने सीसीएल सीएसआर टीम एवं मेडिकल टीम के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मेडिकल टीम में गोपीनाथ, सिस्टर रीता एक्का, प्रेम कुमार प्रजापति, बुटकी देवी के अलावा विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमरलाल सतनामी, शिक्षक जगदीश नायक, कुलदीप एक्का, सुषमा देवी, प्रतिमा एक्का, सुनीता देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### नया कोयला का उठाव भाड़ा वृद्धि के साथ किया जाएगा



**खलारी।** भाड़ा बढ़ोतरी के मुद्दे पर ट्रक मालिकों की बैठक खलारी के चूरी कालोनी में हुई। अध्यक्षता विकास दुबे ने किया। बैठक के दौरान ट्रक मालिकों की माली हालत पर चर्चा करते हुए भाड़ा बढ़ोतरी का निर्णय लिया गया। इस मौके पर विकास दुबे ने कहा कि चूरी परियोजना से रोड सेल का कोयला उठाव काफी कम भाड़ा में किया जा रहा है। जिसके कारण ट्रक मालिकों की परेशानी काफी बढ़ गई है। डीजल और पाट्र्स की कीमत में बढ़ोतरी होने के कारण कम भाड़ा में गाड़ी चलाने में काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। निर्णय लिया गया कि नया कोयला का उठाव भाड़ा वृद्धि के साथ किया जाएगा। लिफ्टरों को इसके लिए तैयार रहना होगा। अन्यथा कोयला का उठाव पूरी तरह से बंद करते हुए सभी ट्रक मालिक हड़ताल पर चले जाएंगे। संचालन भोला पांडे ने किया। बैठक में सतीश चौबे, गुड्डू गिरि, गौतम थापा, अशोक महतो, छोटे सिंह, संटू सिंह, अनुज दुबे, विनोद प्रसाद, आदित्य मंगल यादव, गुड्डू सिंह, अमित श्रीवास्तव, पप्पू सिंह, रणविजय सिंह, विक्की सिंह, सचिन बनर्जी सहित कई ट्रक मालिक उपस्थित थे।

### 'पोषित बचपन' स्क्रीनिंग कैंप की हुई शुरूआत

**हिंडालको मुरी सीएसआर और राजकुमारी फाउंडेशन की पहल**



**मुरी/सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के छोटामुरी पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र में हिंडालको के सीएसआर विभाग और राजकुमारी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में 'पोषित बचपन' की स्क्रीनिंग कैंप की शुरूआत की गई। कैंप में 0 से 5 वर्ष तक के 35 बच्चों का जांच किया गया। कैंप की शुरूआत 21 नवंबर को हुई थी। कुपोषण से ग्रसित बच्चों को राजकुमारी फाउंडेशन एवं हिंडालको सीएसआर विभाग की ओर से 15 दिन का पोषण कैंप लगाकर पोषण आहार एवं किट का वितरण किया जाएगा। मौके पर डाइटिशियन मौसम ने बताया कि शरीर में पर्याप्त तत्वों की कमी के कारण बच्चों का शारीरिक विकास नहीं हो पाता है। कुपोषण के कारण बच्चों के अंदर शारीरिक या मानसिक दिव्यंगता भी हो सकती है। राजकुमारी फाउंडेशन के प्रोजेक्ट लीड सुप्रिया सिंह ने कहा कि कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपादित किया जा रहा है ताकि समाज के लोगों को काफी लाभ मिल सके। इस मौके पर हिंडाल्को के एचआर हेड अरुण राय, हिंडालको सीएसआर के हेड अनिल सिंह साथ ही संस्थान के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### बेड़ो में दो बाइकों के बीच टक्कर, चार घायल

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र में रांची गुमला मुख्य मार्ग पर पुरनापानी बाजार के समीप शुक्रवार की शाम लगभग साढ़े छह बजे दो बाइक की आपस में हुई जोरदार टक्कर में चार लोग घायल हो गए। जहां सभी को घायलों को ग्रामीणों ने निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दो लोग को रिम्स भेज दिया गया। जिनकी पहचान सुरेश उरांव लगभग 40 वर्ष पिता बुधु उरांव, सोमरा मुंडा लगभग 40 वर्ष पिता मंगरा मुंडा, विशेश्वर महतो लगभग 35 वर्ष पिता कामेश्वर गोप व दूसरे बाइक सवार की पहचान विष्णु उरांव लगभग 25 वर्ष पिता बिरसा उरांव ग्राम पुरना पानी के रूप में कई गई। इधर सभी घायलों को ग्रामीणों में पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा, मुस्ताक अंसारी, जावेद, आकिब, समीर, अरुण समेत स्थानीय लोगों सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉ कुसुम लता ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल विशेश्वर महतो व विष्णु उरांव को रिम्स भेज दिया। वही दुर्घटना में घायल सुरेश उरांव ने बताया कि वह एक बाइक पर सवार तीन लोग जहानाबाज बाजार से अपने घर कादोजोरा गांव जा रहे थे तभी पुरना पानी बाजार के समीप सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई।

### लोयला मैदान में क्रिसमस मेला को लेकर बैठक 25 को

**रांची।** पल्ली खेल समिति, रांची कैथोलिक पल्ली द्वारा लोयला मैदान में दिसंबर में क्रिसमस गैदरिंग सह क्रिसमस मेला का आयोजन होगा। आयोजन की तैयारी को लेकर 25 नवंबर को संत जोसेफ क्लब में बैठक बुलाई गई है। इसमें आयोजन की तिथि की घोषणा की जाएगी।



### खीस्त राजा पर्व कल, निकाली जाएगी शोभायात्रा

**रांची।** आगामी 30 नवंबर से ईसाई समुदाय आगमनकाल में प्रवेश कर जाएगा। इसके साथ ही क्रिसमस की तैयारी भी शुरू हो जाएगी। इससे पूर्व 24 नवंबर को कैथोलिक समुदाय खीस्त राजा का पर्व धूमधाम से मनाएगा। इसको लेकर रांची में शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा दोपहर 1 बजे से निकाली जाएगी। शोभायात्रा लोयला मैदान से मिशन चौक, सर्जना चौक, परमवीर अलबर्ट एक्का चौक, थड़पकना, लालपुर, डंगरा टोली चौक होते हुए लोयला मैदान पहुंचेगी। वहां धार्मिक अनुष्ठान की विधि पूर्ण की जाएगी। शोभायात्रा को लेकर गंतव्य मार्ग में ईसा मसीह से जुड़ी झांकी की भी प्रस्तुति की जाएगी।

## तख्त श्री पटना साहिब के लिए गुरुद्वारा साहिब से संगत रवाना



**रामगढ़।** रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब से सैकड़ो सिख संगत तख्त श्री पटना साहिब के लिए रवाना हुए। रामगढ़ के बरकाकाना स्टेशन से वंदे भारत ट्रेन से सिख संगत रवाना हुए हैं। रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा ने बताया कि गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी की ओर से रामगढ़ के सैकड़ो संगत को तख्त श्री हरमंदिर साहिब पटना ले जाया जा रहा है। बता दें कि यह कमेटी अपने 3 साल के कार्यकाल में संगत को पांचो तख्त के दर्शन करवा चुकी है। यह पांचवा तख्त है श्री हरमंदिर साहब दर्शन रामगढ़ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी करवा रही है। ऐसा पहली बार हुआ है कि अपने 3 साल के कार्यकाल में यह कमेटी रामगढ़ के सिख संगत को पांचो तख्त के दर्शन करवा रही है। साथ ही यह कमेटी करतारपुर साहिब के भी दर्शन करवा चुकी है। तख्त श्री हरमिंदर साहिब पटना जाने वाले गुरजीत सिंह सलूजा, इंद्रपाल सिंह छाबड़ा, ऋषि सोनी, बनी गांधी, विक्रम कोहली, चरणजीत कौर, यश छाबड़ा, जिगर छाबड़ा, कशिश छाबड़ा सहित बड़ी संख्या में सिख संगत शामिल हैं।

## मृतक के परिजन ने मुआवजे की मांग को लेकर गोरहर थाना को घेरा



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में बीते गुरुवार शाम 4:00 बजे गोरहर के पांतीतीरी में सड़क हादसे में दो व्यक्ति की मौत के बाद शव को गोरहर थाना लाया गया, जहां पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही थी। वहीं मृतक के परिजन और ग्रामीणों ने शुक्रवार सुबह 8:00 बजे गोरहर थाना को घेर कर मुआवजे की मांग की। परिजनों का कहना है कि कल जब एक्सीडेंट हुआ तो हम लोग शव को उठाने नहीं दे रहे थे। प्रशासन के द्वारा कहा गया था कि साव थाना में ले जाने के बाद वहां पर आप लोगों को जो उचित मुआवजा होगा दिलाया जाएगा। लेकिन बिना मुआवजा दिए हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। हम लोग उचित मुआवजा की मांग कर रहे हैं। वहीं थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि जिस बस वाहन के द्वारा दुर्घटना हुई है उसका नंबर ट्रेस कर लिया गया है तथा वाहन मालिक के बात हुई है। वाहन मालिक ने यथासंभव मुआवजा देने की बात स्वीकार की है। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### डीईओ व एसपी ने मतगणना को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को किया ब्रीफिंग

# निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतगणना संपन्न कराने के लिए विधि व्यवस्था बनाये रखे

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** विधानसभा चुनाव के परिणाम आज आने है, इसे लेकर मतगणना स्थल (बाजार समिति) में सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। विधि व्यवस्था में कोई कोर कसर न रहे इस संबंध जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह द्वारा नगर भवन में मतगणना दिवस को लेकर दण्डाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग की गई। प्रतिनियुक्त सभी दण्डाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि वे बिना वैध प्रवेश पत्र के तथा मोबाईल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट या किसी ज्वलनशील पदार्थ के साथ किसी भी परिस्थिति में किसी भी व्यक्ति को मतगणना हॉल के अन्दर प्रवेश नहीं करने देंगे। उन्होंने कहा कि सभी दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों का यह दायित्व होगा कि प्रतिनियुक्त स्थल पर भीड़-भाड़ न हो साथ ही पास (अधिकृत पास) वाले व्यक्ति ही सुगमतापूर्वक मतगणना केन्द्र में प्रवेश पा सकें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन के मतगणना के मद्देनजर सभी पदाधिकारी एवं कर्मी की जिम्मेदारी है कि वे आपस में समन्वय के साथ एक टीम के रूप में काम करते हुए निष्पक्ष व शांतिपूर्ण माहौल में मतगणना सम्पन्न कराने हेतु विधि व्यवस्था बनाये रखे। साथ ही सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल एवं कर्मी ससमय प्रतिनियुक्त स्थल पर योगदान देंगे। सम्पूर्ण मतगणना अवधि में गोपनीयता भंग न हो इसको लेकर किसी भी परिस्थिति में ईवीएम डिस्प्ले का फोटो लेना या वीडियो रिकॉर्डिंग करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि परिसर में चिकित्सा शिविर, चिकित्सा दल एवं एम्बुलेन्स तैनात रहेंगे। उन्होंने अग्निशाम पदाधिकारी को अग्निशाम वाहन, दस्तों की प्रतिनियुक्ति, सहायक आयुक्त उत्पाद को मतगणना के दिन -शराब की सभी दुकानों को आदेश के अनुरूप बंद कराना सुनिश्चित करने का निदेश दिया।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मतगणना को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। मतगणना के दिन सभी दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु दंगा निरोधी दस्ता, वज्रवाहन, बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट, लाठी, आसुगैस आदि सुरक्षा उपकरण के साथ क्यूआरटी की प्रतिनियुक्त रहेगी। मतगणना के दिन सभी थाना प्रभारी को अपने क्षेत्र में सघन पेट्रोलिंग करने एवं विधि-व्यवस्था सामान्य बनाये रखने को लेकर निर्देशित किया गया।

## निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए मतगणना कार्य का संपादन करें : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना आज होगी। मतगणना कर्मियों को मतगणना के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों का पालन करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय मौजूद रही। प्रशिक्षण सत्र में मतगणना कर्मियों को उनके दायित्वों से अवगत कराया गया एवं अन्य महत्वपूर्ण बातें बताई गई तथा मतगणना प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण ले रहे मतगणना कर्मियों को संबोधित किया। इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे,उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया,जिला भू अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार



मौजूद रहे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि मतगणना के दौरान किसी भी अनियमितता को रोकना और सही तरीके से गिनती की प्रक्रिया का पालन करना है। उन्होने कहा कि मतगणना प्रक्रिया के दौरान सभी अधिकारियों को सतर्क रहना चाहिए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देनी चाहिए। उन्होंने मतगणना हॉल में प्रवेश और निकास की सख्त निगरानी की आवश्यकता पर बल दिया। इसके अलावा, उन्होंने यह भी कहा कि मतगणना प्रक्रिया के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वीवीपैट की सही ढंग से जांच और सत्यापन किया जाना चाहिए।

उन्होंने सभी आवश्यक दस्तावेज/रिपोर्टस समय पर प्रस्तुत करने और मतगणना केंद्र में अनुशासन बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने मतगणना प्रक्रिया के सभी अवयवों की जानकारी साझा की और सभी अधिकारियों से आपसी सहयोग और समन्वय से कार्य करने को कहा। जिला निर्वाचन पादधिकारी ने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है और इसमें माइक्रो आब्जर्वर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होने कहा कि यह प्रशिक्षण सत्र चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा, ऐसे में सभी प्रशणार्थी अपनी शंकाओं को दूर करें, प्रशिक्षण का समुचित लाभ लें और मतगणना प्रकिया का सफलतापूर्वक संपादन करायें। मतगणना केंद्र में उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी गई।

## सड़क से अचानक ओझल हो जाते हैं चलती वाहन, दुर्घटना की बढ़ी आशंका

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही।** सड़क निर्माण कंपनी की महिमा कहे या लापरवाही जहां वाहन अचानक आंखों से ओझल हो जाते हैं। यह विचित्र वाक्या और कहीं नहीं बरही कोनरा बाईपास से गुजरने के क्रम में तीमुहाने के पास देखने को मिलता है। सड़क निर्माण कंपनी निर्माण कार्य को आधे अधूरे कर लोगो की प्राण खतरे में डाल रखा है। जहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। धनबाद की ओर से आनेवाली गाड़ियों को बाईपास प्रवेश के पहले सड़को पर उभरे गड्ढे से सामना करना पड़ता है। गड्ढे की स्थिति इतनी बदतर है कि अनुमंडल कार्यालय के बाद जैसे ही गाडियां गुजरी है। सड़को पर धूल उड़ने प्रारंभ हो जाते है। धूल इतनी अधिक होती है कि देखते ही देखते गाडियां आंखों से ओझल होकर गायब हो जाती है। जिससे विपरित दिशा से आने वाले वाहन चालकों को सामने से आने वाली गाड़ियां या पैदल चलने वाले लोग दिखाई नही पड़ते है। जो दुर्घटना का कारण हो सकता है। जीटी रोड पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है, जाने जा रही है, बाबजूद कंस्ट्रक्शन कंपनी व एनएचएआई की लापरवाही और मनमानी कम नही हो रही है। कुछ महीने पूर्व सांसद मनीष जायसवाल के पहल पर कंस्ट्रक्शन कंपनिया लगातार अर्धनिर्मित सड़को पर पानी पटाने का कार्य करती थी। जिससे धूल नही उड़ते थे और वाहनों को स्पष्ट देखा जा सकता था। परन्तु बीते कई महीनों से यह कार्य पूरी तरह से बंद है, जिससे दुर्घटना की संभावना बढ़ गई है। कंस्ट्रक्शन कंपनी के इस लापरवाही से स्थानीय लोगो में रोष व्याप्त है। लोगो ने स्थानीय अधिकारियों से प्रतिदिन नियमित पानी छिटवाने की मांग किया है।

### महिला समिति ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिंदूर में लगाया वाटर प्युरिफायर

## बालक, बालिका व शिक्षकों को शुद्ध पीने के पानी की मिलेगी सहूलियत : डॉ अखौरी बीणा प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** महिला समिति हजारीबाग महिला शिल्पकार केंद्र द्वारा दिन शुक्रवार को सिंदूर स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय प्रांगण में बालक, बालिका व शिक्षकगण के लिए शुद्ध पानी पीने हेतु वाटर प्युरिफाइर लगाया गया। महिला समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रभारी सरिता कुमारी को वाटर प्युरिफाइर भेंट किया। इस दौरान उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रभारी सरिता कुमारी ने महिला समिति का बहुत- बहुत आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। हजारीबाग समाजसेवी राकेश गुप्ता के पहल से विद्यालय में वाटर प्युरिफायर लगाया गया। मौके पर सचिव डॉ अखौरी बीणा प्रसाद ने कहा कि अशुद्ध पानी के सेवन से हैजा, डायरिया एवं टाइफाइड जैसी गंभीर बिमारियों को जन्म देती है। इस गंभीर बिमारियों से बचने के लिए शुद्ध पानी



का पीना बेहद जरुरी है। वाटर प्युरिफाइर के मदद से बालक, बालिका व शिक्षकों को शुद्ध पीने के पानी की सहूलियत मिलेगी। महिला समिति इस प्रकार की कार्यों में समाज में अग्रणी भूमिका निभाकर संकल्पित होकर सेवारत है। 1970 से महिला समिति सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में कार्य करती आ रही है। सहसचिव नुतन सहाय ने कहा कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय में इस प्रकार का सहयोग कर पाना महिला समिति के सदस्यों का सौभाग्य है। पानी मानव शरीर का 80% हिस्सा बनाता है। इसलिए आपके स्वास्थ्य और समग्र कल्याण के लिए आवश्यक है। हमेशा शुद्ध पानी पीना बेहद जरुरी है। मौके पर समाजसेवी राकेश गुप्ता ने कहा कि महिला समिति महिला सशक्तिकरण के साथ समाजसेवा में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है। इससे समाज में महिला सशक्तिकरण के साथ समाजसेवा का सकारात्मक बदलाव का संचार होगा। मौके पर समाजसेवी राकेश गुप्ता, महिला समिति के सचिव डॉ अखौरी बीणा प्रसाद, सहसचिव नुतन सहाय, कार्यकारणी सदस्य काजल चौरासीया, लता खत्री, संजय कुमार, प्रधानाध्यापिका प्रभारी सरिता कुमारी, प्रेमचंद रविदास, मालती कुमारी, रेखा कुमारी, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## मतगणना से पहले अंबा ने की महाकाल की पूजा



**रामगढ़ (हि.स.)।** झारखंड विधानसभा चुनाव का रिजल्ट 24 घंटे के बाद स्पष्ट हो जाएगा। कौन जीतेगा और किसकी किस्मत में हार होगी यह मतगणना के बाद पता चल जाएगा। लेकिन इससे पहले 2 महीने की मैराथन दौड़ प्रत्याशियों को बहुत थका चुकी है। बड़कागांव विधानसभा की कांग्रेस उम्मीदवार अंबा प्रसाद ने मतगणना से पहले महाकाल की पूजा की। पूजा की तस्वीरें अंबा प्रसाद ने सोशल मीडिया पर जारी की है। अपने परिजनों के साथ उज्जैन महाकाल मंदिर पहुंची और भगवान शिव का आशीर्वाद लिया है। उनकी यह पूजा इस बात का भी संकेत दे रही है कि प्रतिद्वंदियों से लड़ने के लिए भगवान उन्हें आशीर्वाद दे रहे हैं। अंबा प्रसाद ने शुक्रवार को बताया कि महाकाल के दरबार में जाने की इच्छा काफी समय से हो रही थी। लेकिन समय के अभाव में भगवान के दरबार में नहीं पहुंच पा रही थी। चुनाव के दौरान लगातार जनता के बीच वह रही हैं और जनता ने भी उन्हें अपना समर्थन दिया है। मतगणना से पहले जब उन्हें समय मिला तो वह सबसे पहले महाकाल के दरबार पहुंची और उनकी आराधना की।

## रामगढ़ विस प्रशासनिक अधिकारियों की चुनावी समीक्षा बैठक राधा गोविंद विवि प्रांगण में हुआ संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** 21 नवंबर को रामगढ़ विधानसभा के प्रशासनिक अधिकारियों की चुनावी समीक्षा बैठक राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में संपन्न हुआ। शांतिपूर्ण मतदान कराने पर ब्रीफिंग किया गया। साथ ही रामगढ़ एसपी ने सभी चुनाव पदाधिकारियों को सम्मानित किया। मौके पर राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह, सचिव प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार एवं कैंपस इंचार्ज संजीव कुमार सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों का स्वागत सम्मान एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में रामगढ़ डीसी चंदन



कुमार, एसपी अजय कुमार, डीएसपी, एसडीओ, मेजर मंटू कुमार, बड़कागांव एवं रामगढ़ के निवार्ची पदाधिकारी, पंचायती राज अधिकारी जिला के सभी पुलिस निरीक्षक, थाना व ओपी प्रभारी एवं बाहर से आए पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## आजसू प्रत्याशी के साथ बदसलूकी मामले में अंगरक्षक ने रजरप्पा थाने में दिया आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** 20 नवंबर को रामगढ़ विधानसभा चुनाव के क्रम में दुलमी प्रखंड के बूथ संख्या 182 व 183 का निरीक्षण करने के दौरान आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी के साथ हुई बदसलूकी मामले में उनके अंगरक्षक दशरथ सिंह पिता स्व इंद्रदेव सिंह सिपाही संख्या 134 ने रजरप्पा थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने बताया है कि 20 नवंबर को अपराहन 3:00 बजे आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी द्वारा दुलमी प्रखंड अंतर्गत बूथ नंबर 182 व 183 का निरीक्षण किया जा रहा था। उसी क्रम में ग्राम कुल्ही, प्रखंड दुलमी, जिला रामगढ़ निवासी रवि कुमार, पिता गोवर्धन महतो, अशोक कुमार पिता हरकू महतो, बबलु कुमार पिता चंद्रदेव महतो, यतन महतो पिता अज्ञात, नितिश कुमार पिता लालु महतो, ग्राम पोटमदगा, प्रखंड दुलमी निवासी संतोष कुमार महतो पिता विशेश्वर महतो, ग्राम मुर्रामकला निवासी देवानंद महतो पिता सुरेश महतो सहित 100 से अधिक व्यक्तियों द्वारा आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी के विरूद्ध अर्मादित शब्दों का प्रयोग किये गया और उनपर हमला कर उनका मॉब लिंचिंग किये जाने का प्रयास किया जाने लगा। अंगरक्षक दशरथ सिंह ने आगे बताया कि जब भीड़ उग्र थी उस समय मैंने और मेरे साथी विकास कुमार सिंह पुस 30 ने आजसू प्रत्याशी को भीड़ से बचाकर निकालने का प्रयास किया। उस दौरान भीड़ द्वारा विकास कुमार सिंह पुस 30 विकास कुमार सिंह का हथियार लूटने का भी प्रयास किया गया। आवेदन में बताया कि मैंने और मेरे साथी ने बड़ी मुश्किल से आजसू प्रत्याशी को भीड़ से बचाकर बाहर लाया। आजसू प्रत्याशी के अंगरक्षक ने आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले के आरोपियों पर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

## बटन मशरूम का उत्पादन कर आत्मनिर्भर हो रही गांव की किशोरी और महिलाएं

### एचडीएफसी बैंक व केजीवीके से दिया गया था प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**कटकमदाग।** कटकमदाग प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत बेस, कुसुम्भा व अडरा के कई गावों में समूह से जुड़ी किशोरी व महिलाएं बटन मशरूम का उत्पादन कर आत्मनिर्भर बन रहीं हैं। किशोरी व महिलाओं को एचडीएफसी बैंक से संपोषित केजीवीके द्वारा चलाए गये संपूर्ण ग्राम विकास कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया गया था। प्रखंड के सुदरवर्ती गांवों की किशोरी व महिलाओं के लिए प्रशिक्षण अब काफी कारगर साबित होने लगा है। प्रखंड के बेस, जमुआरी, रजहर, हारम, पुंदरी, अडरा व बेंदी में समूह से जुड़कर महिलाएं प्रयाप्त मात्रा में बटन मशरूम का उत्पादन कर रहीं है। जमुआरी में कमल सखी मंडल से जुड़ी लगनमनी देवी व गीतांजली



किशोरी समूह के सदस्य गीता बांडो, सीता कुमारी ने बताया कि हमलोग केजीवीके और एचडीएफसी बैंक से सम्पूर्ण ग्राम विकास कार्यक्रम में चार वर्ष पहले बटन मशरूम खेती का प्रशिक्षण लिया था। 4, 5 महीने में 50 से 60 हजार की आमदनी कर लेती है। इस वर्ष खुद से खाद बनाकर बटन मशरूम उत्पादन कर रही है। बटन मशरूम पैकिंग कर स्थानीय सप्ताहिक हाट, बाजार के अलावे हजारीबाग शहर व बड़कागांव क्षेत्र के दुकानों में सप्लाई करती हैं। अबतक ढाई सौ रुपए केजी के दर से 70 केजी मशरूम बेच चुकी है। फिलहाल 200 केजी मशरूम उत्पादन कर बेचने का लक्ष्य है। मशरूम के उत्पादन से उनके घर परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी हो गई है। बताया किपहले गांव की कुछ महिलाएं ही बटन मशरूम उत्पादन में रुचि ले रही थी। अच्छी आमदनी के कारण अब कई महिलाएं व किशोरी उत्पादन में रुचि लेने लगी है। हारम में प्रियंका कुमारी, आरती देवी, कुमारी जगमोहनी, अडरा में मोनिका नाग, मर्ति टूटी, पुंदरी में मधु देवी, रुमा देवी सहित कई अन्य महिलाएं बटन मशरूम के उत्पादन में जुड़ी हुई है।

## बंद घर का ताला तोड़ नगदी समेत लाखों के जेवरात ले उड़े चोर

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र बंडासिंघा में बीते रात को बंद घर का ताला तोड़कर चोरी कर लेने का मामला सामने आया है। इस बाबत बंडासिंघा निवासी पीड़िता सती देवी पति रोहित मोदी ने बताया कि मैं अपने घर में ताला बंद कर अपने ननद के घर खरगू, चलकुशा गई थी। मुझे ग्रामीणों ने सुबह में चोरी होने की जानकारी दी।मैं घर आई तो देखा कि चोरों ने ताला तोड़कर डेढ़ लाख का जेवरात और 30000 नगद सहित 2 लाख के समान का चोरी कर लिया है। ग्रामीणों के अनुसार घर में ताला लगा हुआ था जिसका फायदा उठाते हुए चोरों ने चोरी किया। वहीं इसकी जानकारी गोरहर थाना प्रभारी को दी गई तो घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और घटना का जायजा लिया। गोरहर थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि चोरी की घटना सत्य है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

## न्यूज | बॉक्स

### हजारीबाग में हत्या के चार आरोपी हुए गिरफ्तार



**हजारीबाग (हि.स.)।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के अंतरगत ग्राम लाखे निवासी परशुराम प्रसाद की हत्या के मामले में पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। परशुराम विष्णुगढ़ में एक निजी नर्सिंग होम का संचालन करता था। परशुराम की पत्नी द्वारा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस हत्यारोपितों की गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत थी। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि इससे पहले उमेश कुमार पांडेय सेरेगढा बालूमाथ निवासी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गुरुवार को उमेश पांडेय की निशानदेही पर चार आरोपितों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपितों में विक्की पासवान, धानगड्डा चतरा, उमेश्वर साहू नापो खुर्द बड़कागांव, ओमप्रकाश गुप्ता नवादा इटखोरी, संजय साव नापो बड़कागांव शामिल हैं। इनके पास से काफी संख्या से मोबाइल बरामद किया गया है। छापेमारी दल में डीएसपी अमित आनंद, मुफ्फसिल थाना प्रभारी कुणाल किशोर, जितेन्द्र भगत,सत्यम, सिद्धनाथ कुमार, शाकेश कुमार सिंह सहित कई जवान शामिल थे।

### एसपी ने विधि-व्यवस्था को लेकर पुलिस कर्मियों को किया ब्रीफिंग



**कोडरमा।** विधानसभा आम चुनाव 2024 के मतगणना के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण के लिए पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को कोडरमा एसपी ने बागीटांड़ स्टेडियम में ब्रीफिंग किया। ब्रीफिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी पदाधिकारियों व कार्मियों को मतगणना के दौरान ससमय ड्यूटी पर पहुंचने, ड्यूटी के दौरान चुस्त एवं दुरूस्त रहने, सतर्कता से फ्रिक्सिंग किये जाने, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अवगत कराया गया। तीनों स्तर पर प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों को उनके जिम्मेवारी से अवगत कराया गया। मतगणना शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से कराने, मतगणना के दौरान उत्पन्न होने वाले यातायात की समस्या एवं आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। मौके पर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारीएवं पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) कोडरमा उपस्थिति थे।

### पूर्व विधायक स्व. चितरंजन यादव की 15वीं पुण्यतिथि मनाई गई



**चलकुशा।** बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व विधायक स्व0 चितरंजन यादव की 15वीं पुण्यतिथि उनके पैतृक निवास चटकरी में मनाई गई ।इस दौरान बरकट्ठा के भाजपा प्रत्याशी सह विधायक अमित कुमार यादव ने उनके प्रतिमा पर पुष्प व माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा नमन किया। वहीं विधायक श्री यादव ने कहा कि आज भी पिताजी के बताए हुए मार्ग दर्शक पर चलने का काम कर रहा हूं। उनके समय में विधानसभा क्षेत्र में अनेकों विकास कार्य किया गया था और हमारे द्वारा जितने भी विकास कार्य किए जा रहे हैं। वहीं उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर वरिष्ठ कार्यकर्ता सुरेन्द्र पासवान,समन ठाकुर,भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, राजेन्द्र सिंह,अजय सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल,टुकलाल नायक पूर्व उप प्रमुख दुर्गा यादव, रघुवीर प्रसाद मुखिया प्रतिनिधि वासुदेव यादव, सीताराम पंडित, रामजीत रंजक, दिनेश सिंह, राजेश यादव, मोहसिन कमाल, रामप्रसाद यादव, शंकर ठाकुर, राजेन्द्र साव, अशोक यादव, अनिल आजाद,दिपक सिंह, शशि भूषण चौधरी, गोविंद चौधरी, इंद्रदेव चौधरी राजू पंडित नन्द किशोर मोदी समेत हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### कांग्रेस प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने लिया साधु सीताराम बाबा का आशीर्वाद



**कटकमसांडी।** हजारीबाग ज़िले के सदर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने शुक्रवार को कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के बरगड्डा गांव स्थित स्मृति मंदिर आनंद भवन आश्रम में साधु सीताराम बाबा के जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर साधु सीताराम बाबा के जन्मोत्सव पर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर में माथा टेकते हुए मुन्ना सिंह ने क्षेत्र की जनता की खुशहाली और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर मुन्ना सिंह ने कहा, बरगड्डा की भूमि साधु सीताराम बाबा की जन्मस्थली होने के कारण पावन हो गई है। इस भूमि को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का हरसंभव प्रयास करूंगा। उन्होंने भंडारे में शामिल सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति को अद्भुत बताते हुए कहा कि यह नर-नारायण सेवा एक सराहनीय पहल है, जिसमें भाग लेकर वे स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं। जन्मोत्सव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी ने स्वामी महिमानंद सरस्वती से भी मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि साधु सीताराम बाबा जैसी दिव्य आत्माओं का जन्म किसी भी क्षेत्र को गौरवान्वित करता है। इस अवसर पर मुन्ना सिंह ने क्षेत्र के विकास और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में मुन्ना सिंह के साथ अन्य प्रमुख लोगों में संजय सिंह, अजय कुमार राणा, पप्पू कुमार, शशि कुमार मेहता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### यक्ष्मा जांच शिविर का आयोजन 29 नवंबर तक रहेगा जारी

**बरही।** अनुमंडलीय अस्पताल के द्वारा प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर यक्ष्मा जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है. जो अगले शुक्रवार अर्थात 29 नवंबर तक प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जायेंगे। शिविर में यक्ष्मा मरीजों की जांच, उसके उपाय और सरकार द्वारा उपलब्ध सुविधाओ की जानकारी दी जाएगी। शुक्रवार को रसोईया धमना, बेंदगी और पुरहरा में कैंप लगाकर मरीज की जांच की गई। जिसमे एसटीएस रवि शंकर, कादम्बिनी दुबे, आईसीटीसी अनिता कुमारी, एसएस शाहजहां बेगम और एएनएम अनीता कुमारी ने महती योगदान दिया। उक्त जानकारी बीपीएम नारायण राम ने दी। उन्होंने बताया कि डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के निदेर्शानुसार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 25 को केदारुत, 26 को रानीचुआ व कस्तूरबा विद्यालय, 27 को गुड़ियों, 28 को निचितपुर और 29 को मलकोको में शिविर का आयोजन किया जायेगा। डीएस ज्ञानी ने सभी लोगो से उक्त शिविर में पधारकर यक्ष्मा की जांच करवाने का अपील किया है। शिविर ने मुफ्त दवाइयां भी वितरित किए जायेंगे।

### विधानसभा चुनाव मतगणना की तैयारी को लेकर डीसी एवं एसपी ने की प्रेस वार्ता

# कड़ी सुरक्षा के बीच अलग-अलग हॉल में दोनों विधानसभा क्षेत्रों की होगी मतगणना

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** विधानसभा चुनाव का मतगणना 23 नवंबर को होना है। सिमडेगा जिले के सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्रों का मतगणना सिमडेगा कॉलेज में बने मतगणना केंद्र में होगा। जिसके तहत उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने प्रेस वार्ता कर मतगणना के तैयारियों की जानकारी दी।


इस दौरान उन्होंने बताया कि सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्रों के मतगणना के लिए सिमडेगा कॉलेज में मतगणना केंद्र बनाया गया है। जहां कड़ी सुरक्षा के बीच अलग-अलग हॉल में दोनों विधानसभा क्षेत्रों का मतगणना होगा। सिमडेगा विधानसभा के 304 मतदान केंद्रों और कोलेबिरा के 270 मतदान केंद्रों का मतगणना होगा। मतगणना के लिए दोनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 14 , 14 टेबल ईवीएम के लिए लगाए गए हैं। वहीं डाक मतपत्र की गणना के लिए 06, 06 टेबल एवं 01, 01 टेबल इटीपीबीएस के लिए लगाया गया है। सिमडेगा जिला के दोनों सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए 158 कर्मचारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। जिसमें ईवीएम गणना टेबल पर 34 गणना पर्यवेक्षक, 34 गणना सहायक एवं 34 माइक्रो ऑब्जर्वर का किया गया है चयन। वहीं डाक मतपत्र गणना टेबल पर 14 मतगणना पर्यवेक्षक, 28 गणना सहायक एवं 14 माइक्रो पर्यवेक्षक का किया चयन गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि मतगणना की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। सभी मतदान कर्मियों को बेहतर प्रशिक्षण कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मतगणना सुबह 08:00 बजे प्रारंभ होगा। पहले पोस्टल बैलेट की गणना होगी। इसके बाद ईवीएम की गणना होगी। राजनीति दलों के प्रतिनिधि और अधिकारियों के समक्ष सुबह 05 बजे पोस्टल बैलेट स्ट्रांग रूम का सील खोला जाएगा। इसके बाद सुबह 07 बजे ईवीएम स्ट्रांग रूम का सील खोला जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देश के अनुसार 06 से 08 घंटे में मतगणना का रिजल्ट आ जाएगा। उन्होंने बताया कि मतगणना कर्मियों का फाइनल रेमेटाइजेशन ऑब्जर्वर के समक्ष हो गया है। शांतिपूर्ण तरीके से मतगणना करने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। वहीं पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मतगणना के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मतगणना केंद्र और आस पास तीन लेयर की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इसके अलावा मतगणना के बाद किसी तरह का वायलेशन ना हो इसके लिए भी जगह जगह पुलिस बल तैनात रहेंगे। मतगणना के दिन मतगणना केंद्र के आसपास आने के लिए अलग रूट मैप बनाया गया है। उन्होंने कहा कि लोग प्रशासन का सहयोग करें।

## सिमडेगा परिषद में मतगणना कर्मियों का हुआ द्वितीय रेंडमाइजेशन

**सिमडेगा।** विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर सिमडेगा एवं-कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के लिए शुक्रवार की सुबह सिमडेगा सामान्य प्रेक्षक सी रवि शंकर एवं कोलेबिरा सामान्य प्रेक्षक गंधम चंद्रूडू एवं उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मतगणना कर्मियों की द्वितीय रेंडमाइजेशन परिसदन भवन सभागार में किया गया। बताया गया आज होने वाले मतगणना में सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लगभग 158 कर्मचारियों द्वारा की जाएगी। जिसका शुक्रवार को दूसरा रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया किया गया। जिसमें 34 गणना पर्यवेक्षक, 34 गणना सहायक एवं 34 माइक्रो ऑब्जर्वर का चयन किया गया है, जो ईवीएम गणना टेबल पर होंगे। हीं 14 मतगणना पर्यवेक्षक, 28 गणना सहायक एवं 14 माइक्रो पर्यवेक्षक का चयन किया गया है, जो डाक मतपत्र गणना टेबल पर होंगे। इस दौरान उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, आरओ अनुराग लकड़ा, कोलेबिरा आरओ सह अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी गौरव कुमार सहित अन्य पदाधिकारी गण एवं कार्मिक कोषांग के कर्मी गण उपस्थित थे।

## मतगणना में आज कॉलेज रूट आम लोगों के वाहन के लिए रहेगा बाधित

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** विधानसभा चुनाव 2024 के लिए सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र का मतगणना आज सिमडेगा कॉलेज में बने मतगणना केंद्र में होगा। मतगणना को लेकर आज मतगणना के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने सिमडेगा कॉलेज रूट में आम लोगों के वाहनों का प्रवेश वर्जित किया है। प्रशासन ने मतगणना के दिन बाजार टांड़ की तरफ से सिमडेगा कॉलेज जाने वाले मार्ग को आम लोगों के वाहन के लिए बाधित किया है। इस रूट से सिर्फ चुनाव संबंधित वाहनों का सिमडेगा कॉलेज तक परिचालन होगा। आम लोग सीधे एनएच के रास्ते अपने गंतव्य तक जाएंगे। इसी तरह भट्ठी टोली सिमडेगा कॉलेज मोड़ के पास एनएच से सिमडेगा कॉलेज तक सिर्फ चुनाव संबंधित वाहनों का प्रवेश होगा। आम लोग एनएच का प्रयोग करेंगे। मतरामेता की तरफ से कोढ़ी चौक के पास से कॉलेज तक आम लोगों के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा, यहां से सिर्फ चुनाव संबंधित वाहनों का प्रवेश होगा। आम लोग खैरन टोली 'या टुकूपानी के तरफ से एनएच एनएच का प्रयोग करेंगे। बताया गया कि सिमडेगा कॉलेज के पूर्व की तरफ गेट नंबर 01 से सिर्फ विशिष्ट अधिकारियों का वाहन कॉलेज परिसर में प्रवेश होगा। गेट के बांई तरफ इन वाहनों की पार्किंग होगी। सिमडेगा कॉलेज के पश्चिम दक्षिण की तरफ गेट नंबर 02 से केवल उम्मीदवार, चुनाव संबंधित कर्मी और मीडिया कर्मी का वाहन कॉलेज परिसर में प्रवेश होगा। इन वाहनों के पार्किंग गेट के बाईं तरफ होगा। इसके अलावा काउंटिंग एजेंट और खास पब्लिक के वाहनों का पार्किंग गेट नंबर 02 के बाद मतरामेटा रोड की तरफ कॉलेज के पीछे कॉलेज की चारदीवारी के बाहर होगा।




## सिमडेगा भाजपा के पदमुक्त एवं निलंबित नेताओं ने प्रदेश को जांच हेतु पत्र भेजा

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** भाजपा सिमडेगा के पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद को भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने जिला समिति के अनुशंसा के लोक पर निलंबित कर दिया था जबकि जिला कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद तथा जिला नगर महामंत्री रामकृष्ण महतो को पदमुक्त किया था। इस मामले में चारों नेताओं ने संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह को पत्राचार करते हुए उनके ऊपर लगाए गए आरोप को निराधार बताकर जांच की मांग की है। उन्होंने कहा है कि उनके ऊपर लगाए गए आरोप निराधार है और बेबुनियाद है । अपनी नाकामी छुपाने के लिए नगर अध्यक्ष दिलीप साहू के द्वारा आरोप लगाया है जिस पर एक तरफा कार्रवाई की गई है

> कड़ी में वोटिंग के एक दिन पूर्व वरिष्ठ लोगों की व्यवस्था को लेकर अनूप प्रसाद के आवास पर भीड़ जमा थी

जिससे हम लोग आहत हैं। उन्होंने कहा कि 25 से 30 वर्षों से निस्वार्थ कार्यकर्ता बनकर पार्टी के विभिन्न पदों पर रहकर विपरीत समय में भी संगठन में अपनी सेवा दी है ।उन्होंने कहा कि सिमडेगा विधानसभा संचालन समिति के संयोजक ओम प्रकाश साहू जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक द्वारा संजय ठाकुर को नगर मंडल प्रभारी बनाकर कार्यों की देखरेख की जिम्मेदारी दी गई थी। कार्यकर्ताओं के द्वारा नगर मंडल के विभिन्न बूथो पर नगर अध्यक्ष द्वारा किए जा रहे हैं मनमानी की शिकायत मिल रही थी और नगर अध्यक्ष से संपर्क करने पर अनदेखा के साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा था। इसी कड़ी में वोटिंग के एक दिन पूर्व वरिष्ठ लोगों की व्यवस्था को लेकर अनूप प्रसाद के आवास पर भीड़ जमा थी और गलत तरीके से वोटर के बीच व्यवस्था का वितरण आपस में कहा सुनी हो रही थी। यह देखकर संजय ठाकुर ,नगर अध्यक्ष को फटकार लगाते हुए लिस्ट में वरिष्ठ लोगों का नाम नहीं होने की बात कही अनुप प्रसाद तीन बूथो के वरिष्ठ लोगों के नाम पर कुछ राशि लिए एवं सत्यनारायण प्रसाद कुछ राशि लिए इतनी छोटी सी बात निराकरण जिला अध्यक्ष के द्वारा हो सकता था। परंतु एक बार भी मामले में पक्ष न लेकर प्रदेश को पत्राचार किया गया एवं अखबारों में न्यूज़ प्रकाशित की गई जिससे की छवि धूमिल हुई है ।उन्होंने इस मामले में जांच करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है।

## तोरपा में सुदीप या फिर से कोचे अटकलें लगातार जारी

**बानो।** भगवान बिरसा की धरती पर 59 तोरपा विधानसभा में इस बार कौन बनेगा विजेता का फैसला आज होगी । अटकलों की बाजार गर्म है जो दोपहर बादमें जीत का जश्न पूरे तोरपा विधानसभा में गूंज उठेगी पूर्व विधायक कोचे मुंडा क्या चौथी बार विधायक बन पायंगे या सुदीप गुड़िया इस बार जीत का परचम लहरागें जैसे सवाल तोरपा के हर मतदाता के जबान पर है । एक ओर कोचे मुंडा जीत दिलाने के लिए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान पूरे दमखम के साथ प्रचार में थे । जेएमएम के सुदीप गुड़िया भी अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए जगह जगह कार्यक्रम किये। बानो में आयोजित कल्पना सोरेंग के कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ को देख कर सुनिश्चित मान रहे हैं। 2019 के चुनाव में बहुत कम वोट से हार गए थे। इस बार चुनाव में 12 प्रत्याशी थेजिसके कारण वोटों का बटवारा होने की आशा की जा रही है।

# सिमडेगा तथा कोलेबिरा विधानसभा चुनाव 2024 की मतगणना आज

> दोनों विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक के द्वारा विधि व्यवस्था एवं तैयारी का लिया जायजा

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** झारखंड विधानसभा आम चुनाव-2024 के तहत आज मतगणना होनी है। सिमडेगा कॉलेज, सिमडेगा परिसर में मतगणना केंद्र बनाया गया है। इस दौरान मतगणना केन्द्र की विधि व्यवस्था का जायजा लेने हेतु शुक्रवार को सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक सी रवि शंकर,कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक गंधम चंद्रूडू, उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने मतगणना केंद्र एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम सामान्य प्रेक्षकों द्वारा वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया ।इसके बाद उन्होंने पदाधिकारियों के साथ विधानसभावार मतगणना केंद्र/ काउंटिंग हॉल का निरीक्षण किया ।मतगणना को लेकर स्थल पर की गयी आवश्यक तैयारियों से उपायुक्त महोदय ने सामान्य प्रेक्षकों को अवगत कराया। इस दौरान उपायुक्त ने काउंटिंग एजेंट, लेबर, अभ्यर्थी एवं पदाधिकारियों के आगमन सहित पार्किंग व्यवस्था, पानी व सम्पूर्ण तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी ।सामान्य प्रेक्षकों ने मतगणना कर्मियों को समय पर नास्ता व भोजन उपलब्ध कराने की बात कहीं। साथ ही उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अनुपालन हर हाल में किया जाना व आयोग की गाइड लाइन के मुताबिक मतगणना केंद्र पर आवश्यक सुविधा व व्यवस्था उपलब्ध कराने का निर्देश दिया ।बता दें कि झारखंड विधानसभा आम चुनाव-2024 की आज होगी। जिसमें सिमडेगा जिला के दोनों सिमडेगा एवं-कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए लगभग 158 कर्मचारियों द्वारा की जानी है ।कोलेबिरा एवं सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना हेतु 14 टेबल निर्धारित किया गया है जिसमें ईवीएम से गणना किया जाएगा। डाक मतपत्र हेतु 06 टेबल एवं 01 टेबल के लिए निर्धारित किया गया है। जिसके लिए 34 गणना पर्यवेक्षक, 34 गणना सहायक एवं 34 माइक्रो ऑब्जर्वर का चयन किया गया है, जो ईवीएम गणना टेबल पर होंगे ।वहीं 14 मतगणना पर्यवेक्षक, 28 गणना सहायक एवं 14 माइक्रो पर्यवेक्षक का चयन किया गया है, जो डाक मतपत्र गणना टेबल पर होंगे।

## पीने के पानी के लिए दर दर भटक रहे हैं कोनमेरला के ग्रामीण

**जलडेगा।** प्रखण्ड के कोनमेरला पंचायत अंतर्गत पाहन टोली में लगी सोलर जलमीनार पिछले 10 महीनों से खराब पड़ी हुई हैं। जिसके कारण लोगों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।ग्रामीणों ने बताया कि पेयजल की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराने के जलमीनार लगवाई गई थी। विभाग द्वारा जलमीनार लगने से लोगों को जल संकट से मुक्ति का भरोसा दिया गया था लेकिन पिछले 10 महीनों से जलमीनार खराब पड़ी है गांव के लोग पानी के लिए दर दर भटक रहे हैं फिर भी जिम्मेदार कर्मी इसकी सुध नहीं ले रहे हैं ग्रामीणों ने बताया कि पाहन टोली मे 15 परिवारों के लिए पीने के पानी का एकमात्र साधन उक्त सोलर जलमीनार ही है। इसके खराब हो जाने से स्थानीय ग्रामीणों एवं गृहस्थियों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। नाराज ग्रामीण फागू केरकेट्टा, अनिल कांडुलना, अमित कांडुलना, सुकरू मुंडा, सरोज डुंगडुंग, अजीत डुंगडुंग, टुटू खड़िया, फोटू डुंगडुंग, संदीप केरकेट्टा, सुकुमार केरकेट्टा, नेलसन डुंगडुंग, किशोर डुंगडुंग आदि लोगों का आरोप है कि जल मीनार लगाने में घोर अनियमितता बरती गई है।

## मतगणना कार्य में चयनित कर्मियों का सिमडेगा कॉलेज में किया गया ड्राई रन

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा कोलेज में बनाये गए मतगणना कार्य मे सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के लिए चयनित मतगणना पदाधिकारियों व कर्मियों का शुक्रवार को ड्राइ रन का आयोजन किया गया ।ड्राइ रन के पहले उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार द्वारा मतगणना पदाधिकारियों व कर्मियों को ब्रीफिंग किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा सिमडेगा जिले के सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त मतगणना पदाधिकारियों व कर्मियों को उनके कर्तव्यों और दायित्वों से अवगत कराते हुए मतगणना कार्य को निष्पक्ष और पारदर्शी पूर्वक संपन्न कराने की बात कहीं। उन्होंने सभी मतगणना पदाधिकारियों व कर्मियों से कहां कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के आधार पर ही मतगणना कार्य को संपन्न करेंगे। उन्होंने सभी कर्मियों से कहा कि मतों कि गिनती की प्रक्रिया का पालन हर हाल में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मतगणना के दौरान सभी अधिकारी सतर्क रहें, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना अभिलंब वरीय पदाधिकारी को दें। मतगणना हॉल में प्रवेश और निकासी की सख्त निगरानी की जाएगी कोई भी कर्मी को बार-बार बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने सभी माइक्रो ऑब्जर्वर को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी आवश्यक दस्तावेज और रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करेंगे। अंत में उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं मतगणना कर्मियों को समन्वय बनाकर मतगणना कार्य को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीका से संपन्न कराने की बात कहीं ।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आप सभी को गेट नंबर 2 से एंट्री करना है कोई भी कर्मी गेट 01 में नहीं आएंगे, यहां से आपको घुसने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतों की गणना पूरी ईमानदारी के साथ करेंगे। आपकी हर छोटी सी छोटी गतिविधि को नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से मतगणना की प्रक्रिया को संपन्न करेंगे। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु-सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य केंद्र तक सड़क नहीं रहने से गर्भवती व आम मरीजों को हो रही है परेशानी

**ठेठईटांगर।** सड़क गांव की दर्पण होती है लेकिन सड़क अगर जर्जर है तो परेशानी होती है ।प्रखंड मुख्यालय से मात्र 5 से 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य केंद्र सेमरकुदर मे बन गया। स्वास्थ्य केंद्र भी प्रत्येक दिन खुलता है एवं स्वास्थ्य कर्मी आते हैं। गांव वालों ने बताया आजादी के बाद से आज तक प्रखंड मुख्यालय से स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने तक रोड का कालीकरण नहीं हो पाया है ।स्वास्थ्य उपकेंद्र पहुंचने तक रोड की स्थिति काफी खराब उबड़ खबाड़ खराब है। पीसीसी पथ में बड़े-बड़े बौल्डर निकले हुए हैं यदि गर्भवती माता को रुटीन चेकअप के लिए या प्रसव पीड़ा के लिए दो चक्का या चार चक्का से स्वास्थ्य उपकेंद्र पहुंचने तक या नर्स एवं सहिया के द्वारा रेफर कर बेहतर इलाज के लिए रेफरल अस्पताल ठेठईटाँगर पहुंचने तक गर्भवती माता की हालत और भी खराब हो जाएगी ।साथ ही साथ आम मरीजों को भी आवागमन के माध्यम से इलाज के लिए स्वास्थ्य उपेंद्र पहुंचने तक काफी मुश्किलों करना पड़ता है।

## ईवीएम की निगरानी में लगे भाजपा नगर महामंत्री से उलझे कांग्रेस जिला प्रवक्ता

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले में ईवीएम स्ट्रांग रूम सिमडेगा कॉलेज में बनाया गया है। जहां ईवीएम की निगरानी कर रहे भाजपा के नगर महामंत्री संटू कुमार गुप्ता से कांग्रेस के जिला प्रवक्ता रंधीर रंजन उलझ कर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। मतगणना आज होना है ।आरोप है कि मतगणना के ठीक एक दिन पूर्व सिमडेगा ईवीएम स्ट्रांग रूम के पास ईवीएम की निगरानी कर रहे भाजपा के नगर महामंत्री से विगत देर रात कांग्रेस के जिला प्रवक्ता रंधीर रंजन उनसे उलझ गए। भाजपा नगर महामंत्री संटू गुप्ता ने बताया कि कांग्रेस प्रवक्ता देर रात नशे में वहां पहुंचे और वे अनाप शनाप बोलते हुए भाजपा के लोगों को काफी परेशान किए और उनके साथ अभद्र व्यवहार किए। सुबह उन्होंने भाजपा के सिमडेगा प्रत्याशी को इसकी सूचना दी। जिसके बाद सिमडेगा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा वहां पहुंचे और उन्होंने प्रशासन से इसकी शिकायत की ।शिकायत मिलते हीं डीएसपी मुख्यालय रणवीर सिंह वहां पहुंचे और वे वहां मौजूद लोगों से बात करते हुए और कैमरे की फुटेज को खंगालते हुए खुद सारे मामलों की तहकीकात किया।

इधर कांग्रेस प्रवक्ता की हरकतों की सूचना मिलते हीं ईवीएम स्ट्रांग रूम के पास कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की भी पहुंचे। उन्होंने वहां घटित घटना की सारी जानकारी ली। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि वे मामले की जांच कर दोषी जिला प्रवक्ता पर पार्टी स्तर पर करवाई करेंगे। इधर जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन से बात करने पर उन्होंने बताया कि उनके ऊपर लगाया गया आप पूरी तरह से निराधार है उन्होंने मजा किया अंदाज में बस छोटी सी बात कही थी जिसे राजनीति रंग देने का प्रयास किया गया है जो की पूरी तरह से वेबुनियाद है। इधर इस मामले में एसपी सौरभ ने कहा कि मामले की जानकारी लेने के लिए पुलिस उपाधीक्षक को निर्देश दिए गए हैं और जांच के रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी उन्होंने कहा कि इस प्रकार के उलझन करने वाले व्यक्ति को मतगणना कार्य से दूर रखा जाएगा।

### खंडानिशान गांव मे विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया गया गौरव दिवस

## विदेशी संस्कृति हावी है इससे बचने की आवश्यकता : कौशलराज सिंह

नवीन मेल संवाददाता



**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के मालसाडा पंचायत के खंडानिशान गांव मे शुक्रवार को जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया ।इस मौके पर सर्वप्रथम अतिथियों का पैंकी नृत्य द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर अतिथियों द्वारा गांव वके पहान की अगुवाई में भगवान विरसा मुण्डा सहित सभी जनजातीय वीर शाहिदो को याद करते हुए दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण किया गया । इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित कौशल राज सिंह ने सभी देवी देवताओं का नमन करते हुए कहा कि विरसा मुण्डा के जीवनी के बारे विस्तार से जानकारी दिया। प्रत्येक गांव मे रामराज्य की स्थापना करना हमारा उद्देश्य है आज हमारे गांव समाज में धर्म संस्कृति को बचाने के लिए संकल्प लेने का समय है । हमे क्षणिक लाभ की लालच में आकर नही भटकना चाहिए यहां की शिक्षा नीति में सुधार होना चाहिए पुरखा धर्म अर्थात आदि धर्म को बचाने की आवश्यकता है । समाज मे कई कुरीति है जो समाज मे व्याप्त है जो कुरीति समाज की नुकसान पहुंचा रहा है उसे हटा देना चाहिए आज विदेशी संस्कृति हावी है इससे बचने की आवश्यकता है कई गलत किताब छापकर लोगों के बीच भ्रम फैला रहे है । हमे पुरखा के बताए रास्ते पर ही चलना है । उन्होंने संकारयुक्त शिक्षा पर जोर दिया ।इस मौके पर सरस्वती शिशु मन्दिर वनदुर्गा विद्यालय के बच्चों द्वारा मालसाडा वनदुर्गा मंदिर परिसर से खंडानिशान शिव मंदिर तक प्रभात फेरी निकाला वही विरसा मुण्डा, फूलों झानो आदि की आकर्षक झांकी तथा नृत्य संगीत प्रस्तुत किया गया । विश्वा सिंह के द्वारा नागपुरी झूमर गीत प्रस्तुत किया गया खंडानिशान गांव के महिल समूह द्वारा अखाड़ा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । इस मौके पर संतोष दास, सत्यनारायण सिंह, कालो खलखो, केशरी सिंह, टकबर सिंह, मनोज सिंह, सुरजन बड़ाईक, जहुरण सिंह, प्रणव कुमार, एवं अन्य लोगो का सहयोग रहा।

## होली फैमिली स्कूल में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**कुरडेग।** होली फैमिली स्कूल में तीन दिवसीय तबोरियन फुटबॉल टूर्नामेन्ट का आयोजन किया गया है। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि फादर रंजीत डुंगडुंग,फा बासिल सोरेंग एवं प्रिसिंपल अन्तोनी ए राजा के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया ।उद्घाटन मैच होली फैमिलि स्कूल एवं आरसी प्रा वि डूमरडीह के बीच हुआ जिसमें होली फैमिलि स्कूल की टीम विजयी रही ।टूर्नामेन्ट का फाइनल मैच शनिवार को खेला जाएगा। स्कूल के प्रिसिंपल ने बताया कि यह टूर्नामेन्ट होली फैमिलि ब्रदर्स के संस्थापक ब्रदर गैब्रियल तबोरियन के सम्मान में हर साल अन्दर 14 आयुवर्ग के स्कूली बच्चों के लिए आयोजन किया जाता है ।इस साल कुल सात टीमें भाग ले रहीं हैं ।विजेता टीम को शील्ड के साथ 12000 रू ,उपविजेता टीम को शील्ड के साथ 8000 एवं तीसरा स्थान टीम को शील्ड व 5000 रू पुरस्कार दिया जाएगा।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** सरस्वती शिशु- विद्या मंदिर केतुंगाधाम में शुक्रवार को जनजाति गौरव दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम में बिरसा मुंडा,सिद्धु ,कान्हु,फूलो झानो,शबरी, दुर्गावती, भारत माता के रूप में एवं जनजाति वेशभूषा में भैया बहनें आचार्यों के साथ झांकी निकाले। झांकी सह शोभा यात्रा शिव मंदिर व विद्यालय प्रांगण से शुरू हो कर ग्राम तक होते हुए विद्यालय प्रांगण वापस हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रांत शिक्षा प्रमुख सुभाष चन्द्र दुबे, विशिष्ट अतिथि झारखंड जनजाति हित रक्षा प्रमुख राजेन्द्र बड़ाईक एवं संकुल प्रमुख संतोष दास और मातृ अभिभावक संयुक्त रुप से मां शारदे , भारत माता, भगवान बिरसा मुंडा, दुर्गावती, फूलो ,जानो, सिद्धु,कान्हु के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पार्पण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। आमंत्रित अतिथियों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सर्व प्रथम राजेन्द्र बड़ाईक ने वीर एवं वीरांगनाओं की गाथा विस्तार से बतलाया। संतोष दास जी ने भी गौरव दिवस के संबंध में विशेष जानकारी प्रदान किया। प्रांत के समस्त शिशु -विद्या मंदिर के मार्गद्रष्टा, शिक्षाविद सुभाष चन्द्र दुबे ने कहा आज गौरव दिवस रुपी गागर में सागर भर दिया ।एक से एक, समस्त जनजातीयों के पौरुष गौरव गाथा की माला रख दी। जिन गुदड़ी के लाल को इतिहास के पन्नों पर नहीं पाया गया था , जिनके पद चिन्हों पर हमें चलने की आवश्यकता है। देश के विकास में इन महापुरुषों का अहम योगदान रहा । अतिथि परिचय एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाचार्य सुकरा केरकेट्टा एवं कार्यक्रम का संचालन बंधनु केरकेट्टा ने किया ।इस अवसर पर विद्यालय के भैया -बहनों द्वारा, गीत ,झांकी आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के साथ अभिभावक, माताएं एवं पुरातन छात्र भी उपस्थित थे।

## कानपुर गए व्यक्ति 2 महीने से लापता पत्नी ने लगाई खोजबीन की गुहार

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत जोकबहार पंचायत के केरियाबेड़ा गांव निवासी नवीन सुरीन नामक व्यक्ति दो महीना पहले काम की तलाश में कानपुर गया था जहां से वह लापता हो गया। इधर लापता होने पर काफी दिनों तक खोजबीन की गई और पता नहीं लगा तब सिमडेगा एसपी कार्यालय में पत्नी ने आवेदन देकर पति की खोजबीन की गुहार लगाई है ।पत्नी ने बताया कि वह अपने रिश्तेदारों की मदद से काफी हद तक प्रयास की लेकिन असफल रही ।उसने बताया कि दो महीना पहले उसकी ननद के साथ कानपुर गया था और ननद पति बीमार था तो अस्पताल गई थी ।इसी बीच उसका पति अकेले घर पर कानपुर में था और जब बहन लौटी तब वह गायब था ।पत्नी ने इस मामले में सिमडेगा पुलिस से गुहार लगाई है कि उसका पति की खोजबीन की जाए ताकि वह सकुशल घर लौट सके।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया काउंटिंग सेंटर का निरीक्षण

# मीडिया सेंटर में हाई स्पीड इंटरनेट लगाने का निर्देश



### मीडिया कर्मी समाहरणालय परिसर में करेंगे वाहनों की पार्किंग

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को कृषि बाजार स्थित काउंटिंग सेंटर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में उन्होंने 38 सिंदरी, 39 निरसा, 40 धनबाद, 41 झरिया, 42 टुंडी तथा 43 बाघमारा विधानसभा के काउंटिंग हॉल, विधानसभा वार बनाए गए पोस्टल बैलट व इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलट काउंटिंग हॉल का निरीक्षण किया।

इस क्रम में काउंटिंग हॉल में मतगणना कर्मियों के बैठने, आरओ टेबल, कंप्यूटर सिस्टम सेटअप, हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन, लाइट, पंखे, स्ट्रांग रूम से हॉल तक पहुंचने वाले मार्ग में बैरिकेडिंग इत्यादि का निरीक्षण किया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने प्रत्याशियों के बैठने, मीडिया सेंटर, हेल्प डेस्क, मेडिकल डेस्क, दीदी किचन समेत अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी छह विधानसभा के जनरल ऑब्जर्वर के रूम, जिला निर्वाचन पदाधिकारी का रूम व मीडिया सेंटर में टेलीविजन के साथ हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन लगाने का भी निर्देश दिया।

वहीं उपायुक्त ने सिविल सर्जन को काउंटिंग सेंटर में सभी आवश्यक दवाइयों के साथ 3 मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति तथा काउंटिंग सेंटर में 2 एवं काउंटिंग सेंटर के बाहर 2 एंबुलेंस की तैनाती करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने कहा कि मतगणना के दिन मीडिया कर्मी अपने वाहनों की पार्किंग समाहरणालय परिसर में करेंगे। समाहरणालय से कृषि बाजार जाने के लिए रिंग बस या रिंग कार की व्यवस्था रहेगी।

मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, 38 सिंदरी विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार, 39 निरसा विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, 40 धनबाद विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ राजेश कुमार, 41 झरिया विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, 42 टुंडी विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो, 43 बाघमारा विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी सह निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, सिटी एसपी अजीत कुमार, डीएसपी मुख्यालय 2 धीरेंद्र कुमार बंका, डीएसपी ट्रैफिक अरविंद कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# संपूर्ण ओपीएस प्राप्ति तक संघर्ष और आंदोलन जारी रहेगा : ईसीआरकेयू



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन (ईसीआरकेयू) ने शुक्रवार की सुबह गया ब्रिज के समीप टीआरडी डिपो में जनसंपर्क अभियान चलाया और गेट मीटिंग की। कर्मचारी यूनियन के मीडिया प्रभारी एनके खवास ने बताया कि उपस्थित वक्ताओं ने रेल कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि संपूर्ण ओल्ड पेंशन स्कीम की तरह यूनिफाइड पेंशन स्कीम जब तक नहीं होता हैं। तब तक संघर्ष और आंदोलन जारी रखेंगे। रेल कर्मचारियों के हर दुःख तकलीफ में ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन साथ देता आया हैं और साथ देता रहेगा।यूनियन के सक्रिय सदस्यों ने 4,5 और 6 दिसंबर को झंडा छाप में मोहर लगाकर ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन को विजय बनाने की अपील किया गया। रेलकर्मियों से जनसंपर्क अभियान के तहत आयोजित इस गेट मीटिंग में पूर्व केन्द्रीय पदाधिकारी राजेश कुमार, जितेंद्र कुमार साव,एन के खवास, राकेश कुमार, टी के साहू, ए.के दा, सुदर्शन महतो, परमेश्वर कुमार,मंटू महतो, विश्वजीत मुखर्जी, रितलाल गोप, सि एस प्रसाद,प्रशांत बनर्जी, सुरेंद्र कुमार चौहान, विमान मंडल, पिंटू नंदन, भानु प्रकाश, रविंदर रवानी राजकुमार,नवनीत कुमार, शिव जी प्रसाद, रमेश तिवारी, अरविंद कुमार,सोनू रजक, बी.प्रमाणिक, मोनोजित सान्याल, सुभाष कुमार,सौरव कुमार, विक्रांत कुमार सिंह उपस्थित थे।

### बीमा कंपनी को 1.41 लाख रुपये भुगतान का आदेश

**गुमला।** जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग गुमला ने रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी को उपभोक्ता राजकुमार यादव को 1,39,500 का मुआवजा और मानसिक-शारीरिक कष्ट के लिए अतिरिक्त 2,000 का भुगतान 60 दिनों के भीतर करने का आदेश दिया है। आयोग के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय, सदस्य सरला गंजू और सैयद अली हसन फातमी ने अपने संयुक्त आदेश में कहा कि शिकायतकर्ता राजकुमार यादव की बोलेरो गाड़ी 21 अक्टूबर 2021 को रांची में जयपुर थाना क्षेत्र से चोरी हो गई थी। लालपुर थाना में मामला दर्ज होने के बावजूद पुलिस गाड़ी या चोरों का पता नहीं लगा पाई। राजकुमार यादव ने बीमा कंपनी को इसकी सूचना दी, लेकिन कंपनी ने मुआवजा भुगतान में टालमटोल किया। इसके बाद मामला उपभोक्ता आयोग में पहुंचा। सभी साक्ष्यों और दस्तावेजों की समीक्षा के बाद आयोग ने बीमा कंपनी को मुआवजा भुगतान का आदेश दिया। आयोग ने स्पष्ट किया कि यदि 60 दिनों में भुगतान नहीं किया गया, तो 6% वार्षिक ब्याज के साथ राशि का भुगतान करना होगा।

### गुमला में विधानसभा चुनाव 2024 मतगणना की तैयारी पुरी

# सभी अधिकारी और कर्मी मतगणना के दिन पूरी निष्ठा से नियमों का पालन करते हुए कार्य करें : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

आगामी 23 नवंबर को विधानसभा आम चुनाव 2024 की मतगणना के मद्देनजर आज समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों और कर्मियों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मतगणना की तैयारी और प्रक्रिया को लेकर ज्वाइंट ब्रीफिंग दी गई।

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने मतगणना को चुनाव की अंतिम और सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया बताया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अधिकारी और कर्मी मतगणना के दिन पूरी निष्ठा और नियमों का पालन करते हुए कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतगणना स्थल पर किसी को भी मोबाइल फोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी।



मतगणना 23 नवंबर को सुबह 8 बजे चंदाली स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में शुरू होगी। सभी कर्मियों को सुबह 7 बजे वज्रगृह में उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मतगणना स्थल में प्रवेश केवल एंट्री पास और पेन-पेपर के साथ ही संभव होगा। साथ ही, मीडिया कर्मियों पर भी मोबाइल फोन ले जाने की पाबंदी लगाई गई है। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। उपायुक्त ने सभी को शांति और संयम बनाए रखने का निर्देश दिया और किसी समस्या की स्थिति में वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क करने को कहा। पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को मतगणना केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने और हाई अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना केंद्र के अंदर पुलिस कर्मियों का प्रवेश वर्जित रहेगा और मोबाइल फोन ले जाना भी प्रतिबंधित होगा। पुलिसकर्मियों को अपने ड्यूटी स्थल और सेक्टर मजिस्ट्रेट से पूर्व परिचित होने को कहा गया।




# एनएच 23 पर अज्ञात ट्रक की टक्कर से ऑटो दुर्घटनाग्रस्त, नौ गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

रांची-गुमला मुख्य मार्ग एनएच 23 पर शुक्रवार की दोपहर भरनो थाना क्षेत्र के खरवागढ़ा में अज्ञात ट्रक की टक्कर से एक ऑटो दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क पर पलट गया। इस हादसे में ऑटो सवार कुल 14 लोग घायल हुए, जिनमें से 9 की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि 5 लोगों को मामूली चोटें आई हैं। घायलों में पालकोट थाना क्षेत्र के झीकिरमा गांव निवासी ऑटो चालक मनोज महतो (48), उसके बेटे सोनू महतो (21), विपुल महतो (17), बेटी मंदीपा कुमारी (23), गौरी कुमारी (11) और सेमरा गांव की विमला कुमारी (22) शामिल हैं। वहीं, भरनो थाना क्षेत्र के आताकोरा तेतरटोली गांव की ममता कुमारी (20), सुशांति कुमारी (18) और स्मृति कुमारी (6) भी घायल हुई हैं। मिली जानकारी के अनुसार, मनोज महतो अपने परिवार के साथ झीकिरमा गांव से ऑटो में सवार होकर मेला देखने हेसागुटू जा रहे थे। रास्ते में डाडहा और दुम्बो चौक के पास ममता, सुशांति और स्मृति भी ऑटो में सवार हुईं। भरनो से पहले खरवागढ़ा के पास एक अज्ञात ट्रक ने ऑटो को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ऑटो सड़क पर पलट गया।

घटना की सूचना पर भरनो थाना प्रभारी कंचन प्रजापति पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल विपुल महतो, विमला कुमारी, ममता कुमारी और स्मृति कुमारी को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया। प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है, और अज्ञात ट्रक की तलाश जारी है।

# कांग्रेस नेता ओपी लाल की चौथी पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता। लोयाबाद/धनबाद**

पूर्व मंत्री सह कांग्रेस नेता स्व. ओपी लाल की चौथी पुण्यतिथि मनी। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (राकोमयू) के संयुक्त महामंत्री रवि चौबे के आवसीय कार्यालय हुई, जहां उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। श्रद्धांजलि सभा मे पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, बियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार झा, राकोमयू के महामंत्री एके झा, केन्द्रीय उपाध्यक्ष रामप्रीत यादव, कांग्रेस जिला महासचिव राजकुमार महतो स्व. ओपी लाल की पुत्रवधू शकुंतला लाल सहित उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभिनी श्रद्धांजलि दी।




मौके पर पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने कहा कि आज के दिन उनको याद करना नैतिक जिम्मेवारी हैं। वे लोकप्रिय मजदूर नेता व कर्मठ व्यक्ति थे। उनसे मेरा बहुत ही मधुर संबध था। वे अपनी दिल की बात शेयर करते थे।वे आज हमारे बीच नहीं है। लेकिन उनके विचार आज भी जीवित है। पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय कुमार झा ने कहा कि वे सात्विक जीवन के मिसाल थे। उनसे बहुत कुछ सीखा है। एक महापुरूष में सौम्यता, सरलता, सादगी, मृदभाषी, सहनशीलता जितना गुण होता हैं। वे सभी गुण उनमें मौजूद थे। उनके पदचिन्हों पर चलना ही बहुत बड़ी बात हैं। ए.के झा ने कहा कि लाल साहब बहुत संघर्षशील, मेहनती, लड़ाकू व जमीनी नेता थे। वे लंबे समय तक कांग्रेस व इंटक के लिए संर्घष किया। उनके लिए मजदूर हित सर्वोपरि था। श्रद्धांजलि सभा को रामप्रीत यादव, लगनदेव यादव, भोला राम, चंद्रदीप यादव, राजकुमार महतो, सुरेश लाल आदि ने संबोधित किया। मौके पर अनुज सिन्हा पलटू, बिनोद विश्वकर्मा, चांद खान, नागेन्द्र शर्मा, राममहेश अधिकारी, ताजोद्दिन अंसारी आदि मौजूद थे।

### विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकताओं ने किया रक्तदान

**गुमला।** गुमला में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के छह कार्यकताओं ने सदर अस्पताल में इलाजरत मरीजों की सहायता के लिए रक्तदान कर समाजसेवा की मिसाल पेश की। रक्तदान करने वालों में राजेश साहू (ओ पॉजिटिव), हर्षराज सिंह (ए पॉजिटिव), अमर चौधरी (ए पॉजिटिव), प्रीतम कुमार (ओ पॉजिटिव), सौरभ प्रसून (ए पॉजिटिव) और संजय कुमार भगत (एबी पॉजिटिव) शामिल थे। रक्तदाता हर्षराज सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में गुमला ब्लड बैंक में रक्त की मांग बढ़ रही है, लेकिन उपलब्धता कम है। उन्होंने सभी युवाओं से नियमित रक्तदान करने की अपील की। इस अवसर पर मुकेश सिंह, यशराज सिंह, सौरव गुप्ता, लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार समेत कई लोग उपस्थित रहे। इस पहल को क्षेत्र में सराहना मिल रही है।

# काउंटिंग व इलेक्शन एजेंट को दिया गया प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार शुक्रवार को न्यू टाउन हॉल के ऊपरी तल में प्रत्याशी, प्रत्याशी के काउंटिंग एजेंट व इलेक्शन एजेंट को मतगणना से संबंधित प्रशिक्षण मुख्य प्रशिक्षक संजय कुमार व राजकुमार वर्मा द्वारा विस्तारपूर्वक दिया गया। प्रशिक्षण में ईवीएम, पोस्टल और ईलेकट्रोनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलट की काउंटिंग तथा विभिन्न प्रपत्रों से संबंधित जानकारियां दी गई। साथ ही बताया गया कि मतगणना स्थल में मोबाइल फोन सहित किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लेकर जाने पर प्रतिबंध रहेगा। सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी। हर राउंड में कंट्रोल यूनिट और फॉर्म 17 सी से ही गणना की जाएगी।हर टेबल पर फ्लो चार्ट से मिलना किया जाएगा।अंत में प्रत्येक विधानसभा से रैंडमली 5 बूथ की लॉटरी के माध्यम से वीवीपैट स्लिप की गणना की जाएगी। काउंटिंग समाप्त होने के उपरांत ही काउंटिंग एजेंट मतगणना हॉल को छोड़ेंगे।

यह भी बताया गया कि निवार्ची पदाधिकारी की अनुमति मिलने के बाद ही कोई कार्य करना है तथा चुनाव आयोग के दिशा निदेश का पालन करना हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### जेके इंटरनेशनल ने 270 रन से जीता टूर्नामेंट



**रांची।** रांची जिला क्रिकेट एसोसिएशन (आरडीसीए) अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट सुकुरहुट्टू ग्राउंड में खेला गया। टूर्नामेंट जेके इंटरनेशनल बनाम एसआर डीएवी पुंदाग के बीच खेला गया। जेके इंटरनेशनल स्कूल ने 35 ओवर में छह विकेट पर 334 रन बनाया। वहीं आशुतोष ने 153, आदित्य ने 88 व आशीष ने 30 रन बनाया। स्वराज ने दो विकेट लिया वहीं 55 रन दिया। एसआर डीएवी पुंदाग ने 16.2 ओवर में 10 विकेट पर 64 रन बनाया। स्वराज ने 24 रन बनाया। वहीं आदित्य ने पांच ओवर में 15 रन दिया। जेके इंटरनेशनल ने 270 रन से जीता दर्ज किया।

### हरमू यूथ की टीम ने छह विकेट से जीता टूर्नामेंट

**रांची।** रांची जिला क्रिकेट एसोसिएशन (आरडीसीए) अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट नेहरू ग्राउंड में खेला गया। टूर्नामेंट डांगी सीसी व हरमू यूथ के बीच खेला गया। डांगी सीसी ने 17.2 ओवर में 10 विकेट पर 67 रन बनाया। हर्ष ने 20 रन बनाया। वहीं अंश राज ने 4 ओवर में 12 रन, हिमांशु ने 2ओवर में 10 रन, सूर्य व सक्षम वर्मा ने दो ओवर में तीन रन दिया। वहीं हरमू यूथ की टीम ने 8.5 ओवर में चार विकेट पर 68 रन बनाया। अक्ष कुमार ने 30 व हिमांशु मुंडा ने 17 रन बनाया। हिमांशु कुमार ने तीन ओवर में 25 रन दिया। हरमू यूथ की टीम ने 6 विकेट से जीत दर्ज किया।

### कांग्रेस के पूर्व महासचिव मदन मोहन शर्मा का निधन

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव मदन मोहन शर्मा का रांची के बरियातू रोड स्थित रामप्यारी हॉस्पिटल में शुक्रवार को निधन हो गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित अन्य नेता मौके पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बधाया। उन्होंने शोक जताते हुए कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दे। प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने उनके निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि उनके निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। उनके निधन पर कांग्रेस के कई नेताओं ने शोक जताया है।

### यात्रियों की कठिनाइयों का जल्द समाधान हो : चैंबर



**रांची।** यात्री सुविधा से जुडे मुद्दों पर चैंबर भवन में एक बैठक हुई। रांची रेलवे स्टेशन पर बैगेज स्कैनिंग के दौरान प्रवेश और निकास द्वार पर लगनेवाली लंबी जाम से यात्रियों को होनेवाली कठिनाई पर चर्चा के साथ ही अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। रेलवे स्टेशन में प्रवेश के लिए एकमात्र द्वार की उपलब्धता के कारण यात्रियों की लंबी कतारें लग रही हैं। प्रवेश द्वार पर अधिष्ठापित एक अतिरिक्त बैगेज स्कैनर खराब होने के कारण एक ही बैगेज स्कैनर से स्कैनिंग हो पा रही है जिसमें विलंब के कारण कई बार यात्रियों के ट्रेन छूटने की संभावना बनी रहती है। आवश्यक है कि स्टेशन के मुख्य द्वार के पास प्रवेश के अन्य बंद पडे गेट खोले जायें ताकि यात्री आसानीपूर्वक स्टेशन में प्रवेश कर सकें। चचाओं के निर्णयानुसार रांची रेलमंडल में चैंबर के डीआरयूसीसी प्रतिनिधि और रेलवे उप समिति के चेयरमेन संजय अखौरी ने डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा को पत्राचार कर इसपर त्वरित कार्रवाई की मांग की। यात्रियों की सुविधा हेतु रांची और हटिया रेलवे स्टेशन से सिटी बस चलाने को भी जरुरी बताया। चैंबर द्वारा प्रेषित पत्र के माध्यम से यह भी कहा गया कि रांची रेलवे स्टेशन के पार्किंग के पास से प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए स्वचालित सीढ़ी भी निरंतर खराब रहती है जिससे यात्री सीढी से प्लेटफॉर्म तक जाने को विवश होते हैं। इस दौरान सीनियर सिटीजन और महिलाओं को विशेष परेशानी होती है।

### 20वीं सब जूनियर झारखण्ड राज्य वुशु प्रतियोगिता आज से

**रांची।** 20 वीं सब जूनियर झारखण्ड राज्य वुशु प्रतियोगिता शनिवार से प्रारम्भ हो रही है, इस प्रतियोगिता में झारखण्ड के विभिन्न जिलों के तकरीबन 300 खिलाड़ी और तकनीकी पदाधिकारी भाग ले रहें है। यह प्रतियोगिता सिल्ली के द विलेज रिसोर्ट में आयोजित हो रही है. प्रतियोगिता का 23 और 24 नवंबर तक होगी। इसकी जानकारी देते हुए झारखण्ड वुशु एसोसिएशन के सचिव शैलेन्द्र दुबे ने बताया की इस प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। उन्होंने बताया की इस प्रतियोगिता के आधार पर चयनित खिलाड़ी पंजाब के होसियारपुर में आयोजित सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह तीन बजे जबकि समापन समारोह अपराह्न 3.30 बजे होगा। उन्होंने बताया की प्रतियोगिता के आयोजन में खेल विभाग का सहयोग मिल रहा है।

### पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय पुरुष फुटबॉल में रांची विवि की धमाकेदार शुरूआत



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की टीम ने शुक्रवार को कोलकाता में खेले गए पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले मैच में जेआईएस यूनिवर्सिटी को 9-0 आठ से पराजित कर धमाकेदार शुरूआत की। रांची की टीम के लिए सुमित और बाघम ने दो दो गोल किए जबकि शंकर, परवीन, नितेश,आकाश और निशांत ने एक-एक गोल किया।

# हजारीबाग यूथ विंग द्वारा शीतकालीन राहत अभियान, एक दिसंबर से फरवरी तक हर रविवार आयोजित होगा कंबल वितरण कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा गुरुवार को देर शाम एक अहम बैठक अध्यक्ष करण जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में संस्था के विभिन्न कार्यों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुआ वहीं मुख्य चर्चा में इस सर्दी में, संस्था 1 दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 तक प्रत्येक रविवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों में 100-100 कंबल और मुरी का वितरण करेगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गरीब और वंचित परिवारों को ठंड से राहत पहुंचाना है। यह सराहनीय पहल संस्था द्वारा दूसरी बार आयोजित की



जा रही है। इस बार भी कंबल वितरण का पूरा खर्च संस्था स्वयं वहन कर रही है। संस्था ने इस बात पर विशेष जोर दिया है कि इस कार्यक्रम में किसी भी अन्य संगठन, व्यक्ति या बाहरी सहयोग से आर्थिक मदद नहीं ली जा रही है।

**कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं**

समयावधि 1 दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 तक, प्रत्येक रविवार को, स्थान हजारीबाग के विभिन्न प्रखंड और पंचायत में 100 कंबल और मुरी का वितरण,पूरे अभियान का खर्च हजारीबाग यूथ विंग स्वयं वहन कर रहा है। बैठक में अध्यक्ष करण जायसवाल, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष जयप्रकाश खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल,कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक पांडे,गुंजन मद्धेशिया एवं उदित तिवारी सहित कई लोग मौजूद थें। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की समाज में सेवा भावना का प्रसार करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। यह पहल सिर्फ जरूरतमंदों की मदद करने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में संवेदनशीलता और दायित्व की भावना को मजबूत करने का प्रयास है। सर्दी के इस मौसम में ठंड से जूझ रहे लोगों को थोड़ी राहत प्रदान करना हमारा कर्तव्य है, और हजारीबाग यूथ विंग इसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभा रहा है।अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा की हमारा लक्ष्य है कि इस पहल से समाज के सबसे जरूरतमंद लोगों तक मदद पहुंचाई जा सके। इस पूरे अभियान की योजना और क्रियान्वयन हमारी टीम ने खुद किया है। हमारे लिए यह गर्व का विषय है कि इस सेवा कार्य को बिना किसी बाहरी सहयोग के हम सफलतापूर्वक संचालित कर रहे हैं।

संपादकीय

# पलायन नहीं समस्याओं का समाधान हो

कहीं बहुत ज्यादा बारिश, सूखा, सर्दी, गर्मी हो या फिर दंगे और बंद या कोई बड़ा आयोजन हो या बीमारी, सरकार के लिए आसान उपाय है, शिक्षण संस्थाओं की छुट्टी। दिल्ली में खतरनाक स्तर पर पहुंचे प्रदूषण के मामले में भी यही हो रहा है। एक आम धारणा बन गई है कि विद्यार्थियों की छुट्टी से हालात सुधर जाएंगे। सतही तौर पर यह सही भी लगता है, लेकिन गहराई से विचार करें, तो यह समस्याओं से भागने की प्रवृति यानी पलायन है। प्रशासन के पास नहीं है समाधान का स्थाई उपाय तो आसान यही लगता है। वैसे प्रशासन भी क्या करे, यदि छुट्टी न करे, तो वे समूह मुखर हो जाते हैं, जो यह साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ते कि बिना छुट्टी मानवता खतरे में आ जाएगी। हाल ही में दिल्ली सरकार एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शिक्षण संस्थानों में वायु की खराब गुणवत्ता के मद्देनजर छुट्टी कर दी गई है। ऐसे में छुट्टी घोषित करने के लाभ-हानि का भी आकलन होना नितांत आवश्यक है। प्रशासन से यह सवाल भी पूछा जाना चाहिए कि क्या विषैली वायु से निपटने का यही समाधान है। इसमें कोई दो राय नहीं कि वायु जहरीली होती जा रही है, लेकिन संभवतया शिक्षण संस्थाओं की छुट्टी करना उसका हल नहीं है।यदि इसे महाभारत के प्रसंग के साथ जोड़ा जाए, तो स्थिति कुछ वैसी ही है, जैसे-शुरूआत में आज की जनता रूपी अर्जुन, विषैली वायु रूपी युद्ध से बचने के लिए रथ के पीछे यानी छुट्टी पर जा कर बैठ जाता है। यदि कृष्ण न होते तो शायद कौरव यानी प्रदूषण विजयी हो जाता। आज के युग में भी उस कृष्ण की आवश्यकता है, जो प्रदूषण से मुक्ति दिला सके और जनता को नेपथ्य से निकाल सामने खड़ा कर सके।दूसरा पक्ष यह भी है कि विद्यार्थियों के अतिरिक्त भी बहुत बड़ा वर्ग है, जो निरंतर विषैली वायु के संपर्क में रहता है। क्या उनकी कोई जिंदगी नहीं है? शिक्षण संस्थाओं को बंद करने के औचित्य के विश्लेषण में विद्यार्थियों के संस्थान तक पहुंचने, वहां अध्ययन करने अथवा खेलने और वापसी में हो रहे वायु संपर्क के समय को दृष्टिगत रखना होगा। घर से संस्थान तक आने के लिए ज्यादातर छात्र विद्यालय, सार्वजनिक परिवहन या निजी वाहनों का उपयोग करते हैं। शहरी परिवेश में साइकिल या पैदल का चलन न्यूनतम है। संस्थान में रहने के दौरान विद्यार्थी अधिकतम एक घंटे तक खुले में रह पाता है।शेष समय कक्षा में ही गुजरता है, आजकल प्रार्थना सभा का चलन भी कम हो गया है और यदि औपचारिकता होती भी है, तो संबंधित कक्ष में ही हो जाती है। इसके दीगर यदि छुट्टी होती है, तो आवश्यक नहीं कि विद्यार्थी घर में ही कैद रहें। यदि आदर्श रूप से ऑनलाइन कक्षा में शत प्रतिशत पूर्ण गंभीरता से उपस्थिति मान भी लें, तो अपेक्षाकृत विषैली वायु से संपर्क छुट्टी की परिस्थिति में अधिक होता है। वैसे भी ऑनलाइन कक्षाएं अभी भी आर्थिक रूप से वंचित वर्ग के लिए चुनौती ही हैं। घर पर किसी भी रूप में पढ़ाई के लिए सौ फीसदी माहौल नहीं बन पाता। साथ ही घर पर विषैली वायु से शून्य संपर्क हो, यह भी संभव नहीं है। छुट्टी करने की मांग ऐसे वर्ग के लोग ज्यादा उठाते हैं, जिनके बच्चे एयर प्यूरिफायर के साये में रहते हैं।

**भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धति जैसे कि आयुर्वेद और योग दूसरी पद्धतियों के मुकाबले सस्ती एवं सुगम हैं। इसके लिए बहुत बड़े आधारभूत संरचना की भी अवश्यकता नहीं पड़ती। मौजूदा स्वास्थ्य ढांचे के जरिये ही इन्हें भी लागू किया जा सकता है।**

# साहित्यिक आयोजनों को और आकर्षक कैसे बनाएं?



**कुमार संजय**
(नाटककार, शिक्षक)

इन दिनों पुरस्कार और सम्मान समारोह काफी हो रहे हैं आयोजक सजावट और चमक-दमक पर काफी पैसा खर्च कर रहे हैं रिफ्रेशमेंट, बुके, पौधों पर कोई कमी न रह जाए। इसपर पूरा ध्यान देते हैं सभी मंचासिन विशिष्ट अतिथियों को मेमेंटो देने का रिवाज भी काफी जोरों पर है। बावजूद इसके ज्यादातर सम्मान समारोह कुछ बेसिक कमियों की वजह से सही प्रभाव छोड़ने में असमर्थ रहते हैं। आज पुरस्कार या सम्मान समारोह से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बातों का जिक्र करने जा रहा हूं। अगर इन बातों पर ध्यान दिया जाए, तो कार्यक्रम निश्चित रूप से ज्यादा प्रभावी, आकर्षक और सफल होंगे।

**समय :** ज्यादातर कार्यक्रम समय पर शुरू नहीं होते साधारण तौर पर कार्यक्रम दो-तीन कारणों से देर से शुरू होते हैं मुख्य अतिथि या विशिष्ट अतिथि का समय पर न आना, आमंत्रित मेहमानों के इंतजार में आंखें बिछाए रहना ( हॉल भरे तो कार्यक्रम शुरू किया जाए) और अंतिम क्षण में किसी समस्या का खड़ा हो जाना जैसे बिजली का चला जाना, माइक का काम न करना वगैरह बहुत जरूरी है कि कार्यक्रम सही समय पर शुरू किया जाए 15 मिनट की देरी क्षम्य है मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि आएं या न आएं, दर्शक कम हों तब भी कार्यक्रम को सही समय पर शुरू करना चाहिए इससे लोग कार्यक्रम के प्रति गंभीर होंगे, समारोह की गरिमा कायम होगी, लोगों में समय की पाबंदी आएगी।

**संचालन :** संचालक को पूरी तैयारी से मंच पर आना चाहिए उद्घोषक या संचालक का दमदार संचालन कार्यक्रम में चार चांद लगा देता है अक्सर एंकर मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, पुरस्कृत विजेता का नाम गलत बोलते हैं, उनका परिचय गलत दे देते हैं, और फिर सफाई देते हैं कि उन्हें ठीक से बताया नहीं गया था, उन्हें जानकारी नहीं थी इसके लिए जरूरी है कि आयोजन और एंकर मिलकर पहले से सभी डाउट्स क्लियर कर लें।

**पुष्प गुच्छ, सम्मान पत्र, शॉल :** आयोजक को पहले से इन्हें प्लेट में सजा कर रखना चाहिए संस्था के सदस्यों को पहले से नियुक्त करके रखना चाहिए कि कौन किसको पुष्प गुच्छ भेंट करेगा, कौन किसे सम्मानित करेगा, शॉल-सम्मान पत्र-मेमेंटो वगैरह लेकर मंच पर कौन आएगा यहां ऑन द स्पॉट बुलाने की परंपरा है, जो नजर आ जाए उसे बुला लो यह सही नहीं है इससे कार्यक्रम का प्रभाव कम होता है।

**शॉल या पगड़ी :** साधारण तौर पर विजेताओं को शॉल ओढ़ाया जाता है, या पगड़ी पहनाई जाती है वह जैसे ही अपनी जगह पर लौटते हैं, शॉल को मोड़ कर रख देते हैं। पगड़ी उतार देते हैं यह सही नहीं है छात्रों को जब मेडल पहनाया जाता है, तो वह फख्र से उसे पहनकर, जब तक इवेंट समाप्त नहीं हो जाता, इतराकर घूमते हैं यहां इतराकर घूमने की बात तो नहीं आ रही, लेकिन शॉल-पगड़ी पहने रहने से आपकी खुद की गरिमा बढ़ती है, और कार्यक्रम की भी आप शॉल ओढ़ कर या पगड़ी पहन कर अपने उद्गार व्यक्त करते हैं, तो आप भीड़ से अलग और आकर्षक दिखते हैं आपके फोटो भी आकर्षक आते हैं।




**परिचय :** हर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि का संक्षिप्त परिचय देकर ही उन्हें मंच पर बुलाना चाहिए, भले लोग उन्हें जानते हों यही बात पुरस्कृत होने वाले विजेताओं पर भी लागू होती है विजेताओं को पुरस्कृत करने के पहले उनका संक्षिप्त परिचय जरुर देना चाहिए हवा में खानापूर्ति वाला परिचय नहीं, बल्कि तथ्यपूर्ण परिचय, उनकी उपलब्धियों, विशिष्टताओं, प्रकाशित पुस्तकों के बारे में संक्षिप्त जानकारी होनी चाहिए सभी लोग मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि तथा विजेताओं से परिचित नहीं होते उनके बारे में जानने के लिए सभी उत्सुक रहते हैं।

**संभाषण :** संचालक, वक्ताओं, पुरस्कृत विजेताओं, मुख्य अतिथि सभी के बोलने का समय निश्चित होना चाहिए दो- चार मिनट आगे पीछे हो सकता है सबसे विनम्रता पूर्वक अनुरोध करना चाहिए कि वे अपना वक्तव्य निर्धारित समय पर समाप्त करें और सभी का फर्ज बनता है कि समय सीमा को ध्यान में रखकर ही बोलें सही वक्ता वही होता है, जो निर्धारित समय में अपनी बात कहने की क्षमता रखता है। यहां कुछ बातें ध्यान देने योग्य हैं। अफसोस की बात यह है कि अधिकांश विजेता अपने उद्गार सही ढंग से व्यक्त करना नहीं जानते। उन्हें उन लोगों के प्रति आभार व्यक्त करना चाहिए जो उनके प्रेरणा स्रोत रहे हैं और जिन्होंने उनकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वह मंच अपने लेखन पर व्याख्यान देने, अपनी भड़ास निकालने, प्रवचन देने या लंबी कविता सुनाने का स्थान नहीं है। यही बात मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और मुख्य वक्ता पर भी लागू होती है। जो भी बोलना है, सीधे मुद्दे पर बोलें और तैयारी के साथ बोलें। ये लोग अक्सर शुरूआत की भूमिका में बहुत अधिक समय खींच देते हैं। यदि 8 मिनट का समय निर्धारित है, तो 4 मिनट भूमिका में ही बर्बाद कर देते हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। सीधा मुख्य विषय पर आइए-आजकल दर्शकों के पास इतना धैर्य नहीं होता।

**कार्यक्रम की रूपरेखा :** आयोजक को चाहिए कि दर्शकों को ध्यान में रखकर पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करें लगातार संभाषण नहीं होना चाहिए लगभग हर कार्यक्रम में कुछ दर्शक ऐसे होते हैं, जिन्हें साहित्य में दिलचस्पी नहीं होती बीच में सांस्कृतिक कार्यक्रम या कुछ हल्का बदलाव जरूर होना चाहिए, जिससे कार्यक्रम की नीरसता दूर हो, माहौल थोड़ा खुशनुमा हो लगातार संभाषण से दर्शक खासकर युवा बोर हो जाते हैं।

**धन्यवाद ज्ञापन :** धन्यवाद ज्ञापन बहुत मायने रखता है हर किसी को अपना नाम प्रिय होता है अगर दर्शक कम हों, तो कोशिश करनी चाहिए कि सभी का नाम लेकर अपनी कृतज्ञता व्यक्त की जाए अक्सर लोग बैक स्टेज काम करने वालों का नाम लेना भूल जाते हैं बैक स्टेज काम करने वालों का अर्थ है, साउंड एवं लाइट वाले, मंच सजाने वाले, मेहमानों का स्वागत करने वाले, रिफ्रेशमेंट देने वाले मुख्य लोगों का नाम लेने के साथ-साथ इन लोगों का भी नाम लेना चाहिए।

**ग्रुप फोटोग्राफ :** कोशिश करनी चाहिए कि अंत में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, विजेताओं के साथ आमंत्रित मेहमानों का ग्रुप फोटो लिया जाए इस तरह से यह इवेंट सबके लिए यादगार बन जाता है सोशल मीडिया पर सभी शेयर करते हैं, इससे कार्यक्रम का रीच बढ़ता है, लोगों को कार्यक्रम की जानकारी होती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात

# अध्यात्म, जीवन और व्यवहार



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक, सहायक आचार्य, शिक्षा संकाय कार्तिक उरांव महाविद्यालय, रांची विश्वविद्यालय रांची

आध्यात्मिकता एक ऐसा मार्ग है जो व्यक्ति को अपने अस्तित्व की गहराइयों में उतरने और जीवन के मूलभूत उद्देश्यों को समझने का अवसर प्रदान करता है। यह दृष्टिकोण मानव जीवन और व्यवहार को एक नई दिशा और अर्थ देता है। भौतिकता, व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं, और बाहरी उपलब्धियों के पार जाकर, आध्यात्मिक दृष्टिकोण जीवन को गहराई से समझने और आत्मिक संतोष प्राप्त करने की दिशा में ले जाता है। इस आलेख में, हम आध्यात्मिक दृष्टिकोण के माध्यम से जीवन और व्यवहार की व्याख्या करेंगे, साथ ही यह भी जानेंगे कि यह दृष्टिकोण कैसे हमारे दैनिक जीवन और निर्णयों को प्रभावित करता है। जीवन आध्यात्मिकता का आधार यह विश्वास है कि जीवन केवल भौतिक अस्तित्व तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक दिव्य चेतना का अंश है। प्राचीन भारतीय ग्रंथों में कहा गया है कि मानव जीवन का उद्देश्य 'मोक्ष' प्राप्त करना है, जो आत्मा की मुक्ति और सत्य का साक्षात्कार है। इस दृष्टिकोण के अनुसार, हर व्यक्ति का जीवन एक यात्रा है, जिसमें वह अपने भीतर के सत्य और ब्रह्मांडीय ऊर्जा के साथ एकता स्थापित करने का प्रयास करता है। यह केवल धर्म और परंपराओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन के हर पहलू को प्रभावित करने वाला व्यापक दृष्टिकोण है। जीवन और व्यवहार पर आध्यात्मिक दृष्टिकोण से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातें हैं, जो जीवन को अर्थपूर्ण और सुखद बनाने में सहायक होती हैं। आध्यात्मिक दृष्टिकोण से, जीवन केवल भौतिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है। इसका मुख्य उद्देश्य आत्म-ज्ञान प्राप्त करना और आत्मा को उच्चतर स्तर तक ले जाना है। भारतीय दर्शन में, जीवन को चार पुरुषार्थों - धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष - के माध्यम से देखा गया है। इनमें से मोक्ष, जो आत्मा की मुक्ति है, सबसे ऊंचा उद्देश्य माना गया है। यह दृष्टिकोण व्यक्ति को यह समझने में मदद करता है कि उसका जीवन केवल व्यक्तिगत इच्छाओं और सामाजिक जिम्मेदारियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ब्रह्मांड के साथ एक गहरे संबंध से जुड़ा हुआ है। आध्यात्मिकता के माध्यम से व्यक्ति अपनी वास्तविक पहचान को समझ सकता है। हमारी बाहरी पहचान जैसे नाम, पेशा, या सामाजिक स्थिति, हमारी सच्ची पहचान नहीं है। गीता में कहा गया है, तुम्हारा आत्मा अजर-अमर है। यह आत्म-चेतना का बोध व्यक्ति को स्थायी शांति और आत्मनिर्भरता प्रदान करता है। आध्यात्मिक दृष्टिकोण व्यक्ति के व्यवहार को संतुलित करता है। जब हम यह समझते हैं कि हर व्यक्ति एक अद्वितीय आत्मा है, तो हमारे दृष्टिकोण में सहिष्णुता और दया आ जाती है। अहिंसा, सत्य, और करुणा जैसे मूल्य हमारी सोच और कर्म में स्वाभाविक रूप से शामिल हो जाते हैं। महात्मा गांधी ने अहिंसा और सत्य को अपने जीवन का आधार बनाया और अपने व्यवहार में आध्यात्मिक मूल्यों का पालन करते हुए समाज को प्रेरित किया। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात

# पार्टियों के लिए चुनाव जीतने का एकमात्र फंडा मुफ्त रेवड़ी कल्चर



**चैतन्य भट्ट**

प्रदेश सरकार अटल ग्रह ज्योति स्कीम में बिजली सब्सिडी घटाने की तैयारी में है। वर्तमान पात्रता 150 यूनिट है जिसे 100 करने का प्रस्ताव है जिससे लगभग 62 लाख उपभोक्ता स्कीम से बाहर हो जाएंगे। किसानों को झटका देने की तैयारी भी है जिन्हें लगभग दोगुनी महंगी बिजली मिलेगी। करदाता के पैसे से मुफ़्त रेवड़ी बांटकर वोटों की फसल काटने के लिए सारे देश में मिसाल बन चुकी सरकार का यह कदम आश्चर्यजनक है। लगता है कि चुनाव की वैतरणी पार कर लेने के बाद अब सरकार को अपनी जेब में हुए छेद की फि क्र सताने लगी है। मध्यप्रदेश सरकार की मुफ़्त पैसा बांटने वाली लाड़ली बहना जैसी ग्यारंटीड चुनावी सक्सेस वाली योजना ऐसी मिसाल है जिसका विधानसभा चुनावों में देश के तमाम राजनीतिक दलो ने अंधानुकरण किया है। ताजा नजीर महाराष्ट्र की है जहां भाजपा, शिंदे शिवसेना और अजित पवार की साझा सरकार ने एन चुनाव के पहले बहनों के वोट बटोरने का न सिर्फ ऐसा ही दांव खेला है बल्कि एक कदम आगे बढ़कर भाइयों को भी इसमें शामिल कर लिया है। बहरहाल महाराष्ट्र वित्तीय रूप से सुदृढ़ राज्य है और अपनी औद्योगिक और व्यापारिक अधोसंरचना के चलते ऐसी योजनाएं चलाने में सक्षम साबित हो सकता है। मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था मूल रूप से कृषि आधारित है। औद्योगीकरण के लिए जरूरी अधोसंरचना का शुरू से अभाव रहा है और अभी तक का इतिहास देखें तो इस दिशा में हुए प्रयास ज्यादा सफल नहीं रहे हैं। औद्योगीकरण आकर्षित करने के तमाम सरकारी आयोजनों के बावजूद स्थापित उद्योग मूलतः मध्यम और लघु श्रेणी के ही हैं। आर्थिक बदहाली के कारण समय पर सब्सिडी न मिलने से ये उद्योग भी बदहाली का शिकार हैं। नतीजतन उनसे पैदा होने वाले रोजगार की संभावनाएं धूमिल हो रही हैं। मुफ़्त रेवड़ी कल्चर पर होने वाली बहस में अक्सर प्रश्न उठता है : इनसे सरकारें मतदाता को भ्रष्ट बनाती हैं या मतदाता का लालच सरकारों को ऐसे भ्रष्टाचार के लिए मजबूर करता है ? इनमें होने वाला गड़बड़ झाला परिचय का मोहताज नहीं है। कन्यादान योजना में दी जाने वाली एकमुश्त रकम की लालच में विवाहित जोड़ों का पुनः विवाह और दहेज में दिए जाने वाले सामान की सरकारी खरीद में भ्रष्टाचार की खबरें सुर्खियां रही हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# सामंजस्यपूर्ण व्यक्तित्व का विकास करना



**बोधि वृक्ष**

**यदि अधिकांश लोग आपको आकर्षणहीन व्यक्तित्व पाते हैं, तो अपना विश्लेषण करें। आपकी रूप-सज्जा में कुछ ऐसे लक्षण हो सकते हैं जो दूसरों के लिए अरुचिकर हों।**



**श्री श्री परमहंस योगानंद**

दोनों ही भाव कल्पना द्वारा तथा तथ्यों की उपेक्षा द्वारा पोषित होते हैं, जबकि उनमें से कोई भी आत्मा के सच्चे, सर्वशक्तिमान स्वरूप से सम्बन्ध नहीं रखता। अपने आत्मविश्वास को वास्तविक उपलब्धियों पर तथा इस ज्ञान पर आधारित करें कि आपका वास्तविक स्वरूप (आत्मा) कभी भी किसी प्रकार से 'हीन' नहीं हो सकता; तब आप सभी मनोग्रन्थियों से मुक्त हो जाएँगे। यदि अधिकांश लोग आपको आकर्षणहीन व्यक्तित्व पाते हैं, तो अपना विश्लेषण करें। आपकी रूप-सज्जा में कुछ ऐसे लक्षण हो सकते हैं जो दूसरों के लिए अरुचिकर हों। शायद आप अत्यधिक बोलते हैं, या हर किसी के मामले में हस्तक्षेप करने के अभ्यस्त हैं, या आपको दूसरों को यह बताने की आदत है कि उनमें क्या गलतियाँ हैं और उनको अपना जीवन कैसे बिताना चाहिए, और आप अपने सुधार के लिए तो किसी भी सुझाव को स्वीकार न करते हों। ये मानसिक लक्षणों के उदाहरण हैं जो हमें दूसरों की दृष्टि में आकर्षणहीन बनाते हैं। दूसरों का ध्यान रखना सबसे अद्भुत गुण है। यह सबसे बड़ी आकर्षकता है जो आपमें हो सकती है। इसका अभ्यास करें! यदि कोई व्यक्ति प्यासा है, तो विचारशील व्यक्ति उसकी आवश्यकता को भाँप जाता है और उसे पीने को पेय देता है। दूसरों के विषय में सोचने का अर्थ है उनके प्रति सजग रहना और उनका ध्यान रखना।

(क्रमशः)

फेसबुक वॉल से




X से




**आज का दोहा**

**ऋतुएँ अगवा हो रहीं, मौसम जिम्मेदार।**
**लोग शिकायत कर रहे, चुप क्यों थानेदार।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

**रचना भेजिए**

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

अलग बात

# नैनो का पोषण





**डॉ. इशिता जी. त्रिपाठी**
अतिरिक्त विकास आयुक्त एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार।



**नितिशा मान**
उप निदेशक, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार।

नैनो-व्यवसाय और अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यम (आईएमई) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के अंदर एक अलग खंड हैं। इसमें हाइपरलोकल कार्यक्षमता है। उनकी विशिष्ट विशेषताओं के कारण, उनके लिए विशेष प्रावधान रखना महत्वपूर्ण है ताकि वे अपने आप को बनाए रखते हुए व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य हो जाएं। भारत सरकार इस दिशा में वचनबद्ध है। पहले कदम के रूप में उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म (यूएपी) को जनवरी 2023 में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा आईएमई के पंजीकरण की सुविधा के लिए शुरू किया गया था। इन्हे सीजीएसटी अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत रिटर्न दाखिल करने से छूट दी गई है। यूएपी के शुभारंभ के बाद से 2 करोड़ 60 लाख से अधिक रोजगार के साथ 2 करोड़ 20 लाख से अधिक उद्यमों ने पंजीकरण किया है। यूएपी नामित एजेंसियों को एक इंटरफेस प्रदान करता है, जो अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक, सूक्ष्म वित्त संस्थान, एनबीएफसी आदि हो सकते हैं, जो थोक में अपने आईएमई ग्राहकों के सहमति-आधारित डेटा को पंजीकृत कर सकते हैं। पीएम स्वनिधि जैसे सरकारी कार्यक्रमों के आईएमई लाभार्थियों को भी यूएपी में शामिल किया जाता है। उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य को जारी रखते हुए, सितंबर 2023 में शुरू की गई पीएम विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य 18 ट्रेडों के कारीगरों और शिल्पकारों को एंड-टू-एंड सहायता प्रदान करना है, जो अपने हाथों और उपकरणों से काम करते हैं। योजना के घटकों में पीएम विश्वकर्मा प्रमाणपत्र और आईडी कार्ड के माध्यम से मान्यता, कौशल उन्नयन, टूलकिट प्रोत्साहन, 5 प्रतिशत ब्याज दर पर जमानत से मुक्त ऋण, 8 प्रतिशत तक की ब्याज सहायता, डिजिटल लेनदेन और विपणन सहायता के लिए प्रोत्साहन शामिल हैं। अनिवार्य रूप से यह विश्वकर्मा की आकांक्षाओं को पूरा करने के उद्देश्य से सभी प्रकार के समर्थन को शामिल करता है, जिनके पास आत्मनिर्भर व्यवसाय स्थापित करने के लिए आवश्यक उद्यमशीलता कौशल हैं। प्रभावी रूप से सरकार ने उन संस्थाओं की पहचान करने का मार्ग प्रशस्त किया है जिनके पास क्षमता है, लेकिन एमएसएमई चैंपियन के रूप में विकसित होने के साधन नहीं थे।

नैनो उद्यमियों के लिए एक बड़ी चुनौती ये है की वे क्रेडिट के लिए नए हैं या उनके पास कोई क्रेडिट या व्यावसायिक इतिहास नहीं है, वित्त तक पहुंच है। कोई भी क्रेडिट इतिहास बैंकों को ऋण देने से नहीं रोकता है। एक सक्षम इकोसिस्टम बनाने के लिए, मांग और आपूर्ति दोनों पक्षों की चुनौतियों का समाधान करने के लिए उपाय किए गए हैं। इस दिशा में एक कदम एमएसएमई मंत्रालय और आरबीआई की अधिसूचना है कि प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण लाभों का लाभ उठाने के उद्देश्य से यूएपी प्रमाणपत्रों को उद्यम पंजीकरण प्रमाणपत्र के समान माना जाएगा। पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा जैसी योजनाओं के लाभार्थियों के लिए आरबीआई द्वारा अधिसूचित पेमेंट्स इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (पीआईडीएफ) योजना जैसी पहलों के माध्यम से, देश में स्वीकृति उपकरणों की संख्या में कई गुना वृद्धि हुई है, टियर -3 से टियर -6 केंद्रों में भुगतान स्वीकृति बुनियादी ढांचे का विकास करना, लेनदेन की लागत को कम करना और छोटे व्यवसायों की स्वीकार्यता में वृद्धि करना। पीआईडीएफ प्रावधान डिजिटल भुगतान एग्रीगेटर्स को निम्नलिखित प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं नैनो उद्यमों को सब्सिडी वाले डिजिटल भुगतान उपकरण और क्यूआर कोड। भौतिक या डिजिटल उपकरणों की तैनाती को सब्सिडी देने के अलावा, अन्य समकालीन उपकरणों, जैसे साउंडबॉक्स डिवाइस, नियर फील्ड कम्युनिकेशन और आधार-सक्षम बायोमेट्रिक स्कैनर उपकरणों को भी भीम आधार पे के माध्यम से स्वीकार करने के लिए सब्सिडी दी जाती है। इस तरह के पूरक डिजिटलीकरण और डिजिटल ट्रेल्स उन्हें अधिक स्पष्ट बनाएंगे, एकत्र किए गए आंकड़ों के आधार पर वैकल्पिक क्रेडिट मूल्यांकन मॉडल का समर्थन करेंगे और उनके लिए क्रेडिट अदायगी को बढ़ाएंगे।

क्रेडिट गारंटी योजना के अंतर्गत आईएमई के लिए विशेष वितरण की घोषणा फरवरी 2024 में उदार शर्तों के साथ की गई थी, जिसमें 20 लाख रुपये तक की ऋण राशि का 85 प्रतिशत गारंटी कवरेज बढ़ाया और 10 लाख रुपये तक के ऋण के लिए 0.37प्रतिशत का कम वार्षिक गारंटी शुल्क और 10 लाख रुपये से 20 लाख रुपये के बीच के ऋण के लिए 0.45प्रतिशत शामिल है। इन पहलों से औपचारिक ऋण देने वाली संस्थाओं के जोखिम के मुद्दे का समाधान होगा जो उन्हें नैनो उद्यमों और आईएमई को ऋण देने से सजग करता है। संसाधनों, समर्थन और जागरूकता के संयोजन से, नैनो व्यवसाय और अपेक्षाकृत बड़े एमएसएमई एक साथ पनपते हैं, एक स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान करते हैं। अंतिम लक्ष्य जमीनी स्तर की संस्थाओं को शामिल करते हुए आर्थिक आधार को मजबूत करना है ताकि अर्थव्यवस्था की बड़ी अधिरचना चमकती रहे। **(व्यक्त विचार व्यक्तिगत हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# 'वसुधैव कुटुंबकम' है भारत का शाश्वत संदेश

**विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 25वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन में बोले सीएम योगी**

एजेंसी। लखनऊ (हि.स.)



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'वसुधैव कुटुंबकम' के आदर्श वाक्य के महत्व पर जोर देते हुए इसे भारत की वैश्विक मानवता की प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया है। उन्होंने इसे भारत का शाश्वत संदेश बताते हुए कहा कि हमने हमेशा से शांति, सौहार्द और सह-अस्तित्व को प्राथमिकता दी है। सीएम योगी ने यह बात शुक्रवार को एलडीए कॉलोनी, कानपुर रोड स्थित सिटी मांटेसरी स्कूल (सीएमएस) के वर्ल्ड यूनिटी कन्वेंशन सेंटर में विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 25वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के दौरान अपने संबोधन में कही। कार्यक्रम में 56 देशों के 178 मुख्य न्यायाधीश और डेलिगेट्स ने भाग लिया।

अपने संबोधन में उन्होंने भारत के संविधान के अनुच्छेद 51 की भावनाओं को विश्व शांति और सुरक्षा के लिए प्रेरक बताते हुए कहा कि यह अनुच्छेद सम्मानजनक अंतरराष्ट्रीय संबंधों को विकसित करने और संघर्षों को शांतिपूर्ण ढंग से हल करने के लिए नैतिक मार्ग का अनुसरण करने के लिए हम सभी को प्रेरित करता है। उन्होंने समारोह को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि 26 नवंबर 2024 को संविधान अंगीकरण के 75 वर्ष पूरे होंगे। यह संविधान के अंगीकृत होने के अमृत महोत्सव वर्ष की शुरुआत के दौरान आयोजित हो रहा है। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संयुक्त राष्ट्र के 'समिट ऑफ दि फ्यूचर' में दिए गए संबोधन की चर्चा करते हुए कहा कि युद्ध समस्याओं का समाधान नहीं है। युद्ध ने दुनिया के ढाई अरब बच्चों के भविष्य को खतरे में डाला है। उन्होंने दुनिया के नेताओं से आग्रह किया कि वे एकजुट होकर आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और भयमुक्त समाज का निर्माण करें। सीएम योगी ने सम्मेलन को वैश्विक संवाद और सहयोग का मंच बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि अनुच्छेद 51 की भावना के अनुरूप यह आयोजन विश्व कल्याण के मार्ग को प्रशस्त करेगा। उन्होंने दुनिया भर के न्यायाधीशों से इस दिशा में सक्रिय योगदान देने का भी आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने संविधान के अनुच्छेद 51 की चर्चा करते हुए कहा कि यह वैश्विक शांति और सौहार्द की दिशा में भारत की सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह अनुच्छेद संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान और सभी देशों के बीच सम्मानजनक संबंधों को बढ़ावा देने का संदेश देता है। मुख्यमंत्री ने भारत की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की सक्रिय भागीदारी से यह स्पष्ट होता है कि भारत विश्व शांति और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है। सीएमएस के संस्थापक डॉ जगदीश गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि उनकी दूरदृष्टि और प्रयासों से यह सम्मेलन एक महत्वपूर्ण मंच बना है। उन्होंने डॉ भारती गांधी और गीता गांधी को इस कार्यक्रम को अनवरत जारी रखने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर हंगरी की पूर्व राष्ट्रपति, हैती रिपब्लिक के पूर्व प्रधानमंत्री सहित दुनिया के 56 देशों से आए हुए न्यायमूर्तिगण, सीएमएस की संस्थापक निदेशक डॉ भारती गांधी, प्रबंधक गीता गांधी किंगडन समेत स्कूली बच्चे और अभिभावकगण मौजूद रहे।

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने 701 वन दरोगाओं को दिए नियुक्ति पत्र

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित 701 वन दरोगाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं को शुभकामनाएं दीं। अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं, तो विपक्ष पर हमला भी बोला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि आज उप्र वन विभाग को 701 वन दरोगा प्राप्त हो रहे हैं। इतनी बड़ी संख्या में नियुक्ति के कारण वन विभाग में विभिन्न स्तर पर जो गैप था, उसे पूरा करने में मदद मिलेगा। इसके लिए अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को और नियुक्ति प्राप्त करने वाले युवाओं को बधाई देता हूं। इसमें 140 महिलाओं की भर्ती हुई है। यह दिखाता है कि हम लोगों ने 20 फीसदी महिलाओं को भर्ती का लक्ष्य रखा, उस सफलता को प्राप्त करने में हम आगे बढ़ रहे हैं। सात वर्षों में हमारी सरकार 7 लाख युवाओं को नौकरी देने में सफल रही है। योगी ने कहा कि आज पर्यावरण सबकी चिंता है। ग्लोबल वार्मिंग पूरी दुनिया के लिए चुनौती है, लेकिन यह कहीं और से नहीं आया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम पक्ष को जारी किया नोटिस

एजेंसी। लखनऊ (आईएएनएस)



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को काशी विश्वनाथ ज्ञानवापी मस्जिद विवाद मामले में ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस हिंदू याचिकाकर्ताओं द्वारा दाखिल की गई याचिका पर जारी किया गया है। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने कहा, हिंदू पक्ष द्वारा यह मामला सुप्रीम कोर्ट में ले जाया गया है। वजू खाना में शिवलिंग का अभी भी पुरातत्व विभाग द्वारा सर्वेक्षण नहीं हुआ है, जिससे यह साफ हो सके कि यह शिवलिंग है या फव्वारा। मुस्लिम पक्ष का दावा है कि यह फव्वारा है। एएसआई का सर्वे हुआ, जिसमें ज्ञानवापी के 12 तहखानों में से 8 तहखानों की एएसआई सर्वे नहीं हो पाया। इसके साथ ही मुख्य गुंबद के नीचे जो ज्योतिर्लिंग है, उसका भी सर्वे नहीं हो पाया है। इसी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई थी। इसमें मुस्लिम पक्ष को नोटिस जारी किया गया है। मुस्लिम पक्ष को स्पष्ट कहा गया है कि वे दो सप्ताह के अंदर अपना जवाब दाखिल करें। हम आशा करते हैं कि वो जल्द ही अपना जवाब दाखिल करेंगे। अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा, हमने 16 मई 2022 को दावा किया था कि तथाकथित वजू खाना में एक शिवलिंग पाया गया है। हालांकि, अंजुमन इंतजामिया ने इसका खंडन किया और कहा कि यह एक फव्वारा है। इसी को देखते हुए हमने इसका एएसआई सर्वेक्षण कराने की मांग की थी। हमने अब इस मामले में मुस्लिम पक्ष को नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा, मुस्लिम पक्ष को दो सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा गया है।

### द्रौपदी मुर्मू ने हैदराबाद में 'लोकमंथन-2024' का किया उद्घाटन, कहा

# समृद्ध है भारत की सांस्कृतिक विरासत



एजेंसी। हैदराबाद (हि.स.)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि लोकमंथन जैसे कार्यक्रमों से देश की संस्कृति एवं परंपराएं सुदृढ़ होंगी। इस दिशा में यह एक बेहतरीन कार्यक्रम है। भारत की सांस्कृतिक विरासत बहुत समृद्ध रही है। देश की संस्कृति और परंपराओं में विविधता में एकता के दर्शन होते हैं। हैदराबाद के शिल्पकला वेदिका में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं सांस्कृतिक महोत्सव 'लोकमंथन-2024' के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में भाग लेते हुए गर्व महसूस हो रहा है। मुर्मु ने कहा कि वर्ष 2018 में रांची में आयोजित लोकमंथन में वे शामिल हुई थीं और आज एक बार फिर लोकमंथन में शामिल होने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि यही हमारी ताकत है, यही हमारी स्थिरता है। एक ही स्थान पर इतनी सारी विभिन्न संस्कृतियों का होना वास्तव में बहुत सुंदर है। हमारा देश इन सभी चीजों से एक खूबसूरत इंद्रधनुष की तरह है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हम सभी भारतीय हैं, चाहे हम ग्रामीण हों या शहरवासी। राष्ट्रपति मुर्मू ने यह जानकर प्रसन्नता व्यक्त की कि लोकमंथन में अहिल्याबाई होल्कर, रानी रुद्रमादेवी और रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगनाओं के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से जुड़ी प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह सराहनीय है कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं का विदेशों में पालन किया जा रहा है। वह इंडोनेशिया सहित विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों की हृदय से सराहना करती हैं, जो इस मंच के माध्यम से अपनी संस्कृति का प्रदर्शन कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की आध्यात्मिक अवधारणाओं, कला, संगीत, शिक्षा और चिकित्सा पद्धतियों ने दुनिया भर में सम्मान अर्जित किया है। कहते हैं, हमने दुनिया को ज्ञान दिया है। वर्तमान समय में भारत के ज्ञान को पुनः पूरे विश्व में फैलाने की आवश्यकता है। विदेशी शक्तियों ने सदियों तक हम पर अत्याचार किया है। हमारी संस्कृति, भाषा, परंपराओं और रीति-रिवाजों को नष्ट कर दिया। हमारी एकता को नुकसान पहुंचाने का काम किया है। ऐसा कहा जाता है कि हमारे अंदर गुलामी की जड़ें पैदा कर दी गई हैं, लेकिन हमारे देशवासियों ने संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखा है। इन्हें जारी रखने की जरूरत है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत गुलामी की जड़ों को हटाने का प्रयास कर रहा है। राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ हो गया है। दरबार हॉल का नाम बदलकर गणतंत्र मंडप कर दिया गया है। यह गुलामी के विचारों को दूर करने की दिशा में एक प्रयास है। राष्ट्रपति ने कहा, हमारी सोच भी बदलनी चाहिए, तभी हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। एलटी कमीशन की सदस्य आशा लकड़ा भी कार्यक्रम में मौजूद थीं। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति मुर्मू सीधे बेगमपेट हवाई अड्डे पर पहुंचीं और दिल्ली के लिए विशेष विमान से रवाना हो गईं।

**बोलीं राष्ट्रपति**

- 'लोकमंथन' जैसे कार्यक्रमों से देश की संस्कृति व परंपराएं होंगी सुदृढ़
- यह न भूलें कि हम सभी भारतीय हैं, चाहे ग्रामीण हों या शहरवासी, एलटी कमीशन की सदस्य आशा लकड़ा भी थीं मौजूद

## महाविकास अघाड़ी दर्ज करेगी बड़ी जीत : संजय


**मुंबई।** एग्जिट पोल के रुझानों को शिवसेना-यूबीटी सांसद संजय राउत ने कहा कि जिस ने भी सर्वे किया है, वह उसे अपने पास रखे। यह सब फेक एग्जिट पोल है। इसे पैसे देकर करवाया जाता है। महाविकास अघाड़ी बड़ी जीत दर्ज करने जा रही है। उन्होंने कहा कि सारे एग्जिट पोल गलत दिखा रहे है, एमवीए जीत रहा है और हम सरकार बनाने जा रहे है। नतीजे कल सुबह तक आ जाएंगे। हमें विश्वास है कि हम बहुमत हासिल करेंगे। 160-165 सीटें जीतने के लक्ष्य के साथ हमने चुनाव लड़ा है। जयंत पाटिल, बालासाहेब थोराट हम सभी कल बैठे और आकलन किया तो 160 सीटें हम जीत रहे है। सरकार गठन के लिए निर्दलीयों को साथ लाने को लेकर भी चर्चा हुई। सीएम पद को लेकर उन्होंने कहा कि अभी कोई फार्मूला नहीं बना है। हम सब मिलकर मुख्यमंत्री का चेहरा चुनेंगे। अभी कोई फामूर्ला तय नहीं हुआ है। एमवीए बैठ कर निर्णय करेगी कि सरकार का नेतृत्व कौन करेगा।

### महाराष्ट्र में मतगणना की सभी तैयारियां पूरी

# महायुति या महाविकास अघाड़ी किसकी सरकार, फैसला आज

एजेंसी। मुंबई (हि.स.)

राज्य में सभी 288 विधानसभा सीटों के लिए हुए हैं चुनाव



सरकार बनाने के लिए किसी भी गठबंधन को चाहिए 245 सीट

महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के चुनाव और नांदेड़ लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतगणना की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतों की गिनती शनिवार को सुबह 08:00 बजे से शुरू होगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के मुताबिक सूबे के 288 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 288 मतगणना केंद्र और नांदेड़ लोकसभा क्षेत्र के लिए 01 मतगणना केंद्र स्थापित किए गए हैं। विधानसभा चुनाव की मतगणना के लिए 288 मतगणना निरीक्षक और नांदेड़ लोकसभा क्षेत्र के लिए दो मतगणना निरीक्षक नियुक्त हुए हैं। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए एक चरण में 20 नवंबर को मतदान हुआ था। मतदान 65 प्रतिशत से अधिक दर्ज किया गया। सभी मतदान केंद्रों पर मतों की गिनती 23 नवंबर को सुबह 08:00 बजे शुरू होगी। डाक मतपत्रों की गिनती सुबह 08:00 बजे और ईवीएम के मतों की गिनती सुबह 08.30 बजे से शुरू होगी। डाक मतपत्रों की संख्या अधिक होने से 288 मतदान केंद्रों पर उनकी गिनती के लिए 1732 टेबल और ईटीपीबीएमएस स्कैनिंग (प्री-काउंटिंग) के लिए 592 टेबल लगाए गए हैं। सभी उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों को मतगणना केंद्रों के बारे में लिखित सूचना दे दी गई है। सील किए गए स्ट्रांग रूम को पर्यवेक्षकों और उपस्थित उम्मीदवारों या उनके प्रतिनिधियों के सामने खोला जाएगा और ईवीएम को मतगणना केंद्र पर ले जाया जाएगा। चुनाव आयोग की गाइडलाइन के मुताबिक त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इस बार 4,66,823 डाक मतपत्र चुनाव कर्मचारियों को वितरित किए गए थे। महाराष्ट्र में सरकार बनाने के लिए 245 सीट चाहिए। मुख्य मुकाबला महायुति और महाविकास अघाड़ी के बीच है। महायुति में भाजपा, शिवसेना और एनसीपी हैं, जबकि महाविकास अघाड़ी में कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार) और शिवसेना (यूबीटी) शामिल हैं। राज्य में इस समय महायुति की सरकार है, जिसका नेतृत्व शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे कर रहे हैं। उनकी सरकार में देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार उपमुख्यमंत्री हैं।

## 55 लाख से अधिक छात्रों ने ली अभाविप की सदस्यता

एजेंसी। नई दिल्ली (आईएएनएस)

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के मुताबिक वह एक बार फिर सबसे बड़े छात्र संगठन के रूप में उभरा है। शुक्रवार को विद्यार्थी परिषद की ओर से कहा गया कि उसने सबसे बड़े छात्र संगठन के रूप में अपनी ही सदस्य संख्या का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। विद्यार्थी परिषद के मुताबिक इस वर्ष 55,12,470 छात्रों ने संगठन की सदस्यता ली है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने शुक्रवार को संगठन के राष्ट्रीय अधिवेशन में परिषद की संगठनात्मक रिपोर्ट को प्रस्तुत किया। इस वर्ष पूरे देश में 55,12,470 नए सदस्य बने। अभाविप के निवर्तमान राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल का कहना है कि विद्यार्थी परिषद की सतत सक्रियता से देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों के मुद्दों को प्रमुखता से रेखांकित किया है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# कश्मीरी पंडितों की दुकानों पर चला बुलडोजर

**बिना नोटिस तोड़ने का आरोप**

**हम 90 के दशक में वापस आ गए हैं**

एजेंसी। जम्मू



जम्मू-कश्मीर में कश्मीरी पंडितों की दुकानों को बुलडोजर चलाया गया। जम्मू विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने जम्मू शहर में मुठी कैंप के पास स्थित कश्मीरी पंडितों की दर्जन भर दुकानों को ढहा दिया। ये दुकानें लगभग तीन दशक पहले विस्थापित कश्मीरी पंडितों ने बनाई थीं। पीड़ित लोगों का कहना है कि दुकानों को बिना नोटिस दिए ढहा दिया गया। हम 90 के दशक में वापस आ गए हैं। लोग पिछले तीन दिन से विरोध कर रहे हैं। वह जेडीए के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। जेडीए का कहना है कि दुकानें उनकी जमीन पर बनी थीं।आयुक्त अरविंद करवानी ने घटनास्थल का दौरा किया और प्रभावित परिवारों को आश्वासन दिया कि उनके लिए नई दुकानें बनाई जाएंगी। एक दुकान के मालिक अशोक रैना ने कहा, "बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के आधे घंटे के अंदर दुकान तोड़ दी गई । हमें बताया गया कि हमारा पुनर्वास किया जाएगा लेकिन कोई भी सरकारी अधिकारी हमारी दुर्दशा देखने नहीं आया। हम सड़क पर थे और ऐसा लगा कि फिर 90 के दशक में वापस आ गए हों ।उन्होंने कहा कि 30 सालों से मेरी दुकान यही थी। जिस दिन कैंप बना, उसी दिन मैने अपनी दुकान खोली। तब के कमिश्नर ने भी हमारा साथ दिया। दुकान से मेरा घर चलता था। मेरे बच्चे उसी पैसे से पढे. हैं। लेकिन अब मेरे पास कोई कमाई नहीं है। अशोक कहते है, जब मैं यहा आया, तब युवा था। अब मैं बूढ़ा हो गया हूं।अब मैं क्या करूंगा?

## भागलपुर में जिंदा जलकर एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**पटना।** बिहार के भागलपुर में पीरपैंती प्रखंड के अठनिया दियारा में दर्दनाक हादसा हुआ। यहां तीन लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया, जिसे भागलपुर के मायागंज अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के मुताबिक, अठनिया दियारा में गौतम यादव अपनी पत्नी वर्षा देवी (30), एक बेटा प्रत्युष कुमार (7) और बेटी ज्योति कुमारी (4) के साथ घर में सोए हुए थे। इस बीच, गुरुवार देर रात घर में आग लग गई। अंदाजा लगाया जा रहा है कि गहरी नींद मे रहने के कारण गौतम यादव की पत्नी, बेटी, बेटा घर से निकल नहीं पाए पाए, जिससे तीनों की जलकर मौत हो गई, जबकि गृहस्वामी गौतम यादव किसी तरह आग के बीच से निकलने में कामयाब रहा। ग्रामीणों ने जख्मी गौतम यादव को रेफरल अस्पताल में इलाज करने के लिए भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## नौसेना की पनडुब्बी से टकराया मछली पकड़ने वाला जहाज मार्थोमा, बचाव कार्य जारी

**नई दिल्ली।** मछली पकड़ने वाले भारतीय जहाज मार्थोमा की गोवा के उत्तर-पश्चिम में लगभग 70 समुद्री मील की दूरी पर भारतीय नौसेना की पनडुब्बी से टक्कर हो गई। जहाज में 13 लोग सवार थे। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि भारतीय नौसेना ने छह जहाजों और विमानों के साथ तुरंत खोज और बचाव अभियान शुरू किया। अब तक 11 चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचाया गया है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है। चालक दल के शेष दो सदस्यों के लिए खोज और बचाव अभियान जारी है। इस संबंध में समुद्री बचाव समन्वय केंद्र मुंबई (एमआरसीसी) के साथ समन्वय किया जा रहा है। क्षेत्र में बचाव प्रयासों को बढ़ाने के लिए तटरक्षक बल सहित अतिरिक्त संसाधनों को भेजा गया है।

## जालंधर में मुठभेड़ कर पुलिस ने आतंकी लखबीर लांडा गैंग के दो गुर्गे पकड़े

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने जालंधर में मुठभेड़ कर आतंकी गैंगस्टर लखबीर लांडा के दो गुर्गों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान दोनों गैंगस्टरों के अलावा दो पुलिस कर्मी भी घायल हो गए हैं। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने जारी जानकारी में बताया कि यह मुठभेड़ शुक्रवार को सुबह हुई है। गिरफ्तार बदमाशों में भीखा नंगल गांव का जसकरण सिंह उर्फ करण और फगवाड़ा का रहने वाला फतेहदीप सिंह उर्फ प्रदीप सैनी शामिल हैं। पुलिस को उनके कब्जे से कुल सात पिस्टल और कारतूस बरामद हुए हैं। हथियार एक थैले में भरकर रखे हुए थे। घायल हुए पुलिस कांस्टेबल और दोनों गैंगस्टरों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# रेलगाड़ी का एक कोच दूसरे कोच के ऊपर चढ़ा 40 लोग घायल, हादसे की जगह था मॉक ड्रिल

एजेंसी। मुंगेर (आईएएनएस)



भारतीय रेल यात्रियों की सुरक्षा के लिए अपनी तैयारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से लगातार मॉक ड्रिल आयोजित कर रहा है। हाल ही में मुंगेर के जमालपुर यार्ड में मालदा रेलमंडल प्रशासन द्वारा एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें पैसेंजर ट्रेन के डिरेल होने के बाद राहत और बचाव कार्यों की प्रक्रिया का परीक्षण किया गया। इस मॉक ड्रिल में लगभग 55 एजेंसियों ने भाग लिया, जिनमें एनडीआरएफ, रेलवे, पुलिस, फायर ब्रिगेड, डॉक्टरों का पैनल और एंबुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं शामिल थीं।

**मॉक ड्रिल के दौरान हुआ हादसा :** मॉक ड्रिल में जमालपुर से भागलपुर जाने वाली पैसेंजर ट्रेन को डिरेल कर दिखाया गया, जिसके परिणामस्वरूप हादसे में 40 लोग घायल हो गए। घटनास्थल पर जैसे ही यह हादसा हुआ, सूचना फैलते ही एनडीआरएफ और रेलवे की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। कोचों में फंसे यात्रियों को कटर से काटकर निकाला गया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य यह था कि रेलवे प्रशासन यह सुनिश्चित कर सके कि किसी भी दुर्घटना के समय किस एजेंसी का रिस्पॉन्स टाइम क्या है। ताकि भविष्य में किसी भी आपातकालीन स्थिति में सभी एजेंसियां त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया दे सकें।

**मॉक ड्रिल की प्रक्रिया :** मॉक ड्रिल में कई महत्वपूर्ण कदम शामिल थे, जैसे मलबा हटाना, फंसे हुए यात्रियों को बाहर निकालना, घायलों को प्राथमिक चिकित्सा देना, घायलों को अस्पताल भेजना, भोजन और अन्य राहत सामग्री की आपूर्ति करना, अनुग्रह राशि का भुगतान करना, यात्रियों के सामान की सुरक्षा और भीड़ को नियंत्रित करना।

## दिल्ली में ठंड बढ़ी, 10 डिग्री तक पहुंच सकता है न्यूनतम तापमान

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को हल्का कोहरा रहा। आईएमडी के अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली एनसीआर में ठंड बढ़ रही है। तापमान में भी लगातार गिरावट जारी है। गुरुवार को 10.2 डिग्री सेल्सियस के साथ इस मौसम की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, दिन के वक्त आर्द्रता का स्तर 80 से 64 प्रतिशत के बीच रह रहा है।

## सीएम नीतीश कुमार ने 8,837 करोड़ रुपये की योजनाओं का दिया तोहफा

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को ग्रामीण कार्य विभाग की 8,837.77 करोड़ रुपये लागत की 6,199 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से कार्यारंभ एवं उद्घाटन कर प्रदेश की जनता को बड़ा तोहफा दिया। इसके तहत 6,509.93 करोड़ रुपये की 4,390 योजनाओं का कार्यारंभ तथा 2,327.84 करोड़ रुपये की 1,809 योजनाओं का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अत्यंत खुशी की बात है कि ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा कई पथों एवं पुलों के उद्घाटन के साथ-साथ शिलान्यास भी किया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन और सुगम होगा। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि जिन योजनाओं का कार्यारंभ किया गया है, उन सभी पथों एवं पुलों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण तरीके से ससमय पूर्ण कर लिया जाएगा। वैसे सभी पथों एवं पुलों, जिनका उद्घाटन किया जा रहा है।

# अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ ने विश्व सुपर कबड्डी लीग 2025 को मंजूरी दी

**नईदिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) ने विश्व सुपर कबड्डी लीग (डब्ल्यूएसकेएल) 2025 के आयोजन के लिए आधिकारिक तौर पर अनुमति दे दी है। लीग का आयोजन दक्षिण पूर्व एशियाई कबड्डी महासंघ (एसईएकेएफ) और थाईलैंड कबड्डी संघ के सहयोग से किया जा रहा है। डब्ल्यूएसकेएल के आयोजक निकाय एसजे अपलिफ्ट कबड्डी प्राइवेट लिमिटेड को बधाई संदेश में आईकेएफ ने कबड्डी के प्रति उनके समर्पण और दूरदर्शिता की सराहना की। "कबड्डी लीग शुरू करना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। इसके लिए न केवल खेल की गहरी समझ की आवश्यकता होती है, बल्कि असाधारण संगठनात्मक कौशल और इस पारंपरिक खेल को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता भी होनी चाहिए। आईकेएफ के बयान में कहा गया है, "आपके प्रयास युवा एथलीटों को प्रेरित करेंगे और कबड्डी के विकास और लोकप्रियता में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।" डब्ल्यूएसकेएल में आईकेएफ सदस्य देशों के खिलाड़ी शामिल होंगे, जो मैदान में उतरने से पहले खिलाड़ियों की नीलामी में भाग लेंगे। इससे न केवल खिलाड़ियों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा, बल्कि लीग को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त टूर्नामेंट के रूप में भी बढ़ावा मिलेगा।




# पीसीबी ने अजहर अली को युवा विकास प्रमुख नियुक्त किया

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान अजहर अली को भर्ती प्रक्रिया के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के युवा विकास प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया है। पीसीबी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, "यह भूमिका अजहर की मौजूदा जिम्मेदारियों का विस्तार होगी, क्योंकि वह पुरुषों की राष्ट्रीय चयन समिति के सदस्य के रूप में भी काम करते हैं।" पाकिस्तान क्रिकेट में एक प्रमुख व्यक्ति अजहर ने सीनियर राष्ट्रीय टीम में आगे बढ़ने से पहले 2002 में आईसीसी अंडर19 क्रिकेट विश्व कप में अपना करियर शुरू किया। 2010 और 2022 के बीच, उन्होंने 97 टेस्ट और 53 वनडे खेले, जिसमें नौ टेस्ट और 31 वनडे में पाकिस्तान की कप्तानी की। वह 2017 में पाकिस्तान की ऐतिहासिक आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम के भी अहम सदस्य थे। युवा विकास के प्रमुख के रूप में, अजहर को व्यापक युवा क्रिकेट रणनीतियों को डिजाइन और लागू करके, मजबूत जमीनी स्तर के क्रिकेट ढांचे और प्रतिभा मार्गों की स्थापना करके, क्षेत्रीय क्रिकेट संघों के साथ मिलकर आयु-समूह कार्यक्रमों को मजबूत करने, पीसीबी के पाथवे कार्यक्रम के तहत उभरते क्रिकेटरों को शिक्षित करने और महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों के लिए ऑफ-फील्ड विकास अनिवार्यताओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए सेमिनार और क्लीनिक आयोजित करके पाकिस्तान क्रिकेट के भविष्य को आकार देने का काम सौंपा गया है।



# भारतीय हॉकी टीम मस्कट में पुरुष जूनियर एशिया कप के लिए रवाना

**बेंगलुरु।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम 26 नवंबर से 4 दिसंबर तक ओमान के मस्कट में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप 2024 के लिए शुक्रवार को बेंगलुरु से रवाना हुई। भारत ने 2023, 2015, 2008 और 2004 सहित रिकॉर्ड चार बार यह टूर्नामेंट जीता है। उन्होंने पिछले साल फाइनल में प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-1 से हराकर खिताब जीता था। इस बार इस आयोजन में 10 टीमें भाग ले रही हैं, भारत को कोरिया, जापान, चीनी ताइपे और थाईलैंड के साथ पूल ए में रखा गया है जबकि पूल बी में शेष पांच टीमें पाकिस्तान, मलेशिया, बांग्लादेश, ओमान और चीन हैं। कप्तान आमिर अली और उप कप्तान रोहित की अगुआई में भारत 27 नवंबर को थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

# जसप्रीत बुमराह ने झटके 4 विकेट, ऑस्ट्रेलिया 67/7

एजेंसी

**पर्थ।** भारतीय कप्तान और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके जिससे ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को स्टंप्स तक अपने सात विकेट मात्र 67 रन पर खो दिए। इससे पहले तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने 29 रन देकर 4 विकेट चटकाए, और ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ स्टेडियम में चाय के समय तक भारत को सिर्फ 150 रन पर समेट दिया। ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में भारत से 83 रन से पीछे है जबकि उसके तीन विकेट शेष हैं। बुमराह ने 10 ओवर में 17 रन देकर चार विकेट निकाले, मोहम्मद सिराज ने 17 रन पर दो विकेट और हर्षित राणा ने 33 रन पर एक विकेट लिया। स्टंप्स के समय विकेटकीपर एलेक्स कैरी 19 रन बनाकर क्रीज पर थे। मिचेल स्टार्क छह रन बनाकर उनका साथ दे रहे हैं। ट्रेविस हैड ने 11 और नेथन मैकस्वीनी ने 10 रन बनाये। पहले दिन के खेल में कुल 17 विकेट गिरे।

बुमराह ने घातक गेंदबाजी करते हुए उस्मान ख्वाजा, नेथन मैकस्वीनी, स्टीव स्मिथ और कप्तान पैट कमिंस के विकेट झटके और मेजबान टीम को बैकफुट पर धकेल दिया। बुमराह ने स्मिथ को पहली ही गेंद पर पगबाधा किया। इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने भारत पर दबाव बनाने के लिए अपनी लाइन और लेंथ के साथ अथक प्रयास किया और पिच पर अच्छी मूवमेंट और उछाल से उन्हें मदद मिली। भारत के पास अपने बल्लेबाजी प्रदर्शन के बारे में दिखाने के लिए कुछ खास नहीं था, क्योंकि नौ बल्लेबाज विकेट के पीछे कैच आउट हुए। पहले बल्लेबाजी करने के बाद भारत के लिए केवल केएल राहुल (26), ऋषभ पंत (37) और डेब्यू करने वाले नीतीश कुमार रेड्डी (41) ही बड़ा योगदान दे पाए। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने स्टार्क की गेंद पर एक बड़ा किनारा लिया और गली में डेब्यू करने वाले नाथन मैकस्वीनी को एक नियमित कैच देकर आठ गेंदों पर शून्य पर आउट हो गए। राहुल को तेज गेंदबाजों ने कड़ी परीक्षा दी, खासकर मिशेल स्टार्क ने उनके बाहरी छोर पर लगातार सवाल पूछे और बाद में पैट कमिंस ने भी उनकी परीक्षा ली, लेकिन वह ऑफ स्टंप के बाहर किसी भी चीज से सावधान रहे। दूसरे छोर से देवदत्त पडिक्कल को मुक्त होने में संघर्ष करना पड़ा, क्योंकि स्टार्क उनके बाहरी छोर को परखते रहे, इसके बाद हेजलवुड ने उन्हें पैड, जांघ और बगल पर शॉर्ट बॉल से निशाना बनाया। पडिक्कल की असहज स्थिति 23 गेंदों पर शून्य पर समाप्त हुई, जब उन्होंने हेजलवुड की एक लेंथ बॉल का बचाव किया, जो बाहरी छोर से कीपर के पास चली गई। भारत ने अपना पहला बाउंड्री तब हासिल किया जब राहुल ने कमिंस की एक छोटी गेंद से बचने की कोशिश की और गेंद किनारे से निकलकर स्लिप कॉर्डन के ऊपर से चार रन के लिए चली गई। क्रीज के बाहर खड़े और फ्रंट फुट पर खेलने के लिए अत्यधिक उत्सुक विराट कोहली को हेजलवुड ने दोनों किनारों पर छकाया।

आखिरकार तेज गेंदबाज ने आखिरी बाजी तब हासिल की जब उन्होंने ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर अतिरिक्त उछाल लिया और कोहली के बाहरी किनारे पर गेंद को पकड़ा, जिसे पहली स्लिप ने कैच कर लिया। राहुल ने दो ऑफ-साइड बाउंड्री लगाने का आत्मविश्वास दिखाया, लेकिन 26 रन पर स्टार्क की लेंथ बॉल को डिफेंड करने की कोशिश में कैच आउट हो गए। ऑस्ट्रेलिया ने राहुल पर फैसला अपने पक्ष में लिया, लेकिन रीप्ले में दो आवाजें दिखाई दीं और सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि थर्ड अंपायर रिचर्ड केटलबोरो को ऑफसाइड से फ्रंट-ऑन एंगल नहीं दिया गया, जिससे यह सवाल उठा कि क्या बल्लेबाज को आउट देने के लिए पर्याप्त निर्णायक सबूत थे। राहुल के आउट होने से ऑस्ट्रेलिया ने पहला सत्र आसानी से जीत लिया, जिसका श्रेय स्टार्क और हेजलवुड को जाता है। ऑस्ट्रेलिया ने लंच के बाद के सत्र की शुरुआत में और सफलता हासिल की, जब मिशेल मार्श ने ध्रुव जुरेल को आगे की ओर खींचा और उनका बाहरी किनारा थर्ड स्लिप द्वारा सुरक्षित रूप से पकड़ा गया।



**पहले ही दिन बुमराह ने किया कमाल**

*टेस्ट के पहले दिन टीम इंडिया ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला किया और टीम 150 रनों पर ढेर हो गई। फिर अपनी पहली पारी में बैटिंग के लिए उतरी ऑस्ट्रेलिया टीम भी बैटिंग में बेहद कमजोर दिखाई दी। मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने दिन खत्म होने तक 67 रनों पर 7 विकेट गंवा दिए।*

# आईपीएल 2025 : 14 मार्च से शुरू होगा फाइनल मैच 25 मई को खेला जाएगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईपीएल ने अप्रत्याशित क़दम उठाते हुए अगले तीन सीज़न के लिए तारीख़ों का ऐलान कर दिया है। 2025 में आईपीएल 14 मार्च से शुरू होगा जबकि इसका फ़ाइनल 25 मई को खेला जाएगा, वहीं 2026 का सीज़न 15 मार्च से 31 मई तक खेला जाएगा जबकि 2027 का सीज़न 14 मार्च से 30 मई तक होगा। गुरुवार को तमाम फ्रेंचाइजी को भेजे गए ईमेल, जिसे ईएसपीएनक्रिकइंफो ने भी देखा है, उसमें आईपीएल ने इन तारीखों को विंडो की संज्ञा दी है, लेकिन यह संबंधित सीज़न की तारीख हो सकती हैं। 2025 के सीज़न में पिछले तीन सीज़न की तरह ही 74 मैच खेले जाएंगे।

हालांकि 2022 में आईपीएल द्वारा 2023-27 के चक्र के लिए बेचे गए मीडिया राइट्स में 84 मैच खेले जाने का ज़िक्र था। नए चक्र के लिए टेंडर दस्तावेज़ में आईपीएल ने हर सीज़न में मैचों की अलग अलग संख्या का वर्णन किया है। 2023 और 2024 में 74 मैच जबकि 2025 और 2026 में 84 और इस क़रार के अंतिम वर्ष यानी 2027 में 94 मैच खेले जाने का ज़िक्र था।

## विदेशी खिलाड़ियों की पूर्ण उपलब्धता के आसार

अधिकतर पूर्ण सदस्य देशों के विदेशी खिलाड़ियों को अपने बोर्ड से अगले तीन सीज़न के लिए आईपीएल में खेलने की अनुमति मिल गई है। इसमें पाकिस्तान शामिल नहीं है। आईपीएल ने गुरुवार को ईमेल में खिलाड़ियों की उपलब्धता के बारे में जो बताया है, वो कुछ इस प्रकार है :

**ऑस्ट्रेलिया :** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 2025 के सीज़न के लिए अपने सभी खिलाड़ियों, अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू, को अनुमति दे दी है। सीए ने बताया है कि 2026 में ऑस्ट्रेलिया को पाकिस्तान के ख़िलाफ़ तीन वनडे की श्रृंखला खेलनी है, जिसका समापन 18 मार्च को होगा। फ़रवरी-मार्च 2026 में भारत और श्रीलंका में टी20 वर्ल्ड कप भी खेला जाना है जबकि 2027 में टेस्ट क्रिकेट के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर इंग्लैंड के ख़िलाफ़ एकमात्र टेस्ट मैच खेले जाने के बाद ऑस्ट्रेलिया खिलाड़ी आईपीएल का हिस्सा बनेंगे।

**इंग्लैंड :** ईसीबी ने उन 18 खिलाड़ियों की सूची दी है जो इंग्लैंड के केंद्रीय अनुबंध का हिस्सा हैं और वह अगले तीनों सीज़न के लिए पूर्ण रूप से उपलब्ध रहेंगे। हालांकि बेन स्टोक्स का नाम इस सूची से नदारद है, स्टोक्स का नाम आईपीएल 2025 के लिए बड़ी नीलामी में भी शामिल नहीं है। जोफ़्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, जोस बटलर, ब्रायडन कार्स, ज़ैक क्रॉली, सैम करन, बेन डकेट, विल जैक्स, लियाम लिविंगस्टन, ओली पोप, मैथ्यू पोट्स, आदिल रशीद, फिल सॉल्ट, ओली स्टोन और रीस टॉपली 2025 से 2027 तक के सीज़न के लिए उपलब्ध रहेंगे। ईसीबी ने कहा है कि इनमें से कुछ खिलाड़ी कुछ समय के लिए अनुबंध का हिस्सा नहीं होंगे लेकिन जब वे अनुबंध का हिस्सा होंगे तब वे आईपीएल खेलने के लिए उपलब्ध होंगे। जबकि ऐसे खिलाड़ी जो इंग्लैंड के केंद्रीय अनुबंध का हिस्सा नहीं हैं, वे अगले तीन सीज़न के लिए पूर्ण रूप से उपलब्ध रहेंगे। दक्षिण अफ़्रीका, न्यूज़ीलैंड, वेस्टइंडीज़, ज़िम्बाब्वे और अफ़ग़ानिस्तान के खिलाड़ी पूर्ण रूप से उपलब्ध रहेंगे।

**श्रीलंका :** श्रीलंका क्रिकेट ने कहा है कि उनके भी सभी खिलाड़ी 2025 के सीज़न के लिए उपलब्ध रहेंगे। जिन्हें 2026 और 2027 के सीज़न के लिए रिटेन किया जाएगा वे उस समय भी उपलब्ध रहेंगे।

**बांग्लादेश :** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने 13 खिलाड़ियों की सूची भेजी है, हालांकि अगले तीन सीज़न के लिए इनकी अलग अलग उपलब्धता रहेगी। इस सूची में तसकीन अहमद, लिटन कुमार दास, मेहदी हसन, शाकिब अली हसन, रिशाद हुसैन, तौहीद हृदोय, शरीफुल इस्लाम, शोहिदुल इस्लाम, हसन महमूद, मेहदी हसन मिराज़, मुस्तफ़िज़ुर रहमान, नाहिद राणा, तंज़िम हसन शाकिब




पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी

# अगले साल होने वाले घरेलू विश्व कप से पहले भारत की नजर खिताब बचाने पर

**नई दिल्ली।** एशिया की सर्वश्रेष्ठ जूनियर पुरुष हॉकी टीमें 26 नवंबर से 4 दिसंबर तक मस्कट, ओमान में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप 2024 में भाग लेंगी, जिसमें भारत में खेले जाने वाले आगामी एफआईएच जूनियर विश्व कप 2025 में छह स्थान दांव पर लगे हैं। विस्तारित प्रतियोगिता प्रारूप वाले इस टूर्नामेंट में पहली बार 24 टीमें भाग लेंगी। भारत पिछले साल अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-1 से हराने के बाद गत विजेता के रूप में टूर्नामेंट में प्रवेश कर रहा है। टूर्नामेंट में अपने नाम चार (2023, 2015, 2008 और 2004 सहित) खिताबों के साथ सबसे अधिक खिताब जीतने का रिकॉर्ड भी उनके नाम है। इस बार टीम की अगुआई कप्तान आमिर अली और उप-कप्तान रोहित कर रहे हैं, जबकि दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पीआर श्रीजेश मुख्य कोच की भूमिका निभा रहे हैं। भाग लेने वाली दस टीमों को दो पूल में विभाजित किया गया है, जिसमें पूल ए में चीनी ताइपे, भारत, जापान, कोरिया और थाईलैंड शामिल हैं। पूल बी में मेजबान ओमान के साथ बांग्लादेश, चीन, मलेशिया और पाकिस्तान शामिल होंगे। पूल चरण में प्रत्येक टीम अपने पूल में अन्य चार टीमों के साथ एक बार खेलेगी। दोनों

आईपीएल ऑक्शन

# जोफ्रा आर्चर का नाम फिर से जोड़ा गया आईपीएल ऑक्शन लिस्ट में

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के तेज़ गेंदबाज़ जोफ़्रा आर्चर को आईपीएल नीलामी सूची में फिर से शामिल कर लिया गया है। कुछ दिन पहले ही उनका नाम उस शॉर्टलिस्ट में नहीं था, जो पिछले सप्ताह के अंत में फ्रेंचाइज़ियों को भेजी गई थी। ईएसपीएनक्रिकइंफो को जानकारी मिली है कि आर्चर को सूची में शामिल करने की सूचना फ्रेंचाइज़ियों को अनौपचारिक रूप से गुरुवार को दी गई। दो दिवसीय आईपीएल मेगा नीलामी 24-25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित की जाएगी। आईपीएल ने अभी तक इस ख़बर को सार्वजनिक नहीं किया है, लेकिन फ्रेंचाइज़ियों के लिए यह देखना दिलचस्प होगा कि आर्चर किस सेट में आते हैं। अपने इंग्लैंड टीम के साथी मार्क वुड के साथ, आर्चर भी उन प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल थे, जो आईपीएल द्वारा फ्रेंचाइज़ियों को भेजी गई 574 खिलाड़ियों की शॉर्टलिस्ट में शामिल नहीं थे।



# सहवाग ने कूच बिहार ट्रॉफी में 297 रन बनाने पर बेटे आर्यवीर की सराहना की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने शुक्रवार को अपने बेटे आर्यवीर सहवाग की सराहना की, जिन्होंने शिलांग के पोलो में एमसीए ग्राउंड पर अंडर-19 पुरुष कूच बिहार ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मैच में मेघालय के खिलाफ दिल्ली के लिए खेलते हुए 297 रन बनाए। सहवाग ने एक्स पर लिखा, जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था,"अच्छा खेला, आर्यवीर सहवाग। 23 रन से फेरारी चूक गए। लेकिन शाबाश, जोश बनाए रखो और आप और भी कई बड़े शतक तथा दोहरे और तिहरे शतक बनाएं। खेल जाओ..। 297 रन की मैराथन पारी के दौरान, किशोर ने 51 चौके और तीन छक्के जमाए और दिल्ली को 623/5 पर पहली पारी घोषित करने से पहले विशाल स्कोर तक पहुंचाया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी मेघालय ने अपनी पहली पारी में 260 रन बनाए। जवाब में दिल्ली के सलामी बल्लेबाज आर्यवीर और अर्नव बुग्गा ने पहले विकेट के लिए 180 रन जोड़े, जबकि बाद में आर्यवीर 108 गेंदों पर 19 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 114 रन बनाकर आउट हो गए। विकेटकीपर-बल्लेबाज वंश जेटली ने 43 रन जोड़े, जिसके बाद धन्या नाकरा और आर्यवीर ने पारी को आगे बढ़ाया और गुरुवार को खेल समाप्त होने तक 468/2 के स्कोर पर 208 रन की बढ़त हासिल कर ली। मेघालय के कप्तान दीपांकर बरुआ ने दिल्ली की गति को रोकने के लिए विभिन्न गेंदबाजी संयोजनों की कोशिश की।





# एआई की तैयारी वाले शीर्ष 10 देशों में भारत भी शामिल : रिपोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की तैयारी में शीर्ष दस देशों में भारत भी शामिल है, और देश में एआई के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र में परिवर्तन की अपार संभावनाएं दिखाई दे रही है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) की 73 अर्थव्यवस्थाओं के आंकड़ों पर आधारित रिपोर्ट से पता चला है कि भारत एआई विशेषज्ञों में दुनिया भर में दूसरे स्थान पर है और एआई से संबंधित पेटेंट में मजबूत आधार के साथ शोध प्रकाशनों में तीसरे स्थान पर है। दूसरी ओर, अध्ययन की गई 70 प्रतिशत से अधिक अर्थव्यवस्थाएं पारिस्थितिकी तंत्र भागीदारी, कौशल और अनुसंधान एवं विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में औसत से नीचे स्कोर करती हैं। बीसीजी के टेक्नोलॉजी और डिजिटल एडवांटेज प्रैक्टिस के इंडिया लीडर, सैबल चक्रवर्ती ने कहा, "एआई के क्षेत्र में भारत की अग्रणी भूमिका कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा जैसे उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने पर देश के जोर को रेखांकित करती है। एआई की तैयारी में शीर्ष 10 देशों में से एक के रूप में भारत में एआई के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र में बदलाव की अपार संभावनाएं हैं।''




भारत में बीसीजी के सार्वजनिक क्षेत्र अभ्यास का नेतृत्व करने वाले मारियो गोंसाल्वेस ने कहा, "एआई विशेषज्ञों में भारत विश्व स्तर पर दूसरे स्थान पर है और एआई से संबंधित पेटेंट में मजबूत आधार के साथ अनुसंधान प्रकाशनों में यह तीसरे स्थान पर है। रिपोर्ट ने आगे दिखाया कि एआई एक्सपोजर भारत में कई प्रमुख क्षेत्रों में फैला हुआ है। व्यावसायिक सेवाएं सकल घरेलू उत्पाद का 16 प्रतिशत हिस्सा हैं और सरकारी संचालन के लिए प्रशासनिक दक्षता में संभावित सुधार के साथ महत्वपूर्ण एआई एक्सपोजर है। खुदरा और थोक व्यापार जीडीपी का 10 प्रतिशत हिस्सा है, जहां एआई सार्वजनिक वितरण और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन को सुव्यवस्थित कर सकता है, जिससे नुकसान कम होता है। वहीं सार्वजनिक सेवाएं जीडीपी का 6 प्रतिशत हिस्सा हैं।

# भारत में एप्पल के ऐप स्टोर पर एक्स नंबर 1 न्यूज ऐप : मस्क

**नई दिल्ली।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ और संस्थापक एलन मस्क ने शुक्रवार को दावा किया कि उनका सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स भारत में एप्पल के ऐप स्टोर पर नंबर वन न्यूज ऐप है। डोजीडिजाइनर (मस्क से जुड़ा एक अकाउंट) की पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए, एक्स पर मस्क ने लिखा, "एक्स अब भारत में न्यूज के लिए नंबर 1 है। हालांकि, यह प्लेटफॉर्म गूगल प्ले स्टोर पर न्यूज और मैगजीन की टॉप चार्ट लिस्ट में शामिल नहीं है। भारत में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के यूजर्स की संख्या लगभग 25 मिलियन (2.50 करोड़) से ज्यादा है, जो दुनियाभर में एक्स का तीसरा सबसे बड़ा यूजरबेस है। इस उपलब्धि की सराहना करते हुए, यूजर्स ने सुझाव दिया कि मस्क को इस प्लेटफॉर्म पर क्रिकेट की लाइव-स्ट्रीमिंग भी शुरू करनी चाहिए, जो "भारत में हर चीज के लिए एक्स को नंबर 1 बना देगा। एक यूजर ने पोस्ट किया, "एक्स पर क्रिकेट देखने का बेहतर अनुभव होना बहुत बढ़िया होगा! एक्स वह जगह है, जहां पूरा भारत खेल के बारे में बात करने के लिए आता है।



# सेंसेक्स व निफ्टी में तेजी के साथ अदाणी ग्रुप के शेयरों ने की दमदार वापसी

**मुंबई।** अदाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में शुक्रवार को खरीदारी देखने को मिली। इस तेजी का नेतृत्व ग्रुप की सीमेंट कंपनियों द्वारा किया गया। अंबुजा सीमेंट और एसीसी के शेयरों ने तेजी का नेतृत्व किया और दोनों स्टॉक क्रमशः 3.81 प्रतिशत और 3.30 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए। ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में 2.12 प्रतिशत की तेजी और अदाणी पोर्ट्स के शेयर में 2.09 प्रतिशत का इजाफा हुआ। इसके अलावा अदाणी टोटल गैस और एनडीटीवी के शेयर क्रमशः 1.51 प्रतिशत और 0.85 प्रतिशत बढ़कर बंद हुए हैं। अमेरिकी सरकारी विभाग के आरोपों के बाद अदाणी ग्रुप के शेयरों में गुरुवार को भारी गिरावट देखने को मिली थी। हालांकि, ग्रुप ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए खंडन किया है।

# वॉट्सऐप ने पेश किया नया फीचर वॉयस मैसेज को पढ़ना होगा आसान

**नई दिल्ली।** मेटा का लोकप्रिय चैटिंग ऐप वॉट्सऐप यूजर्स के लिए एक नया फीचर लेकर आया है। कंपनी ने वॉयस मैसेज ट्रांसक्रिप्ट नाम से नया फीचर पेश किया है। जिससे यूजर्स वॉइस मैसेज को टैक्स्ट में बदल सकेंगे। कंपनी का कहना है कि यह नया फीचर यूजर्स की बातचीत को बाधित नहीं करेंगे और वो चैटिंग के दौरान दूसरा कोई भी काम कर सकते हैं। वॉट्स ऐप का ये नया फीचर दुनिया भर के यूजर के लिए कुछ सप्ताह में शुरू कर दिया जाएगा। ये फीचर पहले कुछ भाषाओं में और बाद में दुनिया भर की भाषाओं में उपलब्ध होगा। वॉट्सऐप ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा है कि दोस्तों और परिवार वालों को वॉयस मैसेज भेजना और भी ज्यादा पर्सनल हो जाता है। कंपनी ने कहा, "अपनों से दूर रहते हुए उनकी आवाज सुन पाना बेहद खास होता है। हालांकि, कई बार आप एक ऐसी स्थिति और भीड़ भरी जगह पर होते हैं जहां आप उस काम को छोड़कर चैट के बीच एक लंबे वॉयस मैसेज को नहीं सुन पाते हैं।

# ईमानदारी पूर्वक दिए गए दायित्वों का निर्वहन करें : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** विधानसभा चुनाव के तहत शनिवार को होने वाले मतगणना के कार्य के सफल संचालन के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने मतगणना क्षेत्र व परिसर के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों के साथ विधि-व्यवस्था संधारण के लिए संयुक्त ब्रीफिंग किया। झारखंड विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिले के लातेहार और मनिका विधानसभा क्षेत्र में मतगणना पॉलिटेक्निक कॉलेज में बने मतगणना केंद्र में शनिवार को किया जाना है। इसके लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था पॉलिटेक्निक कॉलेज में की गई है। सुबह आठ



बजे से मतों की गिनती शुरू होगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सबसे पहले पोस्टल बैलेट से पड़े वोटों की गणना होगी। सुबह साढ़े आठ बजे से ईवीएम के मतों की गिनती शुरू की जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने ब्रीफिंग में सभी को कहा कि दंडाधिकारी,पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, कर्मी जिनकी भी नियुक्ति की गई है। सभी अपने-अपने निर्धारित समय से पूर्व अपने स्थल पर पहुंच ईमानदारी पूर्व दिए गए। कार्य दायित्व का निर्वहन करेंगे। मतगणना केंद्र में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी हॉल में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के साथ कोई भी प्रवेश नहीं करें यह सुनिश्चित करेंगे। वाहनों के प्रवेश को लेकर भी प्रतिबंध लगाया गया। इसके अलावे उन्होंने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रवेश द्वार, मीडिया सेंटर, इंट्री पंजी, मतगणना केंद्र, बहाल सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, पेय जल की व्यवस्था समेत अन्य का जायजा लिया गया। उन्होंने कहा मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े इसके लिए सभी आपस में समन्वय बनाते हुए कार्य करें। मौके पर उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मतगणना स्थल तैयार, आज सुबह 9 से 10 बजे के बीच आने लगेंगे रुझान



### सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था, तीन लेयर किए गए सुरक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**


**लातेहार।** शनिवार की सुबह की किरण जैसे-जैसे तिखा होते चली जाएगी वैसे-वैसे प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की धकड़कने तेज होती चली जाएगी। दोपहर बाद किस प्रत्याशी की जीत होगी उसका फैसलों का रूझान आना शुरू हो जायेगा। मतगणना को लेकर लातेहार जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता ने बताया कि लातेहार जिले के दोनों विधानसभा मनिका और लातेहार के लिए सुबह आठ बजे से गिनती शुरू हो जाएगी। इसे लेकर प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार जिला प्रशासन ने विधानसभा चुनाव के मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करा ली है, वैसे ही मतगणना का कार्य भी शांतिपूर्ण संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इवीएम और वीवीपैट को कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में रखा गया है, जहां पर तीन लेयर में सुरक्षाकर्मी तैनात किये गये हैं और मजिस्ट्रेट की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। स्ट्रांग रूम पर सीसीटीवी कैमरे से भी नजर रखी जा रही है। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी नियमित निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देश पर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा तीन लेयर पर रखी गई है। पॉलिटेक्निक कॉलेज का चप्पा-चप्पा सीसीटीवी कैमरे की जद में है। लातेहार विधानसभा क्षेत्र के लिए 23 राउंड की गिनती होगी, जबकि मनिका विधानसभा के लिए 21 राउंड में गिनती होगी। इसके लिए 16-16 टेबल बनाए गए हैं। बता दें कि लातेहार से 11 और मनिका से 9 प्रत्याशी हैं मैदान में है।

# एक करोड़ 22 लाख रुपए का डोडा बरामद तस्करी में शामिल किसी की गिरफ्तारी नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** डोडा तस्कर के मनसूबे को लातेहार पुलिस ने पानी फेर दिया। ट्रक में बैंगन के ढ़ेर के नीचे डोडा छिपाकर ले जाते एक ट्रक को लातेहार पुलिस ने जब्त किया है। जब्त डोडा की अनुमानित मूल्य एक करोड़ 22 लाख रुपए का डोडा (पोस्ते के पौधे व फल का चूर) बरामद किया है। बरामद डोडा का कुल वजन 815.200 किलोग्राम है। इस कुल 53 बोरा में पैक कर बैगन लदी एक ट्रक से बाहर ले जाया जा रहा था। दरअसल पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली कि लातेहार से मनिका जाने वाली मुख्य सड़क पर लातेहार थाना क्षेत्र के एस्सार पेट्रोल पंप के सामने एक लाईन होटल के पास सड़क किनारे एक ट्रक में बैंगन लदा है। बैंगन के नीचे भारी मात्रा में पोस्ता के पौधे





का डोडा लोड है। सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविन्द कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम में लातेहार थाना के पुअनि विक्रांत कुमार उपाध्याय व भागीरथ पासवान, एसटी, एससी थाना प्रभारी, पुअनि रंजन कुमार पासवान, राजा दिलावर व सअनि कुबेर प्रसाद देव साथ सशस्त्र बल शामिल थे। छापामारी टीम एस्सार पेट्रोल पंप के सामने लाईन होटल के पास पहुंची। टीम के सदस्यो ने जब उक्त वाहन की तलाशी ली तो ट्रक में बैंगन लदा था और बैगन को हटाने पर उसके नीचे प्लास्टिक के बोरे में कुछ संदिग्ध सामान पाया गया। बोरा खोलने पर उसमें पोस्ते के पौधा व फल का चूर (डोडा) एक-एक कर बोरे को बाहर निकालने पर कुल 53 बोरा डोडा पाया गया। खोजबीन के बाद आस पास वाहन चालक व मालिक का पता नहीं चल पाया।

# मतगणना को लेकर 200 मीटर की परीधि में निषेधाज्ञा लागू

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** विधानसभा आम चुनाव 2024 अंतर्गत 80 गढ़वा-रंका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र व 81 भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए मतगणना कार्य शनिवार को प्रातः 08.00 बजे से गढ़वा बाजार समिति स्थित मतगणना हॉल में होगा। इस दौरान भीड़ जमा होने से विधि-व्यवस्था, शांति व्यवस्था भंग होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। मतगणना कार्य को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने व मतगणना के बाद परिणाम घोषणा के क्रम में लोक शांति तथा विधि-व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से संजय कुमार अनुमंडल दंडाधिकारी, गढ़वा सदर ने प्रातः 05.00 बजे से मतगणना अवधि व मतगणना समाप्ति तक धारा 163 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए गढ़वा बाजार समिति स्थित मतगणना स्थल सह



बज्रगृह के 200 मीटर की परिधि में आवश्यक निषेधाज्ञा जारी किया है। उक्त धारा के तहत मुख्यतः 9 प्रकार के निषेधाज्ञा लागू किये गए हैं। उनमें मतगणना कार्य हेतु प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, सरकारी कर्मचारी, पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल, चुनाव कार्य में लगे कर्मियों, मतगणना कर्मियों को छोड़कर शेष के लिए पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का मतगणना केन्द्र के 200 मीटर की परिधि पर जमावड़ा वर्जित रहेगा।

## न्यूज बॉक्स

### प्रखंड क्षेत्र में बढ़ी ठंड,अलाव की मांग

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों ठंड का प्रकोप काफी बढ़ा है। लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। ठंड बढ़ने से गरीब व आम जनों के साथ साथ राहगीरों के साथ समस्या बढ़ने लगी है। ठंड को देखते हुए आम लोगों ने प्रखंड प्रशासन से विभिन्न चौक चौराहों पर अलाव की मांग की है। लोगों ने अंचलाधिकारी से इंदिरा गांधी चौक,सुभाष चौक,रेलवे स्टेशन,बस स्टैंड,मुख्य बाजार में समेत अन्य कई स्थानों पर अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है ताकि आम जनों को राहत मिल सके।

### साइकिल के रिम में हाथ फंसने से बच्चा घायल

**बालूमाथ।** प्रखंड क्षेत्र के शेरेगड़ा पंचायत अंतर्गत जाला ग्राम निवासी रोहित उरांव (8 वर्ष) पिता राजेंद्र उरांव का साइकिल के रिम में हाथ जाने से एक अंगुली कट गया। जिससे हाथ से काफी खून आने लगा। बच्चा को जख्मी अवस्था में आनन-फानन में परिजन ने बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने प्राथमिक उपचार कर उचित इलाज के लिए रेफर कर दिया।

### आग से जलकर बच्चा घायल

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित हरिजन टोला में चार वर्षीय बच्चा प्रिंस कुमार पिता बूटू भुइयां घायल हो गया है। उसे परिजनों ने बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। डॉक्टर अमरनाथ ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रिंस घर के बाहर बच्चों के साथ ठंड से बचने के लिए आग के पास बैठा था। इस दौरान आग की लपेट प्रिंस गिरने से वह जलकर घायल हो गया।

### चार गाड़ी मवेशी के साथ पांच गिरफ्तार, भेजा जेल

**कुन्दा\चतरा।** जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र अंतर्गत टुनगुन मोड़ के पास से पुलिस ने मवेशी लदे चार पिकप वैन को जब्त किया है। साथ ही चारों वाहनों के चालकों के साथ एक अन्य सहयोगी को भी पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया है। यह जानकारी लावालौंग थाना प्रभारी रुपेश कुमार राय ने दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बगरा मोड़ से लावालौंग होते हुए कुंदा की तरफ मवेशी लदे चार पिकअप वैन जा रहे हैं। सूचना मिलते ही टुनगुन मोड़ के पास छापेमारी के लिए टीम को तैनात कर दिया व मोड़ के पास पहुंचते ही बिना वाहन के साथ वाहन में मौजूद पांचो लोगों को हिरासत में ले लिया गया। सदर थाना क्षेत्र निवासी वाहन चालक नौशाद आलम, एजाज अख्तर, मो. उमर एवं मो. नौशाद व सिमरिया थाना क्षेत्र के सहयोगी मो. सोहेल शामिल है। उन्हें प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया है। वाहन मालिकों पर भी मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि वह मवेशियों को लेकर बिहार ले जा रहे थे।

## मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंध डीसी व एसपी ने बैरिकेडिंग का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित जिले के सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करने के बाद शनिवार को मतगणना चतरा कॉलेज चतरा में कराने की तैयारी जिला प्रशान ने पूरी कर ली है। इसके लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था चतरा कॉलेज चतरा में की गई है। सुबह आठ बजे से मतों की गिनती शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट से पड़े वोटों की गणना होगी। सुबह साढ़े आठ बजे से ईवीएम के मतों की गिनती शुरू की जाएगी। मतगणना के कार्य के सफल संचालन के लिए शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय ने मतगणना क्षेत्र व परिसर के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों के साथ विधि-व्यवस्था संधारण के लिए संयुक्त ब्रीफिंग किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्र के वोटों की मतगणना



की जानी है। इसके सफल संचालन के लिए सभी के साथ संयुक्त ब्रीफिंग किया जा रहा है। जिनकी भी प्रतिनियुक्ति की गई है वह अपने निर्धारित समय से पूर्व अपने स्थल पर पहुंच ईमानदारी पूर्व दिए गए कार्य दायित्व का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थ और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी सूरत में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और नशीले पदार्थों के साथ कोई भी प्रवेश ना करें, यह सुनिश्चित करेंगे। वाहनों के प्रवेश को लेकर भी प्रतिबंध लगाया गया। इसके अलावा उन्होंने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने हेरूआ डैम, बाईपास रोड, विकास भवन गेट समीप बनाए गए बैरिकेटिंग का भी निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी को कई निर्देश दिया।

## रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा के मद्देनजर स्पेशल ट्रेनों का होगा परिचालन

**मोहम्मदगंज।** रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा के मद्देनजर पटना-रांची और बरौनी-धनबाद के अलावा गढ़वा रोड-बिलासपुर के मध्य भी इसे लेकर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी हाजीपुर जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। इसमें उन्होंने बताया है कि गढ़वा रोड-बिलासपुर परीक्षा स्पेशल 24 एवं 27 नवंबर को गढ़वा रोड से 06.00 बजे खुलकर उसी दिन 23.00 बजे बिलासपुर पहुंचेगी। वापसी में बिलासपुर-गढ़वा रोड परीक्षा स्पेशल 25 एवं 29 नवंबर को बिलासपुर से 20.00 बजे खुलकर अगले दिन 11.30 बजे गढ़वा रोड पहुंचेगी। अप एवं डाउन दिशा में यह परीक्षा स्पेशल डालटनगंज, बरवाडीह, लातेहार, टोरी, खलारी, पतरातू, बरकाकाना, मूरी, टाटा, चक्रधरपुर, राउरकेला एवं झारसुगुड़ा स्टेशनों पर रूकेगी । इस स्पेशल ट्रेन में साधारण श्रेणी के 14 कोच होंगे।

# 16 लाख रुपए का 100 मोबाइल बरामद, दो गिरफ्तार

### एक आरोपी फरार, पुलिस कर रही छापेमारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** पुलिस ने मझिआंव स्थित मां वैष्णवी मोबाइल दुकान में 13 नवंबर को हुई चोरी का खुलासा करते हुए 16 लाख रुपए मूल्य के 100 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फरार है। गढ़वा के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि मझिआंव बाजार की मां वैष्णवी मोबाइल दुकान में वेंटिलेटर तोड़कर 105 स्मार्टफोन चोरी कर लिए गए थे। इस मामले में सुमित कुमार द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने तकनीकी सेल की मदद से छापेमारी अभियान चलाया। पहली सफलता भगोडीह गांव से मिली, जहां कृष्णा कुमार चौधरी



के घर से मोबाइल बरामद हुआ। पूछताछ में कृष्णा ने खुलासा किया कि चोरी की घटना को उसका साला मुकेश कुमार (मैराल थाना क्षेत्र के सोहबरिया गांव) और गढ़वा थाना क्षेत्र के डटमा निवासी बसंत चौधरी ने अंजाम दिया था। मेराल थाना क्षेत्र के सांवरिया गांव से अन्य मोबाइल भी बरामद किए गए। कुल मिलाकर पुलिस ने 100 मोबाइल बरामद किए, जिनकी कुल कीमत लगभग 16 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मौके इस मामले में कृष्णा कुमार चौधरी, मुकेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। एक अन्य आरोपी बसंत चौधरी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

**बदहाली**

## यातायात और स्वास्थ्य पर खतरा

# सड़कों पर थ्रेसर से धान की कुटाई बनी समस्या



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** केतार और भवनाथपुर क्षेत्रों में इन दिनों धान की कटाई और कुटाई का कार्य जोरों पर है। खेतों से धान काटकर थ्रेसर के माध्यम से धान की दवाई की जा रही है, लेकिन कई लोग मुख्य सड़कों पर थ्रेसर लगाकर यह कार्य कर रहे हैं। इससे न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भी गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### धूल और भूसी से बढ़ी समस्याएं

धान की कुटाई के दौरान उड़ने वाली धूल और भूसी सड़कों पर फैल जाती है, जिससे बाइक और साइकिल सवारों के लिए दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। इसके अलावा, हवा में फैली धूल श्वसन संबंधी समस्याएं पैदा कर रही है, जिससे बुजुर्ग और बच्चों को अधिक दिक्कत हो रही है। राहगीरों को रूक कर इंतजार करना पड़ रहा है। केतार और भवनाथपुर थाना क्षेत्र के निवासियों ने प्रशासन से अपील किया है कि मुख्य सड़कों पर थ्रेसर संचालन पर रोक लगाई जाए। उनका कहना है कि इस कार्य के लिए खेतों या अन्य खुले स्थानों का उपयोग होना चाहिए। ऐसा करने से आम जनता की सुरक्षा और पर्यावरणीय स्वच्छता सुनिश्चित की जा सकती है।

### प्रशासन से अपेक्षाएं

ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन से उम्मीद है कि वह जल्द ही इस समस्या का समाधान करेगा। सड़कों पर थ्रेसर संचालन रोकने के लिए कड़े कदम उठाने और किसानों को जागरूक करने की आवश्यकता है। इसके अलावा, सार्वजनिक स्थानों पर अव्यवस्था फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। सभी की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए किसानों को भी जिम्मेदारी दिखाते हुए अपने कार्य खेतों में सीमित रखने चाहिए। इससे एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण बनाया जा सकेगा।

## दंगवार ओपी ने चोर को पकड़ा, भेजा जेल

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के दंगवार ओपी पुलिस ने एक व्यक्ति को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। पकड़ा गया चोर सोमनाथ चौधरी औरंगाबाद जिला के ओबरा थाना अंतर्गत नवनेर गांव का निवासी है। वह चौखंडी गांव के बुढ़वा महादेव मंदिर में ग्रामीणों व पुलिस के सहयोग चोरी करते रंगेहाथ पकड़ा गया है। चोर ने दंगवार ओपी के चौखंडी गांव के बुढ़वा महादेव मंदिर व कजरात नावाडीह स्टेशन के पास कररबार नदी के तट पर अवस्थित सूर्य मंदिर में हुए चोरी करने की बात को स्वीकार कर लिया है। दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि पुलिस ने चोर के पास से चोरी की मेमोरी चिप, समरसिबल, साउंड मिक्सिंग मशीन,आहूजा कंपनी का चार यूनिट,दो माइक, तार,एक कंबल सहित कई सामग्री को जब्त किया है। ग्रामीणों ने बताया कि चोरों ने लगातार छह बार उक्त मंदिर से चोरी की थी, उसके बाद से चोर को पकड़ने के लिए लगातार रतजगा कर रहे थे।

## पेज एक के शेष

### 05:00 बजे शाम...

सबसे कम 13 राउंड की मतगणना तोरपा विधानसभा क्षेत्र की होगी। लिट्टीपाड़ा में भी सिर्फ 14 राउंड की मतगणना होगी। सर्वाधिक 27 राउंड की मतगणना चतरा विधानसभा क्षेत्र की होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि राज्य के वोटर से लेकर प्रत्याशी और राजनीतिक दल तक कानून का सम्मान करते हैं, इसलिए विजय जुलूस आदि को लेकर झड़प की संभावना नहीं के बराबर है। लेकिन, स्थानीय प्रशासन कानून व्यवस्था को बनाए रखने की अपनी तैयारी रखता है। उन्होंने कहा कि 25 नवंबर तक चुनावी प्रक्रिया पूरी कर लेनी है, लेकिन हमारा प्रयास है कि प्रक्रिया को 24 नवंबर तक ही पूरा कर लें। झारखंड में सर्वाधिक मतदान पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि विजयी प्रत्याशियों की सूची राज्यपाल को सौंपने के साथ चुनावी प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

### डालटनगंज में डेढ़...

देखकर उनसे पूछताछ की गई। बाद में सामान का सर्च करने पर उनके पास से डेढ़ किलो अफीम बरामद किया गया। आरपीएफ के अनुसार, तीनों तस्कर डालटनगंज रेलवे स्टेशन से पैसेंजर ट्रेन पकड़कर डेहरी और फिर वहां से वाराणसी जाते। फिर चंडीगढ़ के लिए रवाना होते। चंडीगढ़ में अफीम की डिलीवरी देनी थी। तीनों अफीम हैंडलर हैं। तरहसी से उन्हें किसने अफीम दी, चंडीगढ़ में किसे अफीम देनी थी, इसके लिए अनुसंधान किया जा रहा था। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि इन लोगों ने छठ से पहले भी अफीम की खेप चंडीगढ़ पहुंचाई थी। गिरफ्तार नागेंद्र तीन साल पहले हरियाणा में अफीम तस्करी करते गिरफ्तार हुआ था। एक साल पहले गांव आया था। यहां आने के बाद फिर इसी कारोबार से जुड़ गया।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## नेपाल ने बीआरआई प्रोजेक्ट पर सहमति बनाने को किया टास्क फोर्स का गठन

**काठमांडू।** नेपाल की ओली सरकार ने चीन के बेल्ट एंड रोड इनिसिएटिव (बीआरआई) प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन समझौते पर सहमति बनाने के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन के दो प्रमुख दलों के नेताओं की एक टास्क फोर्स का गठन किया है। इस टास्क फोर्स को तीन दिनों के भीतर एक साझा समझौते का ड्राफ्ट बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और नेपाली कांग्रेस के सभापति शेर बहादुर देउबा की सहमति से दोनों दलों के दो-दो नेताओं का टास्क फोर्स गठित किया गया है।

## लेबनान में 8.80 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं : संयुक्त राष्ट्र



**संयुक्त राष्ट्र)।** देश छोड़ने के आदेश और हवाई हमलों के कारण लेबनान में आठ लाख 80 हजार से अधिक लोग अपने घर छोड़ने पर मजबूर हुए हैं। इनमें से पांच लाख से ज्यादा लोग सीरिया भाग गए। यह जानकारी मानवीय क्षेत्रों में काम करने वाले संयुक्त राष्ट्र के संगठनों ने दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने एक बयान में कहा कि लेबनान में बचे हुए लोगों की खाद्य सुरक्षा पर असर पड़ रहा है।

## चीनी समानव चंद्रयान मिशन ने प्रारंभिक मॉडल के अनुसंधान में किया प्रवेश

**बीजिंग।** चीनी समानव अंतरिक्ष उड्डयन परियोजना के प्रमुख डिजाइनर चो च्येनपिंग ने शनचेन में आयोजित छठी समानव अंतरिक्ष उड्डयन शोध महासभा में बताया कि चीन के समानव चंद्र सर्वेक्षण परियोजना में कुंजीभूत तकनीकों में महारत हासिल कर पुष्टि कार्य को गहराई तक पूरा किया गया है। अब चीन ने प्रारंभिक मॉडल के अनुसंधान में प्रवेश किया है। योजनानुसार चीन वर्ष 2030 से पहले चांद पर चीनियों की लैंडिंग का सपना पूरा करेगा और स्वतंत्रता से समानव चांद सर्वेक्षण क्षमता हासिल करेगा।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जापानी समकक्ष के साथ की महत्वपूर्ण बैठक

# भारत-जापान रक्षा क्षेत्र में सह-उत्पादन व सह-विकास में सहयोग बढ़ाने पर सहमत

एजेंसी



- दोनों देशों ने रक्षा संबंधों को किया मजबूत
- हवाई क्षेत्र में खोजी नई संभावनाएं

**वियनतियाने (लाओस)।** भारत और जापान ने शुक्रवार को वायु क्षेत्र में सहयोग के नए क्षेत्रों की खोज करने पर सहमति व्यक्त की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 11 वें आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस फोरम (एडीएमएम-प्लस) के मौके पर अपने जापानी और फिलीपींस के समकक्षों के साथ दो महत्वपूर्ण बैठक करके लाओस की अपनी तीन दिवसीय यात्रा का समापन किया। पहली बैठक में राजनाथ सिंह और जापानी रक्षा मंत्री जनरल नाकातानी ने दोनों देशों के बीच बढ़ते सहयोग और सहभागिता की सराहना की। उन्होंने 15 नवंबर को टोक्यो में 'यूनिफाइड कॉम्प्लेक्स रेडियो एंटीना' (यूनिकॉर्न) के ट्रांसफर के लिए कार्यान्वयन ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने को 'मील का पत्थर' बताया। यूनिकॉर्न एकीकृत संचार प्रणालियों वाला एक मस्तूल है, जो नौसेना प्लेटफार्मों की गोपनीय विशेषताओं को बेहतर बनाने में मदद करेगा। भारतीय नौसेना इन एडवांस सिस्टम को शामिल करने की कोशिश कर रही है। इनको देश में 'भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड' द्वारा जापानी सहयोग से सह-विकसित किया जाएगा। जब इसे लागू किया जाएगा, तो यह भारत और जापान के बीच रक्षा उपकरणों के सह-विकास एवं सह-उत्पादन का पहला मामला होगा। शुक्रवार की बैठक में दोनों रक्षा मंत्रियों ने 'रक्षा विनिर्माण क्षेत्र' में सह-उत्पादन और सह-विकास में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। साथ ही, दोनों देशों के बीच रक्षा उद्योग और प्रौद्योगिकी सहयोग के महत्व को दोहराया। बैठक के बाद जापानी रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, 'दोनों मंत्रियों ने सुरक्षा वातावरण में बहुपक्षीय रक्षा सहयोग और आदान-प्रदान के महत्व की पुष्टि की है, जो अपनी गंभीरता बढ़ा रहा है। इसके साथ ही लोकतंत्र और कानून के शासन जैसे मौलिक मूल्यों को साझा करने वाले देशों के साथ व्यापक रूप से मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की। आगे कहा गया कि 'दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक गहरा बनाने के लिए रक्षा सहयोग और आदान-प्रदान विकसित करने पर सहमति व्यक्त की और यह संदेश दिया कि बल या दबाव के जरिए मौजूदा स्थिति को बदलने के एकतरफा प्रयासों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

भारतीय रक्षा मंत्रालय के अनुसार, दोनों मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच आपूर्ति एवं सेवा समझौते के पारस्परिक प्रावधान पर चर्चा की। इसके अलावा भारतीय एवं जापानी सेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता को और बेहतर बनाने के लिए विभिन्न द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय अभ्यासों में सेनाओं की भागीदारी पर भी चर्चा हुई।

## नौकरी और रोजगार की परिभाषा को व्यापक बनाने की जरूरत : धर्मेंद्र प्रधान

### प्रधान व मंडाविया ने विश्व बैंक की 'जॉब्स एट योर डोरस्टेप' रिपोर्ट जारी की

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया के साथ 'जॉब्स एट योर डोरस्टेप : ए जॉब्स डायग्नोस्टिक्स फॉर यंग पीपुल इन सिक्स स्टेट्स' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की। ज्ञात हो कि विश्व बैंक शिक्षा मंत्रालय को राज्यों के लिए शिक्षण और परिणाम सुदृढ़ीकरण (स्टार्स) नामक कार्यक्रम में सहायता करता है, जिसमें हिमाचल प्रदेश, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और राजस्थान (सामूहिक रूप से स्टार्स राज्य) शामिल हैं। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नौकरियों और रोजगार की परिभाषा को व्यापक बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्रधान ने कहा कि रूपरेखा को व्यापक बनाया जाना चाहिए और आर्थिक अवसरों और सशक्तीकरण के परिप्रेक्ष्य से देखा जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को वैश्विक कौशल केंद्र में परिवर्तित के दृष्टिकोण के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मंत्री ने कहा कि देश की जनसंख्या वैश्विक अर्थव्यवस्था का चालक होगी।

उन्होंने कहा कि इसके लिए कौशल विकास की शुरुआत स्कूलों से ही होनी चाहिए और एनईपी-2020 में स्कूलों में कौशल विकास को मुख्यधारा में लाने की परिकल्पना की गई है। डॉ मनसुख मंडाविया ने अपने संबोधन में बताया कि पिछले बजट में हब-एंड-स्पोक मॉडल के अनुसार क्षेत्र-विशिष्ट कौशल और रोजगार की संभावनाओं का दोहन करने के लिए पाठ्यक्रम विकसित करने का प्रस्ताव किया गया था। उन्होंने रोजगार से परे नौकरी की परिभाषा को सही करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि अकादमिक शिक्षा में अनौपचारिक शिक्षा को शामिल करना महत्वपूर्ण है।

## ट्रंप ने मैट गेट्ज की जगह पाम बांडी को अटॉर्नी जनरल पद के लिए किया नामित



**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाम बांडी को अटॉर्नी जनरल पद के लिए नामित किया है। कांग्रेस सदस्य मैट गेट्ज ने गुरुवार को घोषणा की थी कि वह अटॉर्नी जनरल पद की नामांकन प्रक्रिया से हट रहे हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया साइट पर एक पोस्ट में कहा, मुझे फ्लोरिडा के महान राज्य की पूर्व अटॉर्नी जनरल, पाम बांडी को संयुक्त राज्य अमेरिका की हमारी अगली अटॉर्नी जनरल के रूप में घोषित करते हुए गर्व हो रहा है। पाम लगभग 20 वर्षों तक अभियोजक रहीं, जहां उन्होंने हिंसक अपराधियों पर बहुत सख्ती बरती और फ्लोरिडा के परिवारों के लिए सड़कों को सुरक्षित बनाया। फिर, फ्लोरिडा की पहली महिला अटॉर्नी जनरल के रूप में, उन्होंने घातक दवाओं की तस्करी और फेंटेनाइल ओवरडोज त्रासदी को रोकने पर काम किया।

## गुयाना में पहले भारतीय पीएम के रूप में सम्मान से गदगद मोदी लौटे

**17** साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने नाइजीरिया की यात्रा की

एजेंसी

**जॉर्जटाउन (गुयाना)।** भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना की अपनी तीन देशों की यात्रा पूरी कर नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। गुयाना के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें विमानतल पर भावपूर्ण विदाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने दौरे की शुरुआत नाइजीरिया से की थी। इसके बाद वे जी-20 समिट में हिस्सा लेने के लिए ब्राजील पहुंचे। फिर वहां से गुयाना की यात्रा पर पहुंचे। नाइजीरिया और गुयाना में प्रधानमंत्री मोदी को भरपूर सम्मान मिला। दोनों देशों ने प्रधानमंत्री को अपने सर्वोच्च सम्मान ने नवाजा। 17 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने नाइजीरिया की यात्रा की। करीब 50 साल बाद भारत के किसी प्रधानमंत्री ने पहली बार गुयाना का दौरा किया। गुयाना में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने गुयाना में वहां की नेशनल असेंबली को संबोधित किया।

इस ऐतिहासिक संबोधन में उन्होंने अंतरिक्ष और समुद्री क्षेत्रों में सहयोग की जरूरत पर जोर दिया। साथ ही, संघर्ष की जगह सहयोग को प्राथमिकता देने का संदेश दिया। प्रधानमंत्री मोदी गुयाना की संसद को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं।उन्होंने इस अवसर पर भारत और गुयाना के मजबूत संबंधों का स्मरण किया। दोनों देशों के साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और मानव-केंद्रित दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने गुयाना के लोगों का धन्यवाद किया, जिन्होंने उन्हें देश के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया। उन्होंने शांति और सहयोग के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया।



प्रवासी भारतीयों के बीच बोले मोदी


### भारत व गुयाना को अपनी समृद्ध संस्कृति पर गर्व

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुयाना में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आज आप सभी के बीच आकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। मुझे जो प्यार और स्नेह मिला है उससे मैं बहुत प्रभावित हूं। पीएम मोदी ने आभार जताते हुए कहा कि मैं राष्ट्रपति अली को अपने घर के दरवाजे मेरे लिए खोलने के लिए धन्यवाद देता हूं। आतिथ्य की भावना हमारी संस्कृति के मूल में है। मैं पिछले दो दिनों में इसे महसूस कर सकता हूं। उन्होंने कहा, मुझे गुयाना के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार 'ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस' प्राप्त करने पर बहुत सम्मानित महसूस हुआ। मैं इसके लिए गुयाना के लोगों को धन्यवाद देता हूं। यह 1.4 बिलियन भारतीयों का सम्मान है। यह 3 लाख मजबूत भारतीय-गुयाना समुदाय और गुयाना के विकास में उनके योगदान की मान्यता है। दो दशक पहले मैं गुयाना देश की यात्रा पर आया था। उस समय मेरे पास कोई आधिकारिक पद नहीं था। मैं एक यात्री के रूप में गुयाना आया था, जो जिज्ञासा से भरा था। अब मैं भारत के प्रधानमंत्री के रूप में इस भूमि पर वापस आया हूं।

## लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में 47 मरे, 22 घायल

**बेरूत।** लेबनान के पूर्वी प्रांत बालबेक-हर्मेल पर इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 47 लोगों की मौत हो गई है। इसके अलावा 22 अन्य लोगों के घायल होने की भी खबर है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, प्रांत के गवर्नर बशीर खोडर ने बताया कि हताहतों में प्रांत के विभिन्न शहरों और गांवों के लोग शामिल हैं। बचाव दल अब भी नष्ट घरों के मलबे के नीचे लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने नाम न बताने की शर्त पर शिन्हुआ को बताया कि इजरायली सेना ने गुरुवार को दक्षिणी और पूर्वी लेबनान में 48 हवाई हमले किए, जबकि दक्षिणी लेबनान के 18 सीमावर्ती कस्बों और गांवों पर करीब 100 गोले दागे गए।

## एजुकेशन/करियर



### इसरो ज्वॉइन कैसे करें

इसरो ज्वॉइन करने के कई तरीके हैं। इनमें पहला तरीका यह है कि आपको संबंधित विषय से ग्रेजुएशन करनी होगी और फिर इसरो प्लेसमेंट के समय आपको सेलेक्ट कर सकता है। इसके अलावा, आपके पास 11वीं-12वीं में मैथ्स, फिजिक्स विषय होने चाहिए और कम से कम 75 प्रतिशत या इससे अधिक मार्क्स स्कोर करना जरूरी है।

**ब**हुत सारे युवाओं का सपना होता है इसरो जैसी प्रतिष्ठित स्पेस एजेंसी में नौकरी करना। हालांकि, इसके लिए एकेडमिक्स में बहुत प्रदर्शन करना जरूरी है। यहां बताया गया है कि इसरो में नौकरी पाने का तरीका क्या है। किन तरीकों से आपको यहां नौकरी मिल सकती है। दुनिया की सबसे बड़ी स्पेस कंपनियों में शुमार इसरो में नौकरी करना बहुत सारे युवाओं का सपना होता है। स्पेस में रुचि रखने वालों और इस क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छा रखने वालों को मैथ्स की पढ़ाई करना बहुत जरूरी है। साथ ही, इस क्षेत्र में नौकरी पाने के लिए एकेडमिक्स में बहुत प्रदर्शन करना जरूरी है।

# इसरो में कैसे मिलती है नौकरी?

## यह कोर्स करके इस क्षेत्र में बना सकते हैं करियर

### बीटेक इन एवियॉनिक्स इंजीनियरिंग

- बैचलर्स और मास्टर्स इन फिजिक्स
- पीएचडी इन फिजिक्स
- एमटेक इन इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल, मैकेनेकिल और कंप्यूटर साइंस
- पीएचडी इन एयरोस्पेस इंजीनियरिंग
- मास्टर इन एस्ट्रोनॉमी
- पीएचडी इन एस्ट्रोनॉमी
- इन संस्थानों से कर सकते हैं कोर्स
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बैंगलुरु
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बॉम्बे
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस एंड टेक्नोलॉजी, तिरुवनंतपुरम
- आईआईटी, खड़गपुर
- आईआईटी, कानपुर
- बीटेक इन एयरोस्पेस इंजीनियरिंग



### इसरो का टेस्ट पास करें और चयन पूरा हो जाएगा

इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन सेंट्रलाइज्ड रिक्रूटमेंट बोर्ड द्वारा इसरो में भर्ती के लिए साल में एक बार टेस्ट आयोजित किया जाता है। ग्रेजुएशन के बाद इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा, यहां बताए गए कोर्स करने से भी इसरो जाने की राह आसान हो जाती है।

### यहां से करें ग्रेजुएशन

ग्रेजुएशन भी आपको देश के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे आईआईएससी, आईआईटी या एनआआईटी से करनी होगी। सबसे जरूरी है कि ग्रेजुएशन बीटेक फिजिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन, एयरोस्पेस इंजीनियरिंग जैसे विषयों से करें। सबसे तेज तरीका यह है कि आप इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस टेक्नोलॉजी में सिलेक्ट हो जाएं। इसरो हर साल अपनी जरूरत के हिसाब से यहां से छात्रों का चयन करता रहता है।